रांची, रविवार
05:11:2023
web: www.rashtriyakhabar.com

देश/विदेश 11 विनाशकारी भूकंप में 136 लोगों की मौत .. .. ..
झारखंड 9 डीडीसी ने पदाधिकारीयों संग ..
अभिव्यक्ति 6 इशारों इशारों में दिल लेने .. ... ...
विक्की कौशल ने शेयर की 10



अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 301
epaper.rashtriyakhabar.com
कार्तिक, कृष्णपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080



**शहर >> अपडेट**

## विधायक अंबा प्रसाद ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रांची:** झारखंड में बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर,मंत्री आलमगीर आलम, विधायक दीपिका पांडे सिंह के साथ मुलाकात कर राज्य में जातीय जनगणना, विस्थापन आयोग का गठन करने समेत आंदोलनरत कृषक मित्रों, स्वयंसेवक एवं जेटेट पास सभी की समस्याओं का स्थायी समाधान करने का अनुरोध किया। इस संबंध में विधायक अंबा प्रसाद ने आज बताया कि उक्त सभी मामलों को लेकर मैं पहले भी मुख्यमंत्री से मिली हूं और प्रभावित लोग अक्सर मेरे आवास पर इन मामलों को लेकर आते रहे हैं। विधायक ने कहा मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें सभी बातों को अवगत कराई।

**जनजातीय गौरव दिवस** विकास और रोजगार उपलब्ध कराने की रखेंगे मांग

# प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे उलिहातू के ग्रामीण!

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू आने वाले हैं। प्रधानमंत्री के उलिहातू दौरे से पहले ही जिला प्रशासन वहां बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में जुट गया है। आम लोगों तक बिजली, पानी और अन्य तरह की विकास योजनाएं पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों का मानना है कि सड़क और भवन बनाकर उलिहातू का कायाकल्प नहीं किया जा सकता, इसके लिए उन्हें स्वालंबन से जोड़ा जाए या रोजगार दे तभी उलिहातू का विकास संभव होगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वे प्रधानमंत्री से मिलेंगे और गांव के विकास के बारे में बात करेंगे।उलिहातू के वार्ड सदस्य सामुएल पूर्ति ने कहा कि उलिहातू के ग्रामीणों को एक योजना के तहत रोजगार से जोड़ा जाये। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सृजन योजना से जोड़कर भी रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। ग्रामीणों की मांग है कि उन्हें आसानी से लोन मिल सके, अगर उन्हें लोन मिलता है तो वे इसके जरिए खुद को आत्मनिर्भर बना सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहां माननीय लोग आते हैं लेकिन उनसे मिलने नहीं दिया जाता। इस बार वे प्रधानमंत्री से मिलकर गांव के विकास के लिए सीधे संवाद करना चाहते हैं। वे उलिहातू में पानी और अन्य समस्याओं के बारे में पीएम को बताना चाहता हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि पेयजल और सिंचाई की व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि वे खेती कर आत्मनिर्भर बन सकें।उलिहातू के ग्राम प्रधान नेलसन पूर्ति ने कहा कि उलिहातू गांव के विकास के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं, लेकिन अगर इस गांव के सभी लोग बेरोजगार होंगे तो यहां का विकास कैसे संभव हो पायेगा। ग्राम प्रधान ने कहा कि यदि एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भी नौकरी मिल जाये तो यहां का विकास अपने आप हो जायेगा। उलिहातू में सड़क और भवन बनाने से विकास नहीं हो सकता। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि पीएम के आगमन और मुलाकात के बाद यह संभव हो सकता है।जिले के डीसी लोकेश मिश्रा ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस मनाने को लेकर जिला प्रशासन दो महीने पहले से ही तैयारियों में जुटा हुआ है। गौरव दिवस जिले के लिए एक बड़ा आयोजन है और जिला प्रशासन इसे बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता। डीसी लोकेश मिश्रा ने कहा कि उलिहातू गांव के लोगों को बेहतर सुविधाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ कैसे मिले, इस पर लगातार काम किया जा रहा है। ग्रामीणों तक योजना समय पर पहुंचे इसके लिए वे लगातार संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ उलिहातू में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी कर रहे हैं। डीसी ने यह भी उम्मीद जताई है कि इस साल का कार्यक्रम पिछले साल से बेहतर होगा और गांव के बुनियादी ढांचे में भी सुधार होगा। 15 नवंबर तक सुविधाएं पहुंचायी जा सके, इसके लिए काम जारी है। उन्होंने कहा कि हर घर में पाइप कनेक्शन दिया जा रहा है ताकि लोगों को अपने घरों में पानी की आपूर्ति मिल सके।

झारखंड में कांग्रेस पार्टी के

## जिला अध्यक्षों और प्रभारियों की बैठक पांच को

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने 5 नवंबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा, रांची में पार्टी के जिलााध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आहूत की है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के तैयारी की समीक्षा करते हुए संगठन की पूर्णता एवं अन्य सांगठनिक तैयारी विषयक समयबद्ध कार्य निर्देश प्रदान जायेगी। विगत 19 अक्टूबर को पुनः वर्चुअल बैठक के माध्यम से भी प्रभारी अविनाश पाण्डें एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा उक्त विषयों पर केन्द्रित समयबद्ध कार्य प्रगति रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश भी दिया जा चुका है। इस बाबत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के माननीय अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिलाध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों को यह निर्देश दिया है कि अपने सभी जिलाध्यक्ष अपने जिला एवं विधानसभा प्रभारी अपने प्रभार के विधानसभा क्षेत्र से संबंधित प्रखंडों में प्रखंड, मंडल, पंचायत एवं बूथ स्तर तक संगठन निर्माण (अग्रणी संगठन विभाग, प्रकोष्ठ सहित) की अद्यतन जानकारी दिये गये प्रारूप में लेकर बैठक में ससमय उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोला

# सत्ता में रहकर सट्टा कारोबार चलाना छत्तीसगढ़ कांग्रेस की हकीकत: भाजपा

राष्ट्रीय खबर




**रांची:**भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कांग्रेस पर हमला बोला। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि छत्तीसगढ़ में भ्रष्ट सरकार है। बघेल सरकार में हुए महादेव बेटिंग ऐप स्कैंडल ने इसे साबित किया है। भाजपा शुरू से कहती आई है कि महादेव बेटिंग ऐप स्कैंडल को बघेल सरकार का संरक्षण और समर्थन प्राप्त था।यही कारण था कि इसकी आज तक जांच नहीं हुई।श्री वर्मा ने कहा कि ईडी की जांच से यह खुलासा हो गया है कि कांग्रेस की बघेल सरकार का साइड बिजनेस ही बेटिंग था। भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के विकास को बेटिंग पर डाल दिया।भूपेश बघेल ने सत्ता में रहकर सट्टा का बड़ा खेल खेला। सत्ता में रहते हुए सट्टा कारोबार में रहना यह कांग्रेस की हकीकत है। कांग्रेस पार्टी बड़े पैमाने पर वोट को खरीदने के लिए अवैध राशि का दुरुपयोग कर रही। कांग्रेस का लोकतंत्र को कलंकित करने का पुराना इतिहास रहा है।प्रदीप वर्मा के मुताबिक ईडी की जांच में भूपेश बघेल के खिलाफ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। ईडी जांच में यह बात सामने आई कि बेटिंग ऐप के प्रमोटर्स ने भूपेश बघेल को अबतक 508करोड़ रुपए के भुगतान किए हैं। ईडी ने कांग्रेस पार्टी के चुनावी खर्च केलिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए खास तौर पर संयुक्त अरब अमीरात से भेजे गए एक कैश कुरियर असीम दास को डिटेन किया है। ईडी ने असीम दास की कार और आवास से 5.39करोड़ रुपए की नकद राशि बरामद की ।इस संबंध में गिरफ्तार असीम दास ने स्वीकार किया कि जब्त की गई राशि महादेव ऐप के प्रमोटरों के द्वारा छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव खर्चों के लिए एक राजनेता बघेल को देने की व्यवस्था की गई थी। इस सट्टेबाजी सिंडिकेट के प्रमोटर्स विदेश में बैठे हैं। अपने दोस्तों, सहयोगियों की मदद से भारत भर में हजारों पैनल चला रहे हैं।ये खासकर छत्तीसगढ़ से हैं और उन्होंने इससे हजारों करोड़ रुपये कमाए हैं।भाजपा ने कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करते हुए सवाल पूछा कि क्या यह सत्य है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेताओं को शुभम सोनी के माध्यम से असीम दास पैसा पहुंचाते थे? असीम दास को एक वाइस मैसेज के माध्यम से ये आदेश दिया गया कि वो रायपुर जाएं और भूपेश बघेल को चुनाव खर्च के लिए पैसा दें? 2नवंबर को होटल टाइटन में असीम दास से पैसे बरामद हुए हैं? अलग अलग बैंक खातों से 15करोड़ रुपए प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत फ्रीज किया गया है? असीम दास नमक एक व्यक्ति से 5.30करोड़ रुपए से ज्यादा राशि बरामद हुआ है?प्रदीप ने कहा कि असीम दास से ईडी की हुई पूछताछ और उसके पास से बरामद फोन की फोरेंसिक जांच से महादेव नेटवर्क के उच्च पदस्थ आरोपियों में से एक शुभम सोनी,चंद्रभूषण वर्मा द्वारा भेजे गए ईमेल की जांच से भी चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर 121 दिनों से धरने पर बैठे पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ लगातार राजभवन के पास 121 दिनों से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। आज राज्यस्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ का 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ग्रामीण विकास मंत्री श्री आलमगीर आलम जी से मिले, पंचायती राज निदेशक निशा उरांव से मिले और वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मिले और संघ ने वित्त मंत्री को पांच सूत्री मांगों से अवगत कराया।इन पांच मांगों को जल्द पूरी करने की मांग की गई संघ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि दिनांक 7 नवंबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय के पास संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लागू करवाने के लिए नंग धड़ंग प्रदर्शन करेंगे।प्रदेश सचिव युगल किशोर ने कहा कि पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का काम करती है,गांव पंचायत के ग्रामीणों के बीच सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करती है। वंचित लाभुकों का डाटा बेस बनाने का काम पंचायत सचिवालय सेवकों के द्वारा किया जाता है। सभी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पंचायत सचिवालय सेवकों के द्वारा ग्रामीणों को दी जाती है। पंचायत में ग्रामीणों को सुविधा मिले इसके लिए भी स्वयंसेवक हमेशा तात्पर्य रहते है। स्वयंसेवक जितना कार्य पंचायत में करते हैं उतना कार्य वेतन पाने वाले एक सरकारी कर्मचारी भी नहीं कर पाते हैं।वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद, पावेल, उत्तम, अमित कुजूर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा ने यह मान लिया है कि छत्तीसगढ़ में वह चुनाव हार रही हैं :कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर जो आरोप भाजपा लगा रही है इससे यह साफ पता चलता है कि चुनाव पूर्व ही भाजपा ने यह मान लिया है कि हम छत्तीसगढ़ में चुनाव हार रहे हैं। श्री सिन्हा ने आज यहां कहा कि भाजपा जिस प्रकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है यह देश की जनता को पता है। कांग्रेस लोकतंत्र का निर्माण कर्ता है, लेकिन भाजपा उस लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि ईडी के जरिए भाजपा गैर भाजपा शासित राज्यों को किस प्रकार परेशान कर रही है और कैसे बिना साक्ष्य ईडी काम कर रही है यह किसी से छिपा नहीं है। श्री सिन्हा ने कहा कि भाजपा सिर्फ प्रेस कांफ्रेस कर कांग्रेस के उपर आरोप लगाने वाली पार्टी बनकर रह गयी है। भाजपा को छत्तीसगढ़ में पूरी तरह चुनाव हारने का डर सता रहा है और यही कारण है कि छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ झारखण्ड में भाजपा नेता प्रेस कांफ्रेस कर रहे हैं और सत्य से परे बिना सबूत के इल्जाम लगा रहे हैं, जो उनकी हताशा का परिचायक है।

**जासूसी** फोन पर जासूसी तो हर राज्य में होता आया है

# नक्सल और अपराध उन्मूलन की तकनीक का राजनीतिक इस्तेमाल

- जीएसएम इंटरसेप्टर की खरीद हुई थी
- ऑडिट नहीं होता तो जांच भी नहीं होती
- दो तरफा खेल में जुटे हैं कुछ बड़े अधिकारी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** अभी देश के चुनावी माहौल में फोन पर जासूसी का विवाद छिड़ गया है। यूं तो चुनाव के मौके पर हर मुद्दे पर विवाद का प्रारंभ होना आम बात है। इस बार फर्क सिर्फ यह है कि एप्पल जैसी कंपनी ने अपने आई फोन ग्राहकों को इसकी चेतावनी दी है। इसमें राज्य प्रायोजित जासूसी का उल्लेख करने की वजह से केंद्र सरकार परेशानी में है। इससे पहले भी केंद्र सरकार के इंकार के बाद भी यह स्पष्ट हो चुका है कि भारत सरकार ने इजरायली स्पाईवेयर पेगासूस की खरीद की थी। वैसे यह स्पाईवेयर भारतीय सेना के पास नहीं है, यह पहले ही स्पष्ट हो चुका है।

जासूसी पर जारी इस बहस के बीच इस बात पर कोई खुलकर चर्चा नहीं करता कि सिर्फ केंद्र सरकार ही नहीं बल्कि राज्य सरकारें भी अपने विरोधियों का मोबाइल फोन सुनती है। दुर्भाग्य इस बात का है कि इस तकनीक की खरीद की स्वीकृति सिर्फ अपराध और नक्सली गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए दी गयी थी। कुछ दिनों तक इन्हीं दो कार्यों के लिए इनका इस्तेमाल होने के बाद धीरे धीरे यह अंततः राजनीतिक हथियार बन गया।

अब झारखंड की बात करें तो यहां भी इस किस्म की जासूसी के लिए जीएसएम इंटरसेप्टरों की खरीद हुई थी। अलग अलग कालखंड में कुल कितने ऐसे उपकरण खरीदे गये हैं, इसका कोई हिसाब नहीं है। वैसे ग्रामीण इलाकों के पत्रकार इस बात की पुष्टि करते हैं कि किसी नक्सली से उनकी बात चीत होने के बाद ही संबंधित थाना के अफसरों का फोन आता है। इसके अलावा पूर्व में एक अधिकारी के निर्देश पर मुख्यमंत्री आवास के पास भी एक ऐसा केंद्र स्थापित किया गया था, जिसकी अनुमति भी नहीं थी। मामले को जमशेदपुर के विधायक सरयू राय ने उठाया था। बाद में यह मामला भी रद्दी की टोकरी में चला गया। अनेक अनुभवी राजनेता इस जासूसी को अच्छी तरह जानते हैं। इसलिए उनमें से कुछ लोग अपने मोबाइल पर कम बात करते हैं और अपने साथ चलने वालों को मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। दूसरी तरफ कुछ नेता कम समय के अंतराल में अपना मोबाइल भी बदल देते हैं। इससे साफ है कि राजनीति में सक्रिय लोगों को भी इस किस्म की जासूसी की जानकारी है। बावजूद इसके कोई भी नेता अथवा दल मजबूती से इस किस्म की तकनीक का दुरुपयोग रोकने पर सही तरीके से आवाज नहीं उठाता।

जासूसी के काम के लिए अधिकृत अधिकारी इस तकनीक का पूरा निजी लाभ झारखंड में भी उठा रहे हैं। वे एक नहीं सभी तरफ से मलाई खाने के लिए सरकारी पैसे से खरीदी गयी मशीनों से मिल रही जानकारी का चौतरफा उपयोग कर रहे हैं। सरकार में बैठे लोग उस माध्यम से मिली रही सूचनाओं से संतुष्ट हैं। दूसरी तरफ विरोधी नेताओं को भी इसी तकनीक से जानकारी देकर अपना संबंध बेहतर करने का कारोबार झारखंड में भी धड़ल्ले से चल रहा है।

**पेज एक का शेष**

### अस्सी करोड़ गरीबों को मुफ्त .. ..

भाजपा ने गरीबी को पराजित करने की लड़ाई बहुत धैर्य और ईमानदारी से शुरू की है। उसके लिए देश में सबसे बड़ी एक ही जाति बन गई है - गरीब। लेकिन गरीबों की एकता देख कर कांग्रेस के पेट में दर्द होने लगा है इसीलिए वह गरीबों को बांटना और उनकी एकता को तोड़ना चाहती है।

उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी में देश जब संकट में था तब तय किया गया था कि किसी गरीब को भूखा नहीं सोना चाहिए। उस समय देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त में राशन देने की योजना बनाई गई थी। यह गरीब कल्याण योजना दिसम्बर में पूरी हो रही है। उन्होंने कहा, मैंने निश्चय किया है कि 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की योजना अगले पांच साल और बढ़ाएंगे। यह कोई चुनावी वादा नहीं, मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत छत्तीसगढ़ के किसी भी गरीब को देश के किसी भी कोने में भूखा नहीं रहना पड़ेगा। श्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ को बने 25 साल होने वाले हैं और अगले 25 साल यहां के युवाओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। छत्तीसगढ़ को टॉप 10 राज्यों में से एक बनाना है। केन्द्र ने रेलवे के क्षेत्र में 20 गुना और राष्ट्रीय राजमार्ग के मद में 15 गुना बजट दिया है। खेती एवं पशुपालन के लिए एक लाख करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र में छत्तीसगढ़ के किसानों से जो वादे किए गए हैं, उन्हें सरकार अवशय पूरा करेगी।

### अंतरिक्ष में सब्जी उगाने ...

खाकर लंबे समय तक मिशन में जीवित रह सकते हैं। शेनझोउ-16 मिशन 2021 में अपने अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चीन का पांचवां मानवयुक्त मिशन है। इस मिशन के अंतरिक्ष यात्री इसी साल 31 अक्टूबर को धरती पर लौटे थे। हालाँकि, चीन का लक्ष्य फिलहाल 2030 से पहले चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने का है।

### भारत की आठ दिवसीय यात्रा .. .. ..

के साथ पीठासीन देवी की पूजा की। धार्मिक सीमाओं से परे आध्यात्मिक श्रद्धा के इस अनूठे कार्य ने उपस्थित सभी लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी कामाख्या मंदिर की यात्रा के दौरान राजा वांगचुक के साथ थे और उनकी सहायता की। मंदिर के मुख्य पुजारी कबींद्र प्रसाद सरमा ने कहा, बौद्ध धर्म और हिंदू धर्म उनके लिए बाधा नहीं बल्कि एकता का बंधन हैं। राजा ने मंदिर में प्रवेश करने की इच्छा व्यक्त की और हम उसे अंदर ले गये। पुजारियों ने कामाख्या देवी प्रणाम मंत्र का जाप किया। मंदिर छोड़ने के बाद, राजा ने परिक्रमा की और एक दीया जलाया, जो विभिन्न धर्मों के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व का प्रतीक था।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ऐतिहासिक यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ड्रुक ग्यालपो की यात्रा असम के लिए एक बड़ा सम्मान है। यह यात्रा हमारे देशों के बीच प्राचीन संबंधों का एक प्रमाण है। आध्यात्मिक महत्व से परे, राजा वांगचुक की यात्रा पर्याप्त राजनयिक और आर्थिक महत्व रखती है। चचाएँ बुनियादी ढांचे की साझेदारी और स्वास्थ्य देखभाल सहयोग सहित द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित रहीं। मुख्यमंत्री सरमा ने माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की एक प्रमुख विदेश नीति पहल पड़ोसी पहले के सिद्धांत को मजबूत करने के लिए लोगों के उत्साह को व्यक्त करते हुए कहा कि राजा वांगचुक के दूरदर्शी नेतृत्व से असम को बहुत फायदा हुआ है।

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने शनिवार को असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनंद लिया।पहली बार असम की अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दूसरे दिन, भूटानी राजा ने गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से जोरहाट हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरी। जोरहाट हवाई अड्डे से वह सड़क मार्ग से राष्ट्रीय उद्यान गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और भूटान नरेश रात गुवाहाटी में डिजिटल द्विपक्षीय बैठक करेंगे। बैठक में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करने और संबंधों को आगे ले जाने के तरीकों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात .. ..

था। हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा व्यापार समूह के खिलाफ धोखाधड़ी वाले लेनदेन और शेयर-मूल्य में हेरफेर सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद अदानी समूह के शेयरों में गिरावट आई थी। अडानी समूह ने आरोपों को झूठ बताते हुए खारिज कर दिया है और कहा है कि वह सभी कानूनों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन करता है।

### चूहों ने इस वायरस को .. .. ..

विकसित हुए, जैसा कि पिछले माउस मॉडल के साथ हुआ था। सोल और जूडिथ बर्गस्टीन के निदेशक, वरिष्ठ अध्ययन लेखक जेफ बोके ने कहा, इन चूहों के जीवित रहने से पहला पशु मॉडल बनता है जो ज्यादातर लोगों में देखे गए सीओवीआईडी -19 के रूप की नकल करता है - सक्रिय प्रतिरक्षा प्रणाली कोशिकाओं और तुलनीय लक्षणों तक। यह इस वायरस के खिलाफ नई दवा विकसित करने के प्रयासों में एक प्रमुख गायब हिस्सा रहा है।

यह देखते हुए कि चूहे दशकों से प्रमुख आनुवंशिक मॉडल रहे हैं, बोके ने कहा, हजारों मौजूदा माउस लाइनें हैं जिन्हें अब हमारे मानवकृत एसीई2 चूहों के साथ संयोजित किया जा सकता है ताकि यह अध्ययन किया जा सके कि मधुमेह या मधुमेह के रोगियों में शरीर वायरस के प्रति अलग तरह से कैसे प्रतिक्रिया करता है। मोटापा, या जैसे-जैसे लोगों की उम्र बढ़ती है। नया अध्ययन डीएनए को संपादित करने की एक नई विधि के इर्द-गिर्द घूमता है, आनुवंशिक कोड के 3 अरब अक्षर जो हमारी कोशिकाओं और शरीर के निर्माण के लिए निर्देश के रूप में काम करते हैं। अभी हाल ही में, एक टीम ने अपनी यीस्ट तकनीकों को स्तनधारी आनुवंशिक कोड में अनुकूलित किया, जो न केवल प्रोटीन को एनकोड करने वाले जीन से बना है, बल्कि कई स्विचों से भी बना है जो विभिन्न सेल प्रकारों में विभिन्न स्तरों पर विभिन्न जीनों को चालू करते हैं। जीन को नियंत्रित करने वाले इस खराब समझे जाने वाले डार्क मैटर का अध्ययन करके, अनुसंधान टीम पहली बार उन कोशिकाओं के साथ जीवित चूहों को डिजाइन करने में सक्षम हुई जिनमें एसीई जीन गतिविधि के मानव-समान स्तर अधिक थे। अध्ययन लेखकों ने एक चरण में 200,000 अक्षरों तक के डीएनए अनुक्रमों को इकट्ठा करने के लिए खमीर कोशिकाओं का उपयोग किया, और फिर इन डीएनए को अपनी नई डिलीवरी विधि, एम स्वैप इन का उपयोग करके माउस भ्रूण स्टेम कोशिकाओं में वितरित किया।

### विशेषज्ञों की टीम भेजेगा .. .. ..

नेताओं ने दावा किया कि उन्हें एक एसएमएस और ईमेल के माध्यम से एप्पल से राज्य-प्रायोजित हमले की सूचना मिली थी। एप्पल के स्थानीय कार्यालय के सूत्र ने बताया कि वे स्थिति का आकलन कर रहे हैं और मामले की तात्कालिकता और इसकी गंभीरता को देखते हुए अपने मुख्यालय के साथ लगातार संपर्क में हैं। व्यापक परिप्रेक्ष्य में गोपनीयता और डिवाइस सुरक्षा मायने रखती है कि कुछ विशिष्ट अलर्ट क्यों जारी किए जाते हैं। अलर्ट में राज्य-प्रायोजित हमलावर शब्द के उपयोग के संबंध में, सूत्रों ने प्रकाशन को आगे बताया कि इसे तब लागू किया जाता है जब उल्लंघन का प्रयास अत्यधिक परिष्कृत होता है, जो बदले में, सरकारी स्तर के संचालन में विशेषज्ञता वाली कुछ एजेंसियों के काम को इंगित करता है।

इस बीच, सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी ने एप्पल की अधिसूचना के मुद्दे पर अपनी जांच शुरू कर दी है और कंपनी को एक नोटिस भेजा गया है, आईटी सचिव एस कृष्णन ने गुरुवार को कहा था। आईफोन निमार्ता कंपनी ने पहले एक बयान में कहा था कि यह संभव है कि कुछ खतरे की सूचनाएं गलत अलार्म हो सकती हैं और कुछ हमलों का पता नहीं चल सकता है। हालाँकि, इसने यह कहने से इनकार कर दिया कि विपक्षी नेताओं को किस वजह से चेतावनियां मिलीं।



अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर

## हमारी नज़र

web: www.rashtriyakhabar.com

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 301 epaper.rashtriyakhabar.com कार्तिक, कृष्णपक्ष अष्टमी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

कांश्चिदर्शान्निरः प्राज्ञो लघुमूलान्महाफलान।
क्षिप्रमारभते कुर्तं न विघ्नयति तादृशान॥

**भावार्थ** : बुद्धिमान व्यक्ति उस कार्य को शीघ्रता से आरंभ करता है और उसमें व्यवधान नहीं आने देता जिस कार्य में प्रयास/ लागत कम और प्राप्ति/ फल -लाभ बड़ा अधिक हो। इसी प्रकार के कार्यों को प्राथमिकता देना और पूर्ण करके ही छोड़ना समझदारी है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 16.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17 .08 बजे
सूर्योदय (कल) » 05 .54 बजे

## हमास नेता के घर पर मिसाइल दागी

**काहिरा:** हमास से संबद्ध अल-अक्सा रेडियो ने शनिवार को बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने हमास के नेता इस्माइल हानियेह के गाजा स्थित घर पर मिसाइल दागी, जो इस समय इलाके के बाहर है। यह स्पष्ट नहीं है कि जिस समय यह हमला हुआ उस समय उनके परिवार का कोई सदस्य घर पर था या नहीं। हमास के राजनीतिक प्रमुख हनिएह 2019 से गाजा पट्टी के बाहर तुर्की और कतर के बीच रह रहे हैं। इजरायली सेना धीरे धीरे आगे बढ़ते हुए उन सुरंगों का पता लगा रही है जो शहर के अंदर भूमिगत हैं और इनमें हमास के आतंकवादी तथा इजरायल से अपहरण कर लाये गये बंधक रखे गये हैं। इजरायल ने इनके खात्मे तक अपना अभियान बंद करने से साफ इंकार कर दिया है।

## नौसेना का अफसर हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारा गया

**कोच्चि:** यहां शनिवार दोपहर चेतक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से नौसेना के एक अधिकारी की मौत हो गई। रनवे पर मौजूद नौसेना अधिकारी की हेलिकॉप्टर के रोटर ब्लेड की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के ग्राउंड स्टाफ योगेन्द्र के रूप में हुई है। दक्षिण नौसेना कमान ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। आईएनएस गरुड़, कोच्चि में रखरखाव टैक्सी जांच के दौरान आज एक चेतक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसके परिणामस्वरूप एक ग्राउंड क्रू की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई। दुर्घटना के कारण की जांच के लिए एक बोर्ड ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है, यह दुर्घटना यहां दक्षिण नौसेना कमान मुख्यालय में आईएनएस गरुड़ रनवे पर दोपहर करीब 2.30 बजे हुई। शुरूआती रिपोर्टों में दावा किया गया है कि दुर्घटना में हेलिकॉप्टर के पायलट समेत दो लोग घायल हो गए। दोनों का नौसेना मुख्यालय के संजीवनी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## मुकेश अंबानी को धमकी देने में दो लोग गिरफ्तार

**मुंबई:** पुलिस ने उद्योगपति मुकेश अंबानी को कथित तौर पर कई धमकी भरे ईमेल भेजने के आरोप में शनिवार को तेलंगाना से 19 वर्षीय और गुजरात से 21 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि पिछले हफ्ते अंबानी को पांच ईमेल मिले थे, जहां भेजने वाले ने उनसे पैसे की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। गामदेवी पुलिस ने गिरफ्तार किए गए 19 वर्षीय युवक की पहचान गणेश रमेश वनपर्थी के रूप में की और कहा कि उसने 1 नवंबर को सुबह लगभग 10.32 बजे 500 करोड़ रुपये की मांग करते हुए एक धमकी भरा ईमेल भेजा था। वनपर्थी को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया और 8 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। । ऐसा प्रतीत होता है कि यह किशोर द्वारा की गई शरारत है। हमारी जांच चल रही है और हम मामले की तह तक जाने की कोशिश करेंगे, मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने विकास की पुष्टि करते हुए कहा। पुलिस ने कहा कि दूसरे आरोपी को मुंबई क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया और वह गुजरात से बीकॉम ग्रेजुएट है।

## भारी बारिश के कारण कई जिलों के स्कूल बंद

**चेन्नई:** तमिलनाडु के चेन्नई, मदुरै और कई अन्य जिलों में आज, 4 नवंबर को स्कूल की छुट्टी की घोषणा की गई है। भारी बारिश को देखते हुए संबंधित जिला प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी है। चेन्नई जिला प्रशासन के आदेश के अनुसार चेन्नई के स्कूल आज बंद रहेंगे। भारी बारिश के पूवार्नुमान को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिला प्रशासन ने शनिवार को स्कूलों की छुट्टी की घोषणा की है, इसलिए मौसम की स्थिति के आधार पर स्कूल सोमवार को फिर से खुलेंगे। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार, 3 और 4 नवंबर को तमिलनाडु में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश (115 l5 मिमी-204 मिमी) होने की संभावना है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**महारैली** छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एलान

# अस्सी करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन पांच साल और

- भूपेश बघेल की सरकार को भ्रष्ट बताया
- ये लोग ओबीसी पीएम को देखना नहीं चाहते
- सट्टा और जुआ से भी कांग्रेस ने घर भर लिया

**राष्ट्रीय खबर**



**दुर्ग:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज घोषणा की कि देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली गरीब कल्याण योजना अगले पांच साल के लिए बढ़ायी जाएगी। श्री मोदी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में दुर्ग संभाग के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में विजय संकल्प महारैली को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। रैली में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सरोज पांडेय, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव सहित अनेक नेता शामिल हुए। केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री भारतीय रिपब्लिकन पार्टी (आठवले) के नेता रामदास आठवले भी उपस्थित थे और उन्होंने सभी 90 विधानसभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों को समर्थन देने का एलान किया।

प्रधानमंत्री ने रैली में आए विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर कड़े प्रहार किए और कहा, पूरा छत्तीसगढ़ कह रहा है कि तीस टका टक्का, आपका काम पक्का। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की हर घोषणा में 30 टके का खेल पक्का है। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता अब 30 टका सरकार से छुटकारा पाना चाहती है और वह कह रही है कि - और नहीं सहिबो, बदल के रहिबो। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार और लूट में मुख्यमंत्री ने महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा और सट्टे और जुए से युवाओं को लूटकर कांग्रेस के नेताओं के घर भर दिए। उन्होंने कहा कि पैसा पकड़े जाने के बाद मुख्यमंत्री बौखला गये हैं और कांग्रेस के नेता संदेश दे रहे हैं कि हम भी पैसे रखवा कर पुलिस भेज देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग धमकी दे रहे हैं। पर जनता सब कुछ जानती है।

श्री मोदी ने रैली में पिछड़ा वर्ग का कार्ड भी खेला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस एक ओबीसी प्रधानमंत्री को सुबह शाम पानी पी पी कर गाली दे रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के साथ साथ कांग्रेस पूरे ओबीसी साहू समाज को गाली दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का ओबीसी समाज कांग्रेस को माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने गरीबों की चिंता करना अपना जीवनधर्म बताया और कहा कि कांग्रेस ने गरीब के बच्चों को गरीब ही बना कर वोट बैंक के रूप में ही रखा और सारा खेल अपने परिवार एवं कुछ धन्नासेठों को अमीर बनाने पर किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में करीब सौ प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र बंद करवा दिया जिनमें गरीबों को सस्ती दर पर दवा मिलती है। उन्होंने कहा कि » पेज 2 भी देखें

### अपने बेटों के लिए कांग्रेस के दो नेताओं में घमासान

**रतलाम:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व आज राज्य में चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए कांग्रेस के प्रदेश के दोनों वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह को बिना नाम लिए आड़े हाथों लिया और कहा कि दोनों के बीच अभी दिख रहा घमासान तो सिर्फ ट्रेलर है और दोनों के बीच की लड़ाई सिर्फ इस बात की है कि किस का बेटा मध्यप्रदेश कांग्रेस पर कब्जा करेगा। श्री मोदी राज्य के रतलाम में रतलाम, धार और उज्जैन के नौ विधानसभा क्षेत्रों के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान राज्य के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। श्री मोदी ने ना केवल मध्यप्रदेश बल्कि छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार बनने का दावा किया। अपने संबोधन की शुरुआत में श्री मोदी ने कहा कि रतलाम आएं और यहां का सेव नहीं खाएं तो उसे रतलाम आया नहीं माना जाता। तीन दिसंबर को जब भाजपा सरकार की वापसी का जश्न मनेगा तो लड्डू के साथ रतलामी सेव भी खूब खाया जाएगा।

चीनी अंतरिक्ष यात्री एक के बाद एक आकर्षक खोजें कर रहे हैं

# अंतरिक्ष में सब्जी उगाने में चीन को सफलता मिली



**राष्ट्रीय खबर**

**बीजिंग:** चीनी अंतरिक्ष यात्रियों को बड़ी सफलता हाथ लगी। अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष में सब्जियां उगाने की कोशिश में कई दिन बिताए हैं। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाया। और तब से, चीनी अंतरिक्ष यात्री एक के बाद एक आकर्षक खोजें कर रहे हैं।

अब चीनी अंतरिक्ष यात्रियों की एक टीम ने अंतरिक्ष में टमाटर और सलाद उगाए हैं। वे लंबे समय से तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर टमाटर और सलाद के पौधों पर शोध कर रहे थे। आखिरकार इसे बनाने में कामयाब रहे। इतना ही नहीं, शेनझोउ 16 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों और यात्रियों ने भी इन्हें काटकर खाया। कहने की जरूरत नहीं है कि शेनझोउ 16 मिशन भविष्य में एक बहुत बड़ा मिशन होने वाला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के शेनझोउ 16 मिशन के अंतरिक्ष यात्री अपनी महीनों लंबी यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा करके पृथ्वी पर लौट आए हैं। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर सलाद और टमाटर की खेती थी। मिशन कमांडर जिंग हैपेंग ने इस साल जून में अंतरिक्ष यात्री झू यांगझोउ और गुई हाइचाओ के साथ सब्जियों की खेती की।

वे चार बैग सलाद उगाने में कामयाब रहे। इस सफलता के बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने इसी साल अगस्त में अपना दूसरा ऑपरेशन शुरू किया. उस सूची में चेरी टमाटर और हरा प्याज थे। चाइना एस्ट्रोनॉट रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर के एक शोधकर्ता यांग रेन्ज ने विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती पर ध्यान दिया। उनके मुताबिक अंतरिक्ष में जितनी संभव हो उतनी फसलें उगाई जानी चाहिए। और अंतरिक्ष यात्री उन सभी फलों और सब्जियों को » पेज 2 भी देखें

भूटान नरेश ने कामाख्या मंदिर में पूजा के बाद जंगल सफारी का आनंद लिया

# भारत की आठ दिवसीय यात्रा पर आये हैं वांगचुक

- पीएम मोदी के साथ भी वर्चुअल बैठक तय
- हिमंता ने हवाई अड्डे पर स्वागत किया
- इस दौरे का कूटनीतिक महत्व भी है

**भूपेन गोस्वामी**



**गुवाहाटी :** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भारत की आठ दिन की सरकारी यात्रा पर कल गुवाहाटी पहुंचे। असम के मुख्यमंत्री, हिमंत बिस्वा सरमा ने गोपीनाथ बोरदोलोई हवाई अड्डे पर भूटानी राजा का स्वागत किया।प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के बीच आज रात डिजिटल माध्यम से द्विपक्षीय बैठक होगी।आज सुबह असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ, भूटान के शाही राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक को असमिया गमोसा, एक पारंपरिक दुपट्टा भेंट करके उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

पारंपरिक बौद्ध पीले वस्त्र पहने, राजा वांगचुक ने नीलाचल पहाड़ियों के ऊपर प्रतिष्ठित कामाख्या मंदिर में प्रार्थना करके अपनी यात्रा शुरू की, जो एक पवित्र स्थल है जो बौद्ध धर्म और तंत्रवाद दोनों में महत्व रखता है। एकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने वाले एक मर्मस्पर्शी संकेत में राजा वांगचुक ने मंदिर में हिंदू रीति-रिवाजों का पालन किया, धार्मिक बाधाओं को खारिज किया और भूटान और भारत के बीच सौहार्द का एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित किया। मंदिर प्रबंधन ने राजा वांगचुक के गर्भगृह में प्रवेश के लिए विशेष व्यवस्था की, जहां उन्होंने फूलों और प्रसाद » पेज 2 भी देखें

## पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को 15 साल के कारावास की सजा

**भदोही :** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की एक विशेष अदालत ने बलात्कार के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को 15 साल के कारावास और एक लाख रूपये जुर्माने की सजा सुनायी है। ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बाहुबली विजय मिश्रा को एमपी/एमएलए कोर्ट ने शनिवार को सजा का एलान किया। राज्य सरकार की ओर से बहस करने वाले अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनय कुमार बिंद ने ने बताया कि आज सुबह 11 बजे मामले की सुनवाई कोर्ट में शुरू हुई, जिसके लिए सुबह 10 बजे विजय मिश्रा को भारी सुरक्षा के बीच कोर्ट ले जाया गया था। कोर्ट के बाहर भी काफी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। गौरतलब है कि इसी मामले में मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति मिश्रा को भी आरोपी बनाया गया था लेकिन कोर्ट ने दोनों को साक्ष्य के अभाव मे दोषमुक्त करार दे दिया है। साल 2020 में वाराणसी की एक गायिका ने विजय मिश्रा, उसके पुत्र विष्णु मिश्रा व नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति मिश्रा के खिलाफ बलात्कार का मामलागोपीगंज कोतवाली में दर्ज कराया था। आरोप है कि साल 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान विजय मिश्रा ने अपनी बेटी सीमा मिश्रा के चुनाव प्रचार के लिए गायिका को बुलाया था। इसके बाद विजय मिश्रा ने गायिका को अपने आवास पर बुलाया और उनके साथ रेप किया। इतना ही नहीं, गायिका ने यह भी आरोप लगाया था कि इसके बाद विजय मिश्रा के बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति उसे वाराणसी छोड़ने जा रहे थे। इस दौरान उन दोनों ने भी उसके साथ रेप किया। मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम एमपीएमएलए सुबोध सिंह की अदालत ने विजय मिश्रा को दोषी करार दिया जबकि उसके बेटे विष्णु मिश्रा और नाती विकास मिश्रा उर्फ ज्योति मिश्रा को दोषमुक्त कर दिया।

अडाणी के खिलाफ लिखने वाले दो पत्रकारों को राहत

# सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार को नोटिस भेजा

**राष्ट्रीय खबर**




**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अडानी-हिंडनबर्ग विवाद पर उनके द्वारा लिखे गए एक लेख के संबंध में दो पत्रकारों को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने पत्रकार रवि नायर और आनंद मंगनाले की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत नायर और मंगनाले द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें अहमदाबाद अपराध शाखा द्वारा जारी समन को चुनौती दी गई थी, जिसमें उन्हें संगठित अपराध और भ्रष्टाचार रिपोर्टिंग परियोजना (ओसीसीआरपी) वेबसाइट पर प्रकाशित उनके लेख के संबंध में पुलिस की प्रारंभिक जांच के संबंध में पूछताछ के लिए उपस्थित होने के लिए कहा गया था।

शुरूआत में, पीठ ने दोनों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह से पूछा कि उन्होंने सीधे शीर्ष अदालत का रुख क्यों किया है। जयसिंह ने कहा कि पेश होने का नोटिस पूरी तरह से अधिकार क्षेत्र के बिना है और शुद्ध और सरल उत्पीड़न और संभावित गिरफ्तारी की प्रस्तावना के अलावा कुछ नहीं है। नायर और मंगनाले को अक्टूबर में अहमदाबाद की अपराध शाखा से नोटिस मिला, जिसमें उन्हें एक निवेशक योगेशभाई मफतलाल भंसाली की शिकायत पर की जा रही प्रारंभिक जांच के संबंध में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश दिया गया » पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** कोविड की नई दवा बनाने की दिशा में जेनेटिक्स का प्रयोग

# चूहों ने इस वायरस को आसानी से मात दे दी

- चूहों को खास तौर पर तैयार किया गया
- इंसान के जैसा ही वायरस डाले गये थे
- इस परिणाम से उत्साहित है शोध दल

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** कोरोना महामारी से पूरी दुनिया प्रभावित रही है। भारत की बात करें तो इस महामारी की दूसरी लहर से देश की स्वास्थ्य व्यवस्था को ही ध्वस्त कर दिया था। अब इस महामारी के फिर आने से पहले ही वैज्ञानिक इसका सामना करने की तैयारियों में जुटे हैं। इसके तहत अपने किस्म का पहला प्रयोग चूहों पर किया गया है। एनवाईयू ग्रॉसमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकताओं ने एसीई2 के लिए मानव आनुवंशिक सामग्री के साथ प्रयोगशाला चूहों का निर्माण किया - एक प्रोटीन जो महामारी वायरस द्वारा छीन लिया गया था ताकि यह संक्रमण के हिस्से के रूप में मानव कोशिकाओं से जुड़ सके। इस आनुवंशिक परिवर्तन वाले चूहों में संक्रमण होने पर मरने के बजाय, कोविड-19 पैदा करने वाले वायरस से संक्रमित युवा मनुष्यों के समान लक्षण » पेज 2 भी देखें

### यह मानव कैंसर में एक प्रमुख योगदानकर्ता है

अनुसंधान टीम ने तब रोडेंट जीनोम इंजीनियरिंग लैब में सांग योंग किम के साथ टेट्राप्लोइड पूरकता नामक स्टेम सेल तकनीक का उपयोग करके एक जीवित चूहा बनाने के लिए काम किया, जिसकी कोशिकाओं में अधिलेखित जीन शामिल थे। इसके अलावा, शोधकताओं ने पहले जीन टीआरपी 53 का एक सिंथेटिक संस्करण, मानव जीन टीपी 53 का माउस संस्करण डिजाइन किया था और इसे माउस कोशिकाओं में बदल दिया था। इस जीन द्वारा एन्कोड किया गया प्रोटीन क्षतिग्रस्त डीएनए के प्रति कोशिका की प्रतिक्रिया का समन्वय करता है, और कैंसर कोशिकाओं के निर्माण को रोकने के लिए इसमें मौजूद कोशिकाओं को मरने का निर्देश भी दे सकता है। जब यह जीनोम का संरक्षक स्वयं दोषपूर्ण हो जाता है, तो यह मानव कैंसर में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। इस प्रयोग से जेनेटिक वैज्ञानिक कोविड के अलावा कई अन्य बीमारियों के जेनेटिक दोषों को सुधारने पर भी यह शोध कर रहे हैं ताकि भविष्य में इन बीमारियों का स्थायी ईलाज हो सके।

फोन पर जासूसी के मामले में एप्पल अपनी बात पर कायम

# विशेषज्ञों की टीम भेजेगा इसे बताने के लिए

- कई बड़े नेताओं को मिली थी चेतावनी
- सरकार ने इस पर जांच प्रारंभ की है
- राज्य प्रायोजित शब्द से ही विवाद

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** प्रसिद्ध आईटी कंपनी एप्पल अपनी बात पर अड़ा हुआ है। उसकी तरफ से कई लोगों को यह संदेश दिया गया था कि उनके मोबाइल पर राज्य प्रायोजित सेंधमारी की कोशिश हो सकती है। इस पर बवाल होने के बाद केंद्र सरकार की तरफ से एप्पल कंपनी को नोटिस भेजा गया था। अब पता चला है कि एप्प अपनी बात को स्पष्ट करने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम भेजने पर रहा है। टीएमसी की महुआ मोइत्रा और कांग्रेस के शशि थरूर सहित कई विपक्षी » पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

### विधायक ने किया जलमीनार का शिलान्यास

**चांडिल :** कुकडु प्रखंड के डाटम में 55 करोड़ के लागत से निर्माण होने वाले जलमीनार का शिलान्यास शनिवार को विधायक सविता महतो ने शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक सबिता महतो ने कहा कि इस जलापूर्ति योजना से कुकडू प्रखंड के तिरूलडीह, चौड़ा, लेटेमदा, सिरूम, पारगामा, ईचडीह पंचायतो के प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल मिलेगा।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### देवेश नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में लेंगे हिस्सा, स्टेट में जीता स्वर्ण

**बोकारो :** डीपीएस बोकारो के खेल शिक्षक देवेश कुमार ने एक बार फिर टेबल टेनिस में अपनी स्फूर्ति का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। उनका चयन आगामी जनवरी महीने में चंडीगढ़ में होने वाले नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप में किया गया है। झारखंड स्टेट टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में धनबाद में आयोजित 23वें झारखंड स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में वह स्वर्ण पदक झटकने में कामयाब रहे। मेन्स टीम इवेन्ट्स में अपने कुशल खेल की बदौलत उन्होंने गोल्ड मेडल जीता। प्रतियोगिता की मेंस सिंगल और मेंस डबल्स स्पर्धा में देवेश को एक-एक कांस्य पदक भी प्राप्त हुआ। इसके साथ ही वह चंडीगढ़ में होने वाली राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम में चयनित कर लिए गए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने देवेश को सम्मानित करते हुए बधाई दी तथा आगामी प्रतियोगिता को लेकर अपनी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। बता दें कि हाल ही में देवेश ने रांची में आयोजित थर्ड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। इसके पूर्व जमशेदपुर में हुए सेकंड झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भी उन्हें ब्रांज मेडल मिला था।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लोकसभा चुनाव की तैयारियां को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां को लेकर डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को मतदान केंद्रों और मतदाता सूची से संबंधित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि अभी मतदाता विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, सभी बीएलओ के माध्यम से मतदाता का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करें, मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटियां हैं, उनका निराकरण करें। साथ ही सभी मतदान केन्द्रों पर सारी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है, यथा बिजली, पानी, शौचालय इत्यादि का आकलन करें, इस हेतु सभी सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि चुनाव से संबंधित कार्यों की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को अवश्य रूप से दें और उनके बूथ लेवल एजेंट से संपर्क स्थापित करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने हटाने से संबंधित कार्यों में सहयोग लें। उपायुक्त ने कहा कि आगामी वर्ष चुनाव का वर्ष है और चुनाव से संबंधित सारे कार्य कर लेना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष 77 अतिरिक्त नये मतदान केंद्र बनाये गये हैं और उन सभी मतदान केंद्र पर सारी सुविधाओं का आकलन करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर फोर्स की जरूरत का आकलन कर रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे। साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों पर रिपोर्ट उपलब्ध करायेंगे।

अभियान

## चास गरगा नदी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

# जल श्रोतों का जीवन में काफी महत्व: एसपी

- आस-पास के नदियों व जल श्रोतों को स्वच्छ रखना
- मानव जीवन जल श्रोतों पर निर्भर
- स्वच्छ रखने का ले संकल्प
- गंगा रन का किया गया आयोजन

राष्ट्रीय खबर



**बोकारो :** नमामि गंगे अंतर्गत गंगा उत्सव के तहत शनिवार को विभिन्न नदियों व जल श्रोतों को स्वच्छ रखने को लेकर जिला गंगा समिति द्वारा गंगा रन का आयोजन किया गया। रन का नेतृत्व एसपी प्रियदर्शी आलोक ने किया। मौके पर एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एएमसी सौरव भुवानिया आदि उपस्थित थे। गंगा रन की शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से गुब्बारा उड़ाकर किया गया। गंगा रन हवाई अड्डा से शुरू होकर बोकारो परिसदन, तिरंगा पार्क, पर्यावरण चौक होकर गरगा नदी पहुंच समाप्त हुई। मौके पर एसपी श्री आलोक ने कहा कि मानव जीवन में विभिन्न नदियों व जल श्रोतों का काफी अधिक महत्व है। अगर यह नदियां व जल श्रोत स्वच्छ एवं सुरक्षित हैं, तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित है। आमजनों में अपने आस-पास के नदियों व जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए जन जागरूकता उद्देश्य से इस रन का आयोजन किया गया है।

उन्होंने आम लोगों से नदियों व जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने का अपील किया। वहीं एसडीओ चास श्री शेखावत ने कहा कि नमामि गंगे के तहत जागरूकता के उद्देश्य से गंगा रन का आयोजन किया गया। हमेशा से हमारा जीवन इन नदियों व जल श्रोतों पर निर्भर रहा है। उन्होंने आम जनों से अपने आस पास के नदियों व तालाबों एवं अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने को लेकर आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हम सब अपना थोड़ा-थोड़ा सहयोग करें तो नदियों व जल श्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प पूरा होगा।

इससे पूर्व, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों, आमजनों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों आदि के द्वारा चास स्थित गरगा नदी पुल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर अपर समाहर्ता मेनका, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता, नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, नोडल पदाधिकारी पंकज दूबे, परियोजना पदाधिकारी मणीकांत, नेहरू युवा केंद्र के गौरव कुमार, सिविल डिफेंस के डॉ. एसपी वर्मा, डालमिया सिमेंट के प्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने रखी पीसीसी पथ की आधारशिला



राष्ट्रीय खबर

**तमाड़:** विधायक विकास कुमार मुंडा ने दुलमी में पीसीसी पथ एवं बादला गांव में नहर निर्माण के लिए आधारशिला रखी। सबसे पहले विधायक दुलमी गाँव पहुंचे और लगभग तीस लाख रुपया की लागत से 1500 फीट पीसीसी पथ, फिर बादला गाँव में बनने वाली 1.3 किलोमीटर पक्की छोटी सिचाई नहर जो लगभग दो करोड़ की राशि से बनने वाली का शिलान्यास नारियल फोड़ कर किया। इस मोके पर बादला गाँव में ग्रामीण ने विधायक के समक्ष सड़क सहित अन्य समस्या को रखा। विधायक खुद जाकर जर्जर सड़क को दिखा एवं कहा कल से ही इस सड़क की मरम्मती शुरू हो जाएगी। मैं अपने स्तर से अभी चलने फिरने लायक इस सड़क को बना दूंगा। बहुत जल्द इस सड़क का टेंडर होने वाला है। उस समय सड़क का निर्माण अच्छे से कराई जाएगी। इससे पूर्व विधायक का स्वागत ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े के साथ की। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो, उत्तम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता ओर ग्रामीण उपस्थित थे।

## बच्चों ने बेकार चीजों को बनाया उपयोगी




राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** चिन्मय विद्यालय में कक्षा प्रेप के नन्हे छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन जीत लिया। बच्चों ने घर मे खाली पड़ी बोतले, पुराने कपड़े, प्लास्टिक, कागज के डब्बे, न्यूज पेपर, पत्रिकाओं, धागे, रस्सियों, नारियल के छिलके इत्यादि से बहुत ही आकर्षक मॉडल बनकर विद्यालय आये थे। बच्चों की इस अनोखे अंदाज एवं विश्वास से भरे प्रदर्शन पर विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयोग में नहीं आने वाली वस्तु सबसे ज्यादा हमारे घरों में ही होती है इसलिए इसकी शुरूआत घर से ही होनी चाहिये। बच्चों ने अपने प्रदर्शन से ये सिद्ध कर दिया कि ये बच्चे भविष्य में भी इन सभी बातों का खयाल रखेंगे। बेकार वस्तुओं का उपयोग करने से हमारे पर्यावरण को भी संतुलित करने में मदद मिलती है। फैंसी ड्रेस का मुख्य आकर्षण था न्यूज पेपर से बना हुआ ड्रेस पहनकर स्टेज पर आना। जब बच्चे न्यूज पेपर से बने विभिन्न प्रकार के ड्रेस पहनकर स्टेज पर आए तो सभी ने बहुत तारीफ किया। इस दौरान बच्चों ने बेकार हो चुकी वस्तुओं से टेलीविजन, टूथपेस्ट, बोतल, सब्जियां, ऐरोप्लेन, डिटॉल की बोतल, फूल इत्यादि बन कर स्टेज पर आए और शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सोमा झा प्रभारी (प्री-नर्सरी से प्रेप), दीप्ति पारिख, सोनी कुमार, रिंकी पांडेय, मधुमिता, नेहा अवतार, निशा शर्मा, सुप्रिया पांडेय,मनीषा श्रीवास्तव, श्रुति रंजन ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रोटरी क्लब ने दीपावली से पूर्व विद्यालय के बच्चों को उपहार देकर मनाई दीपावली



राष्ट्रीय खबर

**बोकारो :** रोटरी क्लब चास के सदस्यों ने सेक्टर 12 स्थित आसस विद्यालय के बच्चों को दीपावली पूर्व उपहार देकर उनके साथ दीपावली मनाई। क्लब की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा कि दीपावली में सिर्फ अपने घरों में ही खुशियां न मनायें बल्कि कमजोर वर्ग के बच्चों के जीवन में भी खुशियां लाएं। स्कूल के प्रांगण में श्रीमद राजचंद्र मिशन ई क्यूब द्वारा उपलब्ध कराए गए मोमबत्ती, नए वस्त्र, टॉफी, तकिया तकिया, कृत्रिम आभूषण, कॉपी का वितरण बच्चों के बीच किया गया। विद्यालय के 10 सबसे होनहार बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स उपलब्ध करा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक कुमार अमरदीप ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य है हर चेहरे पर मुस्कान लाना। श्रीमद राजचंद्र मिशन बोकारो चैप्टर की अध्यक्ष श्रुति सेठ ने कहा कि दीपावली खुशीयों का पर्व है। श्रुति सेठ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य संभव है। रोटरी क्लब चास के संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि जो बच्चे पैसे के अभाव में अच्छे से त्यौहार नहीं मना सकते उनके साथ इस तरह के आयोजनों से मन को खुशी मिलती है। सचिव डिंपल कौर ने कहा कि यह कार्यक्रम रोटरी चास द्वारा एक छोटा सा प्रयास है बच्चों संग खुशियां बांटने का। डिंपल ने कहा कि ये छोटी खुशियां ही बड़ी खुशीयों का आधार बनती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजीत सिंह, विनोद चोपड़ा, बिनय सिंह, भवनीत सिंह, जसप्रीत कौर, श्रीमद राजचंद्र मिशन ई क्यूब के सदस्य एवं बच्चे उपस्थित थे।

## विधायक डॉ इरफान अंसारी ने विकास योजनाओं की समीक्षा

राष्ट्रीय खबर



**दुमका:** झारखंड विधानसभा के आंतरिक संसाधन और केंद्रीय सहायता समिति के सभापति विधायक डॉ इरफान अंसारी की अध्यक्षता में दुमका परिसदन के सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभापति द्वारा विभिन्न विभागों के योजनाओं में प्रगति, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा तथा केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारी को आंतरिक संसाधन से राजस्व में बढ़ोतरी पर बल दिया। सभापति ने अभियंताओं को समय पर योजनाओं के लिए दी गई राशि को खर्च कर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों से रिपोर्ट प्राप्त किया गया है, जिसका अध्ययन करने के बाद समिति द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिए जाएंगे ताकि राज्य में विकास कार्य तेज गति से क्रियान्वित हो। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं, राजस्व संग्रहण की स्थिति व विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार,निदेशक डीआरडीए,अपर समाहर्ता,जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला खनन पदाधिकारी,विभिन्न विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

आयोजन

## 100 डेज आउटरिच कैंपेग्न अकेले नहीं हैं आप के तहत

# डालसा का रातू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजन

- पीएलवी पुष्पलता देवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाली
- घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी जानकारी दी

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** न्यायामूर्ति एस चंद्रशेखर, कार्यकारी अध्यक्ष, झालसा के द्वारा परिकल्पित आउटरिच योजना जो कि 100 दिनों तक होना सुनिश्चित हुआ है। इसी कड़ी में आज 04.11.2023 को रातू प्रखंड के मखमंदरो, पुरियो, बानापीड़ी एवं मुरचो गांव में विधिक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। विधिक जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा प्रेम मंजरी बालिका विद्यालय में लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता सौरभ कुमार पाण्डेय, पीएलवी पुष्पलाता देवी, सुनिता देवी, नीतू देवी, तारामनी देवी एवं राजा वर्मा ने बच्चों से संबंधित कानूनों जैसे जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच एलएडीसी अधिवक्ता सौरभ कुमार पाण्डेय ने प्रकाश डाला उन्होंने बाल विवाह के रोकथाम के विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं बाल विवाह अधिनियम के बारे में बताया गया। पीएलवी पुष्पलता देवी ने बाल श्रम एवं बाल संरक्षण पर प्रकाशा डाली। इसके अलावा दहेज प्रथा कानून के बारे में विस्तार से बताया गया। सौरभ पाण्डेय ने एमएसीटी एक्ट के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। सुनिता देवी एवं नीतू देवी ने सड़क दुर्घटना में से संबंधित कानून की जानकारी दी। इसके अलावा लोगों को बाल श्रम के प्रति जागरूक किया गया। पीएलवी तारामनी देवी ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की जानकारी दी और पेंशन से संबंधित लाभ लेने की बातें कहीं उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में इससे संबंधित आवेदन दे सकते हैं। पीएलवी ने घरेलू विवाद एवं जमीन संबंधी विवाद के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मौंके पर डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया। इस अवसर पर एलएडीसी के अधिवक्ता सौरभ कुमार पाण्डेय, पीएलवी पीएलवी पुष्पलाता देवी, सुनिता देवी, नीतू देवी, तारामनी देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

न्यूज फटाफट

### एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिया का आयोजन



**चांडिल :** नीमडीह प्रखंड के बाँदु फुटबॉल मैंदान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मार्डी ब्रदर्स काशिडीह और दुखु मार्डी बाजंनडीह के बीच खेला गया। इसमें मार्डी ब्रदर्स काशिडीह ने दुखु मार्डी बाजंनडीह को पेनाल्टी के माध्यम से पराजित कर चैंपियन बना। प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार मार्डी ब्रदर्स काशिडीह टीम को नगद दस हजार, द्वितीय पुरुस्कार दुखु मार्डी बाजंनडीह टीम को आठ हजार, तृतीय पुरुस्कार बी टीएमसी मुरुगडीह की टीम को और चतुर्थ पुरुस्कार प्रेम स्पोर्टिंग सिंदूरपुर को नगद पांच हजार रुपयों देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह समाजसेवी हरेलाल महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य पवित्र महतो, बंकोविहारी महतो, ग्राम प्रधान रंजित टुडु, उपमुखिया नारायण गोप, राजाराम महतो, उदय प्रामाणिक, संदीप महतो, जमशेद टुडु, राम टुडु, प्रशुराम गोराई, सुकेन माझी, रंजित महतो, नोगेन महतो आदि मौजुद थे।

### आज से 10 पंचायतों को मिलेगा पानी



**बोकारो :** राजकीय पॉलिटेक्निक खुटरी के बगल स्थित ग्रामीण जलापूर्ति योजना के पानी टंकी से रविवार से दस पंचायतों में सप्लाई पानी मिलना शुरू हो जायगा। सिस्टम को चला रहे संवेदक के प्रतिनिधि अमर मिश्रा ने बताया कि विगत 10 दिनों से टंकी से पानी छोड़ने वाला वाल्व का चेक नट खराब होने तथा कोलकाता से खरीद कर लाने में हुए विलंब के कारण ग्राहकों को पेयजल संकट का कष्ट करना पड़ा। कहा कि तेनु बोकारो नहर में अब भी बरसात का मिट्टी सना लाल गंदा पानी बह रहा है, जिसे पम्प हाउस तुपकाडीह से खींचने के बाद टंकी में एलम पत्थर ब्लिचिंग पाउडर और चुना आदि से साफ करने के बाद शुद्ध जल घर घर पहुंचाया जाता है।

### एनपी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**चास :** चीरा चास स्थित एनपी टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के पहले दिन शनिवार को मुख्य अतिथि के टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित एवं स्वागत गान के साथ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि टुंडी विधायक के मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम होने सभी को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। यह सेमिनार भारतीय ज्ञान परंपरा के एवं संस्कृति के संवर्धन में अध्यापक शिक्षा की भूमिका विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद सिंह ने किया। सेमिनार के विशिष्ट अतिथि बीबीएमकेयू धनबाद के प्रभारी कुलपति प्रो. पवन कुमार थे। मुख्य वक्ता आंबेडकर यूनिवर्सिटी न्यू दिल्ली के प्रो. आनंद वर्धन, अतिथि वक्ता जेएनयू दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रो. मनींद्र नाथ ठाकुर, पीजीडीएवी कॉलेज यूनिवर्सिटी दिल्ली के प्रो. अभय प्रसाद सिंह, सेंट्रल महाराष्ट्र के प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर सहित विभिन्न यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-17/2023-24 PR No. 310081 Lohardaga (23-24)_D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि / समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.10.2023 | 08.11.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 16.11.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.11.2023 अपराह्न 03:00 बजे | 18.11.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्तें यथावत रहेंगी। कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
PR 310638 (Lohardaga)23-24*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–प0नि0वि0 / राँची (ग्रामीण)–1027 / 2023–24
दिनांक :– 04.11.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सेनाहातु–मिलन चौक पथ (MDR-28) के 3रें / 4थे कि0मी0 में कांची नदी पर अवस्थित उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य (पहुंच पथ सहित) का अवशेष कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रू0 1187.825 लाख (ग्यारह करोड़ सत्तासी लाख बेरासी हजार पाँच सौ) मात्र। |
| 3 | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रू0 11.88 लाख (ग्यारह लाख अठासी हजार) मात्र। |
| 4 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 3 (तीन) वर्ष |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.11.2023 10 : 30 बजे पूर्वाह्न |
| 6 | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय | 01.12.2023 12 : 00 बजे दोपहर तक |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)। |
| 8 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि / अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
PR.NO.310630 Road(23-24):D

## शहर >> अपडेट

**भाकपा नेताओं ने किया तरहसी गांव का दौरा**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर,अभय कुमार भूइंया, मृत्युंजय तिवारी ने शनिवार को तरहसी अंचल का दौरा किया और आगामी 9 नवंबर को पलामू उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन एवं घेराव में शामिल होने के लिए आह्वान किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**महिला को बस ने कुचला, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के छतरपुर में शनिवार की सुबह सड़क हादसे में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई।महिला सुबह मॉर्निंग वाक के बाद मंदिर से भगवान का दर्शन कर लौट रही थी।इसी दौरान एक यात्री बस ने महिला को रौंद दिया। इससे घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई।सड़क दुर्घटना में मृत महिला ज्ञांति देवी (34) खजुरी नौडीहा गांव निवासी चितरंजन कुमार सिंह की पत्नी थी। उनके दो छोटे बच्चे हैं। छतरपुर में मध्य विद्यालय के सामने पूरे परिवार के साथ रहती थी। सुबह पांच बजे अपनी सास के साथ मॉर्निंग वाक पर निकली थी। रोजाना की तरह मॉर्निंग वाक के बाद छतरपुर थाना के सामने ठाकुरबाड़ी मंदिर में गई थी। वापस घर लौटने के क्रम में करीब 5:30 बजे थाना गेट के सामने सिंह बस ने महिला को पीछे से चपेट में ले लिया। बस के टक्कर से महिला गिर गई तो उसपर बस का आगे का टायर चढ़ गया।थाना के गेट पर ड्यूटी में तैनात संतरी ने बस को रोका। बस छत्तीसगढ़ के कोरबा से छतरपुर के रास्ते डेहरी ऑन सोन जा रही थी।घटना के बाद चालक और खलासी बस छोड़ कर फरार हो गए। घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुआवजा और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले अधिवक्ताओं की बैठक सम्पन्न**

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति के बैनर तले तेनुघाट अधिवक्ता संघ के पुस्तकालय भवन में कामेश्वर मिश्रा के अध्यक्षता बैठक का आयोजन किये गया । जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता संघ के माहासचिव वकील प्रसाद महतो, संयोजक संतोष कुमार नायक, सह संयोजक कुलदीप प्रजापति सहित कई लोगो ने भाग लिया।

**81 लोगो का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल**

**बेरमो :** फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल मे शुक्रवार को लगाये गए निशुल्क नेत्र जांच शिविर मे जांचोंपरांत 81 लोगों मे मोतियाबिंद पाया, जिन्हे शनिवार को आपरेशन के लिए कथारा स्थित हाजी एआर मेमोरियल नेत्र अस्पताल भेजा गया। नेत्र जांच शिविर के आयोजन करने तथा जांच में ऑपरेशन के लिए चयनित लोगों को कथारा भेजने की व्यवस्था करने मे युवा व्यावसायी संघ फुसरो के निवर्तमान अध्यक्ष आर उनेश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**मुखिया पार्वती ने स्कुली बच्चों के बीच पोशाक किट का किया वितरण**

**बेरमो/ललपनिया :** गोमियाप्रखंड के होसिर पश्चिमी पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय मियाबांध मे शनिवारको बच्चो के बीच पोशाक किट वितरण कार्यक्रमका आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुखिया मुखिया पार्वती देवी एवं पंचायत समिति सदस्य महेश रविदास ने अपने हांथो कक्षा एक एवं कक्षा दो तक के कुल 43स्कूली बच्चो के बीच पोशाक, जूता किट वितरण किया।

**प्रतिवाद रैली में नावाड़ीह से सैकड़ों लोग लेगे भाग : गणेश**

**बेरमो :** कैलाश स्मारक उच्च विद्यालय ,नारायांणपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ,नावाड़ीह अंचल परिषद की बैठक कामरेड जानकी महतो की अध्यक्षता मे संपन्न हूई।

---

घरेलू विवाद

### करीमंडीह गांव के पसियाडीह टोला की घटना

# घरेलू विवाद में महिला ने तीन बच्चों के साथ की खुदकुशी

▶▶ निर्मला देवी ने यह कदम उठा कर घर को बरबाद कर दिया

▶▶ महिला ने अपने बच्चों को पोखरा में डाल कर खुद भी कूद गई

राष्ट्रीय खबर



**पलामू :** हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत करीमंडीह गांव के पसियाडीह टोला निवासी जवाहिर राम की तीस वर्षीय पत्नी निर्मला देवी ने घरेलू विवाद में अपने तीन बच्चों के साथ मोकहर कला के समीप पोखरा में कूद कर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों ने सभी को पोखरा से बाहर निकाला। उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर लाया गया। चिकित्सक डा. मंजूर आलम ने महिला निर्मला देवी, उसकी 8 वर्षीय पुत्री लाडली कुमारी व 6 वर्षीय पुत्र करण कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि 4 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार की स्थिति खतरे से बाहर है। गुड्डू कुमार का प्राथमिक उपचार कर छोड़ दिया गया है। घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि निर्मला देवी के पति जवाहिर राम दो दिन पूर्व मजदूरी करने सिकंदराबाद के लिए निकले हैं। उन्होंने बताया कि महिला के साथ परिवार के लोगों के साथ लड़ाई झगड़ा हो रहा था। शनिवार की महिला निर्मला देवी अपने तीनों बच्चों को लेकर घर से मोकहर कला गांव की ओर निकली थी। उसने अपने बच्चों को पोखरा में डाल कर खुद भी कूद गई। अंत में जिस बच्चे को फेकी उसे ग्रामीणों ने तत्काल निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई। जबकि महिला और दो बच्चों को ढूंढने में देर होने की वजह उनकी मृत्यु हो गई। सभी को ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर पहुंचाया। महिला व दो बच्चों को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना से गांव में मातम सा माहौल है।

लोगों ने बताया कि घर में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता था। महिला का पति के रहते समझा बुझा कर मामला शांत करा दिया जाता था। पति की गैर मौजूदगी में महिला निर्मला देवी ने यह कदम उठा कर घर को बरबाद कर दिया। घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस अस्पताल नहीं पहुंची थी। परिजन शव लेकर घर रवाना हो गए। घटना पर मुखिया नजमा खातून, पूर्व मुखिया सैफुल्ला खान समेत समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

## सदर अस्पताल में दलाली का धंधा चरम पर




राष्ट्रीय खबर

**मेदनीनगर:** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल में फिर से महिला दलालों ने अपना डेरा जमा लिया है। जिसके वजह से आए दिन गरीब मरीज ठगी का शिकार हो रहे हैं। बताते चले की कुछ दिनों पहले जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा दलालों के प्रति कानूनी कार्रवाई की गई थी।इसके बाद से दलाल सतर्क हो गए थे और अस्पताल में नजर नहीं आ रहे थे।अभी हाल में फिर से सदर अस्पताल में दलालों ने अपना कब्जा जमा लिया है। इन दलालों के द्वारा निजी क्लीनिक में मरीज को बहला फुसलाकर ले जाने और इलाज कराने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।आए दिन सदर अस्पताल में प्रसव के लिए पहुंचे वाले मरीजों को महिला दलालों के माध्यम से निजी क्लीनिक ले जाया जा रहा है।जहां भारी-भरकम राशि की उगाही की जा रही है। शहर में कई नर्सिंग होम को चलाने में और उन्हें बेनिफिट कराने में ये दलाल अपना अहम भूमिका निभा रही हैं।

### मामला बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह शास्त्री नगर का

## पिछले एक सप्ताह से अपने घर से गायब है यह वृद्ध महिला



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह उतरी पंचायत के शास्त्री नगर नामक मजदूर आवासी कॉलोनी से एक 70 वर्षीय महिला पतिया देवी लापता बताई जा रही है। परिवार वालों द्वारा भले इस मामले में स्थानीय थाना में आवेदन नही दिया है मगर अपने स्तर से उन्हें ढुंढने की हर संभव प्रयास कर रखी है। परिजनों की माने तो उक्त मानसिक रूप से दिव्यांग है। इससे पूर्व भी कई बार घर बीना किसी को कुछ इधर उधर भाग चुकी है जिसे बाद में परिवार वाले खोजने मे सफल रहे मगर इस बार ऐसा होता नही दिख रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जारंगडीह शास्त्री नगर निवासी जटला का यह मौसी बताया जाता है। परिवार के एक सदस्य शिव चरण ने एक मोबाइल नंबर संख्या 9661488396 जारी करते हुए लोगो से गुहार लगाई है कि अगर तस्वीर में दिख रही महिला किसी को दिखे तो उक्त मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सुचित करने की कृपा करें। महिला के गायब हुए लगभग एक सप्ताह का समय बीत चुका है मगर अभी तक उनका कोई सुराग तक नही मिला है जिस कारण घर परिवार वाले काफी परेशान हैं और लगातार खोज बीन मे लगा हुआ है।

## जूडो प्रतियोगिता में अग्रसेन डी ए वी भरेच नगर के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



राष्ट्रीय खबर

**कुजू :** पटना में आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन जूडो प्रतियोगिता में अग्रसेन डीएवी भरेचनगर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत के बदौलत तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ,बिहार और झारखंड के 80 विद्यालयों के 400 से अधिक छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता बालक -बालिका वर्ग के 11 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक के विद्यार्थी शामिल रहे। जूडो प्रतियोगिता में 90 केजी वर्ग में आलेख कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, 60 केजी वर्ग में सनोज कुमार सिंह एवं 50 केजी वर्ग में मौलिका दास ने भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, वॉलीबॉल प्रतियोगिता बालिका वर्ग में अर्चना छाबड़ा, श्रुति झा,प्रतिभा, गीतांजलि, शिवानी, माही, तनिषा राज, व आस्था ने भी कैमूर( बिहार) में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। कड़े संघर्ष में बच्चों ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए उप विजेता के स्थान को प्राप्त किया। विद्यालय के प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य निशिकांत कर ने बच्चों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी एवं आने वाले समय में खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस प्रतियोगिता में खेल शिक्षक सुमित कुमार एवं चंद्रशेखर सिंह यादव का विशेष योगदान रहा है।

## ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक आयोजित



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में ग्राम प्रधानों की मासिक बैठक प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद ग्राम प्रधानों का प्रतिनिधिमंडल प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी से औपचारिक मुलाकात किया। एवं बीते 18 अक्टूबर को दिए गए ग्रामसभा सशक्तिकरण से संबंधित आवेदन पत्र पर भी करवाई करने के लिए अवगत कराया। औपचारिक मुलाकात के दौरान बीडीओ ने सभी ग्राम प्रधानों से कल्याणकारी योजनाओं में सहभागिता निभाने का भी बात कही। बीडीओ ने ग्राम प्रधानों को बताया कि सभी प्रधान सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए अपना योगदान दे। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र मुर्मू, परगना डीजेन हांसदा, धोने मरांडी, कमलाकांत मुर्मू, बबलू मरांडी, मरियम हेंब्रम, अनिता मरांडी, जोसेफ सोरेन, सिफानियल हांसदा सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

ट्रांसपोर्टिंग का प्रभाव

### ट्रांसपोर्टिंग को एकाएक रोक टीएसपीएल कंपनी ने

## ड्राइवर एवं खलासी के पेट पर लात मारने का कार्य किया है :अरविंद चौरसिया

▶▶ 20 लाख रुपए का नुकसान,48 घंटे में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट लिमिटेड को हो चुकी है

▶▶ ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगे श्रमिकों के लिए दुखद एवं चिंतनीय है

राष्ट्रीय खबर

**गुवा :** टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट लिमिटेड के दिशा निर्देशानुसार ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगे वाहनों के परिचालन को बीते एक नवम्बर से रोकने के कारण नोवामुंडी से लेकर बड़ाजामदा क्षेत्र में खलबली मची हुई है ।इस संदर्भ में रेलवे विभाग ने इस बात की पुष्टि की है कि अगर 2 नवंबर एवं 3 नवंबर के रैक इंडेन करने के बाद 2 दिन का रेलवे रैक का डैमेज करीब 20 लाख रुपए का नुकसान अब तक 48 घंटे में टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट लिमिटेड को हो चुकी है ।

क्षेत्र के समाजसेवी अरविंद चौरसिया ने बताया कि वर्तमान में ट्रांसपोर्टरों की प्रति टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट लिमिटेड की सोच सकारात्मक होनी चाहिए ।15 साल की गाड़ियों से ट्रांसपोर्टिंग को एकाएक रोक दिए जाने से ड्राइवर एवं खलासी के पेट पर लात मारने के समान है ।अकस्मात10 साल तक की गाड़ी चली गाड़ी को ही ट्रांसपोर्टिंग में लगाया जा सकता है । सरकारी आदेश का हस्तक्षेप हर दृष्टिकोण से ट्रांसपोर्टिंग के कार्य में लगे श्रमिकों के लिए दुखद एवं चिंतनीय है ।बताया जाता है कि 250 भारी वाहनों के ड्राइवर एवं खलासी की आर्थिक स्थिति टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट लिमिटेड कंपनी ने खास्ताहाल कर दिया है ।जनहित एवं क्षेत्र की समस्या को देखते हुए सरकार के अनुमति को मान्य मानते हुए ट्रांसपोर्टिंग का कार्यको पुनः अविलंव प्रारंभ करने के प्रति टीएसपीएल कंपनी को निर्णय लेना चाहिए।



---

**तेनुघाट में आयोजित नमामि गंगे के आरती में शामिल हुए गोमिया विधायक**

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट :** नमामि गंगे योजना कार्यक्रम के तहत संध्या 6 बजे गंगा आरती का आयोजन तेनुघाट डैम के पास किया गया। महा आरती गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो एवं अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पेटरवार संतोष कुमार महती के द्वारा किया गया।पंडित शशि मिश्रा के द्वारा विधिवत मंत्रोउचारण कर आरती कराया।आज दिन शुक्रवार को झारखंड सरकार के निर्धारित कार्यक्रम के तहत नमामि गंगे का आयोजन किया गया है। नमामि गंगे कार्यक्रम को लेकर तेनुघाट डैम के पिकनिक स्पॉट को साफ सफाई करा कर बिजली बती से सजाया गया। इसके पहले जेसीबी लगाकर झाड़ी एवं जर्जर सड़क को व्यवस्थित किया गया है ताकि आने जाने में सुविधा हो सके ।प्रखंड विकास पदाधिकारी पेटरवार संतोष कुमार महतो ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत लोगों को प्रेरित किया जा रहा है कि अपने घर का कचरा साफ सफाई कर नदी के किनारे या तालाब में ना फेक किनारे फेंके। नदी और तालाब मे फेकने से नदी और तालाब का पानी दुसित हो जाता है प्रदूषित होने से सभी को कठनाई होती है। स्वच्छ वातावरण के साथ पानी साफ सफाई पर भी ध्यान दें ताकि नदी, नाला, तालाब प्रदूषण मुक्त रहे। इस मौके पर प्रमोद शर्मा,कनिये अभियंता अंजूराम शर्मा, मुखिया नीलम श्रीवास्तव जीप सदस्य माला कुमारी, पसस अजित कुमार पांडेय, रोजगार सेवक शंभू कुमार, विक्रम हालदर, सुरेश मुर्मू, गुलाम रसूल, समाज सेवी संतोष कुमार श्रीवास्तव, आजसू विधायक प्रतिनिधि राजेश कुमार, मनोरंजन शर्मा, मनीष टुडू, गंगा तुरी, घलटू प्रमाणिक, सेवा गंझू ,पवन ठाकुर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। तेनुघाट ओपी प्रभारी आशीष कुमार महतो अपने दल बल के साथ मुस्तैद थे।

**राव को व्यक्तिगत श्रेणी में सम्मान मिलने पर बधाई देने वाले का ताता लगा रहा**



**बेरमो :** कोल इंडिया के 49 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता मे व्यक्तिगत श्रेणी में सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक एम के राव को सम्मान मिलने पर शनिवार को महाप्रबंधक कार्यालय मे बधाई देने वाले का दिन भर ताता लगा रहा। समारोह में पर्यावरण, सीएसआर, स्वच्छता, कोयला उत्पादन, स्टार-रेटिंग जैसे विभिन्न कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 6 कॉर्पोरेट अवाड्र्स एवं व्यक्तिगत श्रेणी में 6 अवाड्र्स से नवाजा गया। जीएम श्री राव ने कहा कि कोल इन्डिया के चेयरमैन और सीसीएल के सीएमडी वरीय अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों यूनियन प्रतिनिधियों ,विस्थापितों एवं सभी के सहयोग एवं सार्थक पहल के वजह से ही ये पुरस्कार मुझे मिला हैं जो सभी को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया देश का महारत्न कम्पनी हैं देश को वर्तमान समय में भी 75 प्रतिशत बिजली कि जरूरत को कोल इंडिया पूरी करतीं हैं। इस वर्ष भी कोल इंडिया चैयरमैन पी एम प्रसाद के अगुवाई में कोयला उत्पादन लक्ष्य कि ओर बढ रहा हैं। बोकारो एवं करगली क्षेत्र का भविष्य बहुत ही उज्वल हैं। बीएडके मे कोयला का अकूत भंडार हैं आनेवाले समय में एरिया बेहतर करेगा। बोकारो एवं करगली प्रक्षेत्र के लोग बहुत ही सकरात्मक हैं और कम्पनी का बहुत ही सहयोग करतें हैं। देश प्रदेश में इनसभी का अमुल्य योगदान हैं। बोकारो एवं करगली के यूनियन प्रतिनिधि,अधिकारी ने महाप्रबंधक एम के राव को बधाई दियें हैं।

**गांव में दो जलमीनार किसी काम का नहीं, ग्रामीण परेशान**



**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** मांडू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लइयो दक्षिणी पंचायत के गांव गोसी में दो जलमीनार डीएमएफटी मद से बना है। एक 2018 में तो दूसरा 2021 में। पंचायत उपमुखिया मनोज कुमार, उमेश कुमार महतो, रंजीत कुमार महतो, सत्येंद्र कुमार महतो, विजय महतो, भगत महतो, चित्रंजन महतो, विकास महतो, अनुज महतो, राहुल महतो ने बताया कि गांव में दो जलमीनार है। पहला शिव मंदिर के प्रांगण में जो पांच वर्ष पूर्व में ही बना है। इसके बावजूद पानी का एक बूंद भी किसी का घर तक नहीं पहुंचा। जिसका मुख्य कारण पानी का कनेक्शन है, जो आज तक नहीं हुआ है। दूसरा सुखदेव महतो घर के समीप जो एक महीना पानी देने के बाद से ही बंद पड़ा है। उन्होंने आगे बताया कि ठेकेदार अधूरा कार्य करके छोड़ दिया है। दोनों जलमीनार से तीस -तीस घरों में पाइप के माध्यम से पानी पहुंचना था। वहीं इस बाबत पर ठेकेदार राकेश केशरी ने कहा कि छठ पूजा के आसपास जलमीनार की समस्या का समाधान हो जायेगा।

**स्वांग दक्षिणी पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन**



**बेरमो :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को स्वांग दक्षिणी पंचायत में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया । सीसीएल मे सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023, 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मनाया जा रहा है । इस वर्ष की थीम है-भ्रष्टाचार को ना कहें, राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें। उनके स्मरण में प्रति वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान नागरिकों के लिए सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा सभी को दिलाई जा रही है । जागरूकता सप्ताह अभियान नागरिकों की भागीदारी के जरिए सार्वजनिक जीवन में अखण्डता और सत्यनिष्ठा को बढावा देने की प्रतिबद्धता को समर्थन देता है। यह सप्ताह भ्रष्टाचार के विरूद्ध केन्द्रीय सतर्कता आयोग की जन भागीदारी सतर्कता पहलुओं में से एक है। इसका उद्देश्य शासन और जन प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के प्रति संवेदनशीलता लाना है` कार्यक्रम में लगभग 50 ग्रामीणों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सी सी एल एवं सी एस आर के कार्यों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गयी उप प्रबंधक (सी एस आर) चन्दन कुमार ने कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में केंद्रीय सतर्कता आयोग की सहभागी सतर्कता पहलुओं में से एक है। यह एक जागरूकता निर्माण और आउटरीच उपाय है जिसका उद्देश्य सभी हितधारकों को एक साथ लाना है। इसे शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए मनाया जाता है। आयोग सभी नागरिकों के सक्रिय समर्थन और भागीदारी के साथ अखंडता को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार को खत्म करने का प्रयास करता है। प्रत्येक वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह उस सप्ताह मनाया जाता है जिस सप्ताह भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्मदिन आता है।सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 में, सतर्कता जागरूकता सप्ताह 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 'भ्रष्टाचार को ना कहें; राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्ध रहें, प्रतिरोध का विरोध करें; राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें'। इसी कड़ी में सी सी एल, कथारा क्षेत्र के द्वारा भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है।



रजत कुमार गुप्ता

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे आजकल भविष्यवक्ता हो गये हैं। उन्हें घटित होने वाली तमाम गोपनीय सूचनाओं की पूर्व भविष्यवाणी करने का रिकार्ड हासिल है। ऐसा सिर्फ अभी नहीं हो रहा है बल्कि झारखंड में ईडी की छापामारी के दौरान भी कुछ ऐसा ही उनका बयान रहा है। उनका आरोप है कि महुआ मोइत्रा ने अपना लॉग इन और पासवर्ड दर्शन हीरानंदानी को देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है। यह बात समझ से परे है कि लोकसभा में सवाल पूछने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कैसे खतरा होता है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल कैसे जुड़ रहा है, यह तो निशिकांत दुबे ही बता सकते हैं।

# इशारों इशारों में दिल लेने .. ... ...



इशारों इशारो में भारतीय राजनीति में बहुत कुछ कहा जाता है। कई बार तो बिना किसी इशारे के भी लोग कुछ न कुछ समझ ही लेते हैं। आखिर यह इंडियन पॉलिटिक्स है भाई साहब और यह चुनाव का सीजन चल रहा है। यहां रस्सी भी सांप बन सकता है और सांप को भी लोग रस्सी समझकर उठाकर फेंक देते हैं। सब टैम टैम की बात है। लगता है अपने मोदी जी का भी टैम ठीक नहीं चल रहा है। इसलिए जो भी चाल चल रहे हैं, उसका असर उल्टा हो रहा है। उधर बेचारे अडाणी जी। पश्चिम बंगाल में निवेश का एलान कर आने के बाद भी ममता बनर्जी की चेली महुआ मोइत्रा को चुप नहीं करा पा रहे हैं। भला एथिक्स कमेटी के लोग भी यह नहीं जानते थे क्या कि वे जिंदा बम को हाथ में लेने जा रहे हैं। अपने गोड्डा वाले दुबे बाबा तो साइड से बोलकर खसक जाते हैं। अब एथिक्स कमेटी के चेयरमैन बेचारे झेल रहे हैं।

वैसे भाजपा सांसद निशिकांत दुबे आजकल भविष्यवक्त हो गये हैं। उन्हें घटित होने वाली तमाम गोपनीय सूचनाओं की पूर्व भविष्यवाणी करने का रिकार्ड हासिल है। ऐसा सिर्फ अभी नहीं हो रहा है बल्कि झारखंड में ईडी की छापामारी के दौरान भी कुछ ऐसा ही उनका बयान रहा है। उनका आरोप है कि महुआ मोइत्रा ने अपना लॉग इन और पासवर्ड दर्शन हीरानंदानी को देकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाला है। यह बात समझ से परे है कि लोकसभा में सवाल पूछने से राष्ट्रीय सुरक्षा को कैसे खतरा होता है। इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल कैसे जुड़ रहा है, यह तो निशिकांत दुबे ही बता सकते हैं। वैसे इस दौर में कथित गोदी मीडिया और खास कर अडाणी के स्वामित्व वाले मीडिया घरानों का आचरण शर्मनाक है जो कथित तौर पर एथिक्स कमेटी मे हुए अपमानजनक प्रश्नों का जायज बताने अथवा महुआ मोइत्रा के आचरण को गलत ठहराने में व्यस्त हैं।

दूसरी तरफ भाजपा के पप्पू करार दिये गये राहुल गांधी ने तो नाक में दम कर रखा है। बता भी दिया है कि सरकार बदलने पर क्या कुछ हो सकता है। इसे सुनकर कई लोगों के दिल की धड़कनें तेज होने लगी हैं। वे भी जानते हैं कि अगर सरकार बदली तो उन्हें तो ससुराल जाना ही पड़ेगा। अभी तक तो भाजपा की वाशिंग मशीन की वजह से बचे हुए हैं।

इसी बात पर एक पुरानी सुपर हिट फिल्म कश्मीर की कली का एक गीत याद आने लगा है। इस गीत को लिखा था एस एच बिहारी ने और संगीत में ढाला था ओ पी नय्यर ने। इसे आशा भोंसले और मोहम्मद रफी ने अपना स्वर दिया था। गीत के बोल इस तरह हैं।

***इशारों इशारों में दिल लेने वाले***
***बता ये हुनर तूने सीखा कहाँ से***
***निगाहों निगाहों में जादू चलाना***
***मेरी जान सीखा है तुमने जहाँ से***
***मेरे दिल को तुम भा गए***
***मेरी क्या थी इस में खता***
***मेरे दिल को तड़पा दिया***
***यही थी वो जालिम अदा, यही थी वो जालिम अदा***
***ये राँझा की बातें, ये मजनू के किस्से***
***अलग तो नहीं हैं मेरी दास्तां से***
***मुहब्बत जो करते हैं वो***
***मुहब्बत जताते नहीं***
***धड़कने अपने दिल की कभी***
***किसी को सुनाते नहीं, किसी को सुनाते नहीं***
***मजा क्या रहा जब की खुद कर लिया हो***
***मुहब्बत का इजहार अपनी जुबां से***
***माना की जान-ए-जहाँ***
***लाखों में तुम एक हो***
***हमारी निगाहों की भी***
***कुछ तो मगर दाद दो, कुछ तो मगर दाद दो***
***बहारों को भी नाज जिस फूल पर था***
***वही फूल हमने चुना गुलसितां से***

अब दिल्ली के अपने केजरीवाल भी ईडी के खिलाफ मोर्चा बांध चुके हैं। लगता है उन्हें यह हिम्मत झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिली है, जिन्होंने अब ईडी की समन को भी पोस्ट ऑफिस की चिट्ठी मान लिया है। बेचारे ईडी वाले भी क्या करें। राजस्थान में गहलोत को घेरने गये थे तो उनके ही दो अफसर घूसखोरी में गिरफ्तार हो गये। अब छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल पर पैसा लेने का आरोप लगा है, ऐसा गोदी मीडिया कह रही है। यह किस अफसर के द्वारा दी गयी जानकारी है, इसका पता नहीं है। सूत्रों के हवाले से पूरी कहानी ऐसा बयां कर रहे हैं मानों वे भी वहां मौजूद थे। इन तमाम कहानियों को पढ़ने से ऐसा लगता है कि इसका मूल लेखक एक ही है, जिन्होंने अपनी रचना के कुछ कुछ पन्ने सभी में बांट दिये हैं। खैर अब चुनावी बॉंड की बात कर लें क्योंकि इसमें मोदी सरकार ने कहा है कि इस चंदे के बारे में पूरी जानकारी का अधिकार जनता को ही नहीं है। कमाल है, जिसका देश, जो सरकार चुने, उसे ही जानने का अधिकार नहीं। अब देखते हैं चुनाव आयोग से क्या रिकार्ड निकलता है। बंद लिफाफे से भी कहीं अडाणी बम निकला तो लेने के देने पड़ जाएंगे, यह तो तय है।

## पद्मिनी कोल्हापुरी का रुझान संगीत की तरफ भी रहा है

बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी आज 58 वर्ष की हो गयी। पद्मिनी कोल्हापुरी का जन्म 01 नवंबर, 1965 को एक मध्यम वर्गीय कोंकणी परिवार में हुआ। उनके पिता पंढरीनाथ कोल्हापुरे शास्त्रीय गायक थे जबकि उनकी मां एयरलाइंस में काम किया करती थीं। घर में संगीत का माहौल रहने के कारण पद्मिनी कोल्हापुरी का रुझान भी संगीत की तरफ हो गया और वह अपने पिता से संगीत सीखने लगीं। वर्ष 1973 में प्रदर्शित फिल्म 'यादों की बारात' में उन्हें गाने का अवसर मिला। इस फिल्म में उनकी आवाज में रचा बसा यह गीत 'यादो की बारात निकली है आज दिल के द्वारे' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए। इसके बाद उन्होंने किताब, दुश्मन, दोस्त जैसी फिल्मों में भी अपनी बहन शिवांगी के साथ पार्श्वगायन किया। पद्मिनी कोल्हापुरी ने बतौर बाल कलाकार अपने करियर की शुरुआत निर्माता बी.एस.थापा की फिल्म 'एक खिलाड़ी बावन पत्ते' से की। वर्ष 1974 में उन्हें अपनी दूर की रिश्तेदार आशा भोंसले के प्रयास से देवानंद की फिल्म 'इश्क इश्क इश्क' में बतौर बाल कलाकार काम करने का मौका मिला। इसके बाद उन्होंने ड्रीमगर्ल, साजन बिना सुहागन, जिंदगी जैसी फिल्मों में भी बतौर बाल कलाकार काम किया। वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म 'सत्यम



शिवम सुंदरम' उनके करियर की अहम फिल्म साबित हुई। राजकपूर की इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री जीनत अमान के बचपन की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में पदमिनी के अभिनय को जबरदस्त सराहना मिली इसके साथ ही वह दर्शको के बीच अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गई। वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म 'इंसाफ का तराजू' पद्मिनी कोल्हापुरी के करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। बी.आर.चोपड़ा के बैनर तले बनी यह फिल्म वर्ष 1976 में प्रदर्शित हॉलीवुड फिल्म 'लिपिस्टक' की रिमेक थी। इस फिल्म में पद्मिनी कोल्हापुरी ने अभिनेत्री जीनत अमान की बहन की भूमिका निभाई थी जिन्होंने बलात्कार की शिकार एक युवती की भूमिका निभाई थी। फिल्म में अपनी संजीदा भूमिका से उन्होंने दर्शको का दिल जीत लिया साथ ही सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से भी सम्मानित की गई।बतौर अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुर ने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म 'जमाने को दिखाना है' से की। नासिर हुसैन निर्मित इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका अभिनेता ऋषि कपूर ने निभाई थी। बेहतरीन गीत-संगीत के बावजूद फिल्म को टिकट खिड़की पर अपेक्षित सफलता नहीं मिली। वर्ष 1982 में प्रदर्शित फिल्म 'प्रेम रोग' में पदमिनी कोल्हापुरी के अभिनय के नए रूप देखने को मिले। राजकपूर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने एक विधवा का किरदार निभाया था। अपने भावपूर्ण अभिनय से उन्होंने दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया।फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई। वर्ष 1982 में पद्मिनी कोल्हापुरी को सुभाष घई निर्मित फिल्म 'विधाता' में काम करने का अवसर मिला जो उनके करियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में उन्होंने अभिनय के अलावे एक गीत 'सात सहेलियां खड़ी खड़ी' को भी अपनी आवाज दी थी जो उन दिनों श्रोताओं के बीच क्रेज बन गया था। हालांकि, बाद में यह गीत बैन कर दिया गया था। वर्ष 1983 में प्रदर्शित फिल्म 'सौतन' उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में उन्हें सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ काम करने का अवसर मिला। फिल्म में एक अछूत कन्या का किरदार निभाया था। फिल्म में अपने संजीदा अभिनय के लिये पद्मिनी कोल्हापुरी सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 1985 में प्रदर्शित फिल्म 'प्यार झुकता नहीं' पद्मिनी कोल्हापुरी के करियर की सर्वाधिक सुपरहिट फिल्मों में शुमार की जाती है। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका मिथुन चक्रवर्ती ने निभाई थी। दोनों की जोड़ी को दर्शको ने बेहद पसंद किया। फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिए पद्मिनी कोल्हापुरी अपने करियर में दूसरी बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पिल्म फेयर पुरस्कार से नामांकित की गई।वर्ष 1986 में प्रदर्शित फिल्म 'ऐसा प्यार कहां' के निर्माण के दौरान उनका झुकाव निर्माता टुटु शर्मा की ओर हो गया और बाद में उन्होंने शादी कर ली। शादी के बाद पद्मिनी कोल्हापुरी ने फिल्मों में काम करना काफी हद तक कम कर दिया। वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म 'प्रोफेसर की पड़ोसन' के बाद पद्मिनी कोल्हापुरी ने फिल्म इंडस्ट्री से संयास ले लिया। वर्ष 2004 में प्रदर्शित मराठी फिल्म 'मंथन' से उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी वापसी की। फिल्म में उनकी भूमिका दर्शकों के बीच काफी सराही गई। उन्होंने अपने करियर में लगभग 60 फिल्मों में काम किया है। वह इन दिनों बॉलीवुड में अधिक सक्रिय नहीं हैं।

# शिखर वार्ता

शिखर वार्ता शब्द आजकल फैशन में है। रेडियो, टीवी, पत्र और पत्रिकाओं हर जगह यह शब्द सुनाई देता है। हमारे नेता, व्यावसायी यहां तक कि घर घर में शिखर वाताओं का दौर छाया रहता है। बड़ी-बड़ी बातें, दावतें, टीवी कवरेज के सिवा इन शिखर वाताओं में होता क्या है यह आमतौर पर बहुत कम लोगों को मालूम नहीं होता। शिखर वार्ता सफलता की नहीं निरंतरता की परिचायत होती हैं। वे आपकी लगातार मेहनत को परिभाषित करती हैं।

आइये इसे विस्तार से समझें। कुछ भी जो लंबा खिंचे देर तक चले, वह अंत में शिखर तक पहुंच ही जाता है। पहले आदमी बात करता है, बात बात में कभी कभी छींका फूट जाता है और बात बन जाती है। लेकिन जब छींका नहीं फूटता और बात भी नहीं बनती तब भी अंत वही होता है। ऐसे या वैसे एक न एक दिन आदमी शिखर पर पहुंच जाता है। यह शिखर कौन सा है यह इस बात पर निर्भर है कि चढ़नेवाला कौन है।

पहाड़ पर चींटी भी चढ़ जाती है शिखर पर जा विराजती है। अब शिखर का कितना हिस्सा घेर पाती है यह चीटी की अपनी सीमा और सामर्थ्य है। अलग अलग व्यक्तियों के अलग अलग शिखर होते हैं जैसे नेता हो तो प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति, अध्यापक हो तो प्रधानाचार्य, क्लर्क को हो हेड क्लर्क नामक शिखर की ओर प्रयत्नशील रहते हैं। रास्ते में वे कब सफल रहे कब असफल इसका महत्त्व नहीं होता। महत्त्व इस बात का होता है कि वे शिखर तक पहुंचे।

शिखरों की संख्या हर पर्वत श्रृंखला में अलग अलग होती है। भूगोल बताता है कि हमारे देश में अनेक पर्वत श्रृंखलाएं हैं और पर्वत श्रृंखलाओं में अनेक शिखर हैं। जैसे किसी ने आसमान में तारे नहीं गिने उसी प्रकार पर्वत शिखर भी नहीं गिने गए। यह व्यक्ति व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह अपना शिखर कहां ढूंढता है, कितना घेरता है और कितना लाभ उठाता है। बहुत से लोग शिखर न होने पर भी अपने शिखर वाताएं करते करते अपने शिखर का निर्माण कर लेते हैं। निश्चय ही ऐसे व्यक्ति बहुत प्रतिभावान होते हैं।

वे जानते हैं कि शिखर एक दिन में नहीं बनते। बनते बनते बनते हैं। और जब बन जाते हैं तो सम्मानों और पुरस्कारों की कमी नहीं रहती। पिछली आधी सदी में कितने शिखर सम्मान, कितने भारत रत्न कितने पद्म विभूषण, भूषण और पद्मश्री अनेकों राष्ट्रपतियों प्रधानमंत्रियों खिलाड़ियों, नेता, अभिनेता, लेखक, कवि, कलाकार और पत्रकारों को मिले। ये सब निरंतर शिखर वाताओं के कारण ही यहाँ तक पहुंचे। जो शिखर वार्ता करता है वही शिखर पर पहुंचता है। जो इन सब शिखरों पर नहीं पहुंचता वह भी जहाँ होता हैं वहाँ के शिखर पर पहुँच जाता है। यह सब शिखर वाताओं का ही प्रताप है।

कहते हैं कि शिखर पर जो विराजता है वह अकेला हो जाता है यानि वार्ता करने के लिये फिर उसके पास कोई नहीं बचता। हम जानते हैं मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है बिना बोले वह रह नहीं सकता नीचे वाले के पास कितनी बातें हैं ऊपर बैठा कितना गधा है उसने किस किस धूर्तता के रास्ते यह स्थान प्राप्त किया है इसकी कथा और अंतर्कथाएं वह कितना बेइमान है वह कहाँ और कितना कमीशन खात है किसका दुश्मन है और किसको फेवर करता है जैसे तमाम विषय बिखरे पड़े हैं जिसे पर वाताएँ होती है बहस और मुसाहिबें निंदारस बतरस। शिखर पर पहुंचा हुआ व्यक्ति इन सबसे वंचित हो जाता है।

शिखर और शिखर वार्ता ये दोनों कामकाजी लोगों के काम हैं। इनका सीधा संबंध सत्ता से है। शिखर अक्सर कुसीर्काल तक ही नसीब होता है। कुसीर्काल का अंत हुआ, गुड्डों का मुंडी हिलना बंद और मुस्कानें तिरोहित। शिखर पर स्थित साहब अपने दुख दर्द के साथ निपट अकेला होता है। मातहतों से मातहतों की नालायकी का रोना नहीं रो सकता। अपने दूर बैठे बास ने फटकारा है यह नहीं कह सकता। उसकी चरण धूलि लेने के लिये किस किस किस्म की कसरत और कवायद करनी पड़ती है इसका दुख नहीं गा सकता । मन की गागर छोटी है उसमें इससे ज्यादा सागर नहीं समा सकता। इसलिये एक शिखर दूसरे शिखर से वार्ता करने लगाता है। दो शिखरों में शिखर वाताएं होने लगती हैं। मन की भड़ास पूरी नहीं निकाली जा सकती इसलिये शिखर वातांए सौहार्दपूर्ण वातावरण में होती हैं। और उसमें होने वाली चचाएं सार्थक होती है। कुल मिलाकर ये सफल रहती हैं और दोनो शिखरों के पेड़-पौधे खग-मृग और मानव-मानवियों के संबंध मैत्रीपूर्ण व प्रगाढ़ हो जाते हैं। शिखर वार्ता का एक लाभ यह भी है कि प्रेस की पब्लिसिटी फोटक में मिल जाती है। आप चाहें कुछ करें या न करें, किसी निष्कर्ष पर पहुंचें या न पहुंचें दुनिया भर में आपके नाम और शिखर वार्ता में होनेवाले काम का ढिंढोरा पीटना आसान हो जाता है। अब यह तो सब जानते हैं कि काम करो या न करों नाम उसकी को होता है जो ढिंढोरची को बस में रखे। और मीडिया से बेहतर ढिंढोरची भला कौन हो सकता है।

## ››व्यंग्य››अलका पाठक



# योग से होगी बच्चों की मेंटल हेल्थ बूस्ट



उमेश कुमार सिंह

आजकल देखा जाता है की बच्चे कई बार परेशान और उदास हो जाते हैं। और फिर वह सब चीजों से बचने लगते हैं और हर समय चिढ़चिढ़ा महसूस करने लगते हैं। अगर आप भी बच्चे में इस तरह के बदलावों को देखती हैं तो आपको उसकी मेंटल हेल्थ बूस्ट करने के लिए कुछ टिप्स अपनाने चाहिए। बच्चों की फिजिकल हेल्थ के साथ-साथ मेंटल हेल्थ बहुत ज्यादा जरूरी है। तो चलिए जानते हैं कुछ आसान टिप्स जो बच्चे की मेंटल हेल्थ बूस्ट करने में आपकी मदद कर सकते हैं।अच्छी मेंटल हेल्थ के लिए फिजिकल हेल्थ का सही होना बहुत जरूरी है। अपने बच्चे के साथ रोजाना फिजिकल एक्सरसाइज करें और उन्हें अच्छे से आराम करने और ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह दें। यह एक अच्छा तरीका है जिससे आप अपनी मेंटल हेल्थ और मूड को बूस्ट कर सकते हैं। अपने बच्चे को रिलेक्स करने की आदत डलवाएं और उन्हें सिखाएं की वह इस दौरान किसी तरह की परेशानियों के बारे में न सोचें। बच्चे को आंखें बंद करके हैप्पी मोमेंट्स को याद करने की सलाह दे सकते हैं। *साथ में समय बिताएं*

बच्चों के लिए समय निकालें ऐसा करने से उन्हें पता चलता है कि आपके लिए वह कितने जरूरी हैं। इस समय में आप उनके साथ खेल सकते हैं। या फिर उनकी फेवरेट फिल्म देख सकते हैं। कोशिश करें की आपका बच्चा उस समय को एंजॉय करे।

फिजिकल एक्टिविटी के लिए मोटिवेट करें जब वह गलत हों तो उन्हें समझाएं। उन्हें बताएं की आप उनसे प्यार करते हैं लेकिन उनको अपने गलत व्यवहार को सुधारने की जरूरत है।

परीक्षा आते समय बच्चे पूरे दिन बैठकर पढ़ते रहते हैं जिससे शरीर में दर्द होने लगता है।



योग शारीरिक मानसिक थकावट को दूर करता है। योग बच्चों में मानसिक शांति और स्थिरता लाता है।

अगर बच्चे मे अवसाद, एग्जाइटी या मूड स्विंग्स जैसी परेशानियां उसमें देखने को मिल रही हैं, तो घबराइए मत। यहां योगा एक्सपर्ट अलका सिंह आपको बता रही है कुछ ऐसे आसान से योगासन जिन्हें आप घर पर भी बच्चों को करा सकते हैं जिससे बच्चे का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहेगा। बच्चे का पढ़ाई में मन लगेगा। उसका आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह सामाजिक जीवन में भी लोगों से मिलजुल कर चल पाएगा।

### सिर दर्द से निजात दिलाए हस्तासन

बच्चों के पूरे शरीर के लिए यह अत्यधिक लाभदायक आसन है। बच्चों के चेहरे की मांसपेशियों को तनाव रहित करता है। साथ ही साथ बच्चों के दिमाग में जो खराब रक्त प्रवाह के कारण सिर में दर्द, अत्यधिक सोचना, पढ़ाई की टेंशन लेना, इन सारी चीजों से मुक्ति दिलाता है। हमारी कमर वाले हिस्से में मजबूती लाता है, साथ ही साथ हमारे पूरे शरीर को तनाव रहित करता है।

### अर्धहलासनबच्चों की पाचन क्षमता को ठीक रखे

यह आसन बच्चों की पाचन क्षमता को बढ़ाता है। साथ ही साथ पेट की गैस को निकालता है। पेट की मांसपेशियों को मजबूत करता है। इस आसन को करने से रक्त का संचार पेट की तरफ होता है। जिसके कारण हमारा डाइजेस्टिव सिस्टम यह हमारे पाचन की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अंदरूनी मांसपेशियों को भी मजबूत करता है। इस आसन को करने से बच्चों की कमर में भी मजबूती आती है और शरीर में रक्त का प्रभाव बढ़ाने के साथ-साथ दिमाग में भी रक्त संचार बढ़ा देता है। जिसके कारण तनाव और एंग्जाइटी खत्म होती है। यह आसन आंखों के लिए भी बहुत अच्छा है।.

### वृक्षासन के अभ्यास से बॉडी मजबूत होती है

यह योग बच्चों में मानसिक शांति लाता है। बच्चे चंचल होते हैं जिस वजह से पढ़ाई पर ध्यान नहीं लगा पाते, लेकिन यह योग बच्चों में ठहराव लाता है। तो वहीं पढ़ाई के तनाव को कम करता है। यह आसन बच्चों के लिए सर्वोत्तम है। इसका अभ्यास बच्चों को सुबह शाम करना चाहिए।

### वृक्षासन करने की विधि

सावधान अवस्था में खड़े हो जाएं। अपने सीधे पैर को मोड़ते हुए उल्टे पैर की जंघा पर दोनों हाथों से सहारा देते हुए रखें लें।

कमर या गर्दन सीधी रहेगी। अब सांस भरते हुए दोनों हाथों को आसमान की ओर ले जाते हुए नमस्कार मुद्रा में कर लें।

अपनी दोनों आईबॉल्स को किसी एक जगह केंद्रित कर दें।

इस आसन में 30-35 मिनट रुकें।

दूसरे पैर से भी दोहराएं।

धनुरासन बच्चों की पीठ को मजबूत करने के लिए

बच्चे पढ़ाई के कारण पूरे दिन बैठे रहते हैं। जिस कारण उनकी पीठ पर दबाव पड़ता है। यह आसन बच्चों की कमर में मजबूती लाता है, उनके हाथों को मजबूत करता है। साथ ही साथ उनके पूरे शरीर को लचीला बनाता है। सुस्ती को खत्म करे।

### अधोमुख स्वानआसन

इस आसन को करने से बच्चों के शरीर में लचीलापन आता है। साथ ही साथ यह आसन स्फूर्ति को बढ़ाता है और सुस्ती को भगाता है। हमारे पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को बढ़ा देता है। हमारे हाथों को मजबूत करता है। हमारे पैरों में मजबूती लाता है। बच्चों को पढ़ते समय नींद बहुत आती है यह आसन नींद को भगाता है। साथ ही साथ यह आसन बच्चों के दिमाग को तेज करता है। हमारे सिर वाले हिस्से में रक्त संचार को बढ़ाता है। जिससे हमारे ब्रेन को प्रॉपर ऑक्सीजन मिल पाती है। उसी के कारण बच्चों की एकाग्रता बढ़ती है।

### मेडिटेशन

रोज मेडिटेशन को अवश्य करें जिससे आप आंतरिक शांति और स्थिरता प्राप्त कर सकें।

अंततःनिष्कर्ष यह निकलता है कि यदि परिवार जन बच्चे की मेंटल हेल्थ को बूस्ट करना चाहते हैं तो वह ज्यादा से ज्यादा बच्चे को समय दें उनको सपोर्ट करें उन्हें प्यार से समझाएं और हल्दी लाइफस्टाइल के लिए योग को जरूर अपनाएं जिससे उनकी मेंटल हेल्थ बूस्ट हो।

**अलका सिंह**
**योगा एक्सपर्ट**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### गंगा आरती का आयोजन

**बेरमो:** नमामि गंगे योजना के गंगा उत्सव कार्यक्रम तहत गंगा आरती का भव्य आयोजन किया गया। फुसरो नगर परिषद अंतर्गत हिंदुस्तान पुल फुसरो स्थित दामोदर नदी तट पर गंगा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बता दें कि फुसरो नगर परिषद द्वारा आयोजित नमामि गंगे योजना कार्यक्रम अंतर्गत गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में गंगा उत्सव कार्यक्रम कर गंगा आरती की गई।

## सिटी अपडेट्स >>

### एम के राव को व्यक्तिगत श्रेणी में सम्मान मिलने पर लोगों ने बधाई दी

**बेरमो:** कोल इंडिया के 49 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोल इंडिया मुख्यालय कोलकाता मे व्यक्तिगत श्रेणी में सीसीएल बीएंडके महाप्रबंधक एम के राव को सम्मान मिलने पर शनिवार को महाप्रबंधक कार्यालय मे बधाई देने वाले का दिन भर ताता लगा रहा। समारोह में पर्यावरण, सीएसआर, स्वच्छता, कोयला उत्पादन, स्टार-रेटिंग जैसे विभिन्न कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 6 कॉर्पोरेट अवाड्र्स एवं व्यक्तिगत श्रेणी में 6 अवाड्र्स से नवाजा गया। जीएम श्री राव ने कहा कि कोल इन्डिया के चेयरमैन और सीसीएल के सीएमडी वरीय अधिकारियों ,जनप्रतिनिधियों यूनियन प्रतिनिधियों ,विस्थापितों एवं सभी के सहयोग एवं सार्थक पहल के वजह से ही ये पुरस्कार मुझे मिला हैं जो सभी को समर्पित हैं। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया देश का महारत्न कम्पनी हैं देश को वर्तमान समय में भी 75 प्रतिशत बिजली कि जरूरत को कोल इंडिया पूरी करती हैं। इस वर्ष भी कोल इंडिया चैयरमैन पी एम प्रसाद के अगुवाई में कोयला उत्पादन लक्ष्य कि ओर बढ रहा हैं। बोकारो एवं करगली क्षेत्र का भविष्य बहुत ही उज्वल हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दामोदर घाटी निगम को केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने नोडल कार्यालय के रूप में अधिकृत किया है

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिला में सतर्कता संबंधी जागरूकता लाने हेतु जिला में दिनांक 30 अक्टूबर, 2023 से 05 नवम्बर 2023 के बीच कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है । ध्यातव्या रहे कि इन कार्यक्रमों हेतु दामोदर घाटी निगम को केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने नोडल कार्यालय के रूप में अधिकृत किया है । इस वर्ष केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह का मुख्य थीम रखा है -भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें और इसी विषय पर संगोष्ठी -सह- पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डीवीसी सभागार में 4 नवम्बर, 2023 को किया गया । के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अविनाश कुमार सिंह, भूतपूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा, अपर सचिव, वित्त विभाग -सह- वित्तु सलाहकार, झारखण्ड सरकार थे । सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अविनाश कुमार सिंह; संजय कुमार, निदेशक -सह- परियोजना प्रमुख, दाघानि, हजारीबाग; अमित कुमार शील, महाप्रबंधक, विकाश, सुरज कुमार, डॉ0 मनमथ नाथ मिश्र, राजेश पाठक एवं अन्य के द्वारा दीप प्रज्जवलित करके संगोष्ठी -सह- पुरस्कार वितरण समारोह की विधिवत शुरूआत की गई ।अमित कुमार शील ने सभी कार्मिकों से आह्वान किया कि ईमानदारी पूर्वक और पारदर्शी शैली को अपनाकर ही हमलोग सतर्क भारत, समृद्ध भारत की परिकल्पजना को पूरा कर सकेंगे । उन्होंने सभी कार्मिकों से एवं स्कूली बच्चों से आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए सभी बच्चों को धन्यवाद दिया । संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार डीजीटल करेंसी, डीजीटल पेमेंट और जेम पोर्टल के माध्यम से अपने कार्यालयों को भ्रष्टारचार से मुक्त करने का प्रयास कर रही है।

---

**लापरवाही** इचाक सीएचसी में मरीजों के साथ डॉक्टर करते हैं दुर्व्यवहार

# चिकित्सकों की मनमानी से मरीज बेहाल

- मनमानी सुधार नही किया तो जल्द करेंगे आंदोलन
- जनप्रतिनिधि को भी नहीं बख्शते



राष्ट्रीय खबर

**इचाक:** इचाक जीवनदाई डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं। अपने ईलाज के दौरान डॉक्टर अक्सर लोगों को मरीजों के साथ प्रेम और दया की भावना रखने का आग्रह करते नजर आते हैं लेकिन इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इचाक में डॉक्टरों की मनमानी से लोग परेशान हैं। मरीजों को डांट फटकार करना उनके साथ अभद्र व्यवहार करना कागज फेंक देना और इलाज करने के दौरान तल्ख तेवर अपनाना उनकी नियति बन गई है। ऐसा ही एक वाकया प्रखंड के पुराना इचाक पंचायत की पंचायत समिति सदस्या सरस्वती देवी के साथ भी सुनने को मिला। जहां पांच दिनों से बीमार पंचायत समिति सदस्या सरस्वती देवी जब अपने ईलाज के लिए शनिवार को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इचाक पहुंची तो ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर इरफान अंसारी ने बताते चलूं की पुराना इचाक पंचायत समिति सदस्या सरस्वती देवी अपनी सेहत की इलाज हेतु सीएचसी गई थीं। जहां पर डॉक्टर ओम ओम प्रकाश ने जांच किया। टेस्ट लिखकर कुछ दवाई लिख दिए। सरस्वती देवी ने जांच करवाई जहां पर मलेरिया नेगेटिव आया। टाइफाइड के लिए जांच कर रहे सीएचसी के मनोज जी द्वारा कहा गया की बाहर से करवा लिजिए टेस्ट और फिर सीएचसी डॉक्टर से मिल लिजिए। जैसे कहा गया, वैसे ही जांच करवा के वापस सीएचसी डॉक्टर पास मिलने पहुंची पंचायत समिति सदस्या। डॉक्टर इरफान रिपोर्ट देख सदर चल जानें की बात बोले। सरस्वती देवी ने सवाल की अगर यहां मलेरिया टाइफाइड तक का इलाज नही होता तो क्यू खोल के रखे है अस्पताल इसी बात को लेकर आग बबूला हो गए डॉक्टर इरफान और पंचायत समिति सदस्या के साथ अभद्र टिप्पणी, गाली गलौज, दुव्यवाहार करतें हुए गेट के बाहर निकाल दिए। मामला उप प्रमुख सतेंद्र मेहता को बताया गया।

यूवा नेता गौतम कुमार को जानकारी दी गईं। सीएचसी आकर इन्होंने डॉक्टर से संपर्क किए लेकिन उसी ताव, वैसा ही दुव्यवहार इनके साथ भी की गई । गौतम कुमार ने कहा की सीएचसी के इस हालात को देखते यह कहा जा सकता है की सिर्फ और सिर्फ डॉक्टर अपनी सैलरी और कमिशन के लिए आते हैं। असपताल। मरीजों के साथ उनकी कोई तालुक नही। आखिर कब तक सुधरेगी व्यवस्था प्रतिनिधि के साथ जब अभद्र व्यवहार किया जा सकता है तो आम जनता को कैसे इलाज करते होंगे डॉक्टर आखिर प्राईवेट मेडिकल भेजने पर क्या और कितना कमिशन मिलता है सीएचसी कर्मी को पंचायत समिति सदस्या ने एक लिखित और आवेदन देकर उक्त डॉक्टर के खिलाफ जांच पड़ताल कर हटाने की मांग की है। वहीं यूवा नेता गौतम कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा की जल्द से जल्द डॉक्टर की मनमानी सुधार नही किया जाता तो जल्द करेंगे हजारों लोगों के साथ आंदोलन। सीएचसी डॉक्टर ओम प्रकाश से बात करने पर बताया गया की मामला मेरे तक आई है। जांच पड़ताल कर करवाई किया जाएगा।

## चिकित्सा शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग एनटीपीसी पकरी बरवाडीह शिविर का उद्घाटन भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना विभाग के महाप्रबंधक पंकज ध्यानी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाप्रबंधक ने दीप प्रज्वलन स्थानीय गांव से आए बुजुर्गों के साथ मिलकर की। इस अवसर पर श्री ध्यानी ने कहा कि यह शिविर परियोजना के प्रभावित ग्रामीणों एवं प्रखंड वासियों का बेहतर सेवा प्रदान के लिए आयोजित की गई है। क्षेत्र के लोग स्वस्थ एवं खुशहाल रहें इसके लिए मेगा कैंप के माध्यम से कई प्रकार के जांच के एवं दवाइओं का वितरण भी मुक्त किया जा रहा है। इस मेगा कैंप में कई बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर को बुलाकर ग्रामीणों की हर समस्याओं का समाधान एवं डॉक्टरो को बुलाकर बेहतर उपचार प्रदान की गई। आपको बता दें कि मेगा शिविर के अलावा परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में दिन प्रतिदिन भी कैंप लगाकर लोगों को इलाज किया जाता है ताकि लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहे। शिविर में लगभग 600 मरीजों का इलाज एवं आवश्यकता अनुसार दवा का वितरण किया गया। साथ ही साथ आवश्यकता अनुसार बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी जैसे कई जांच भी की गई। शिविर में सीएमओ डॉक्टर कबीर प्रधान, डॉक्टर सुकुमार रेड्डी, डॉक्टर आनंद प्रकाश, डॉ जूही चावला, डॉ हीरालाल राम, डॉ रवि रंजन, डॉक्टर एमडी मालिक, डॉक्टर मयंक प्रताप सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ जयेश इत्यादि द्वारा जांच की गई।

# बाल विवाह एवं बाल हिंसा को रोकने को लेकर बैठक



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में आज जिला बाल संरक्षण इकाई, समाज कल्याण विभाग हजारीबाग के द्वारा बाल विवाह एवं बाल हिंसा को रोकने हेतू सुरक्षित बचपन, खुशहाल जीवन अभियान के तहत जिला स्तरीय मीडिया संवेदीकरण विषय पर मीडिया कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के विषेश अतिथि जिला सुचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, हजारीबाग उपस्थित थे। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम 31 अक्टुबर 2023 से 14 नवंबर 2023 तक सघन रुप से पुरे जिला में आयोजित किया जा रहा है। महिला बाल विकास एवं समाजिक सूरक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेशानुसार हजारीबाग जिले मे बाल विवाह, बाल यौन शोषण एवं बाल हिंसा को रोकने हेतु सुरक्षित बचपन खुशहाल जीवन के अंतर्गत मीडिया संवेदीकरण कार्यक्रम जिला स्तर पर आयोजित किया गया। बाल संरक्षण के क्षेत्र मे विभिन्न अधिनियम के सुचारू रूप से संचालन करने की दिशा मे किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 108 तथा लैंगिक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 43 के अंतर्गत आम जनता, बालकों के साथ उनके माता-पिता और संरक्षको को अधिनियम के उपबंधो के प्रति जागरूक बनाने के लिए विभिन्न माध्यमो से इसका प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करने का प्रावधान है।

# एचजेडबी आरोग्यम के निदेशक को मिली धमकी



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग जिला परिषद चौक स्थित एचजेडबी आरोग्यम हॉस्पिटल के प्रबंधक हर्ष अजमेरा को मोबाइल पर धमकी मिल रही है। धमकी देने वाला फोन पर कह रहा है कि अभी तो यह ट्रेलर है पिक्चर अभी बाकी है। निर्देशक अजमेरा ने इस धमकी के संबंध में एसपी और सदर थाने को लिखित आवेदन दिया है। उन्होंने मोबाइल नंबर पर व वाट्सएप से मिल रही धमकियों का डिटेल स्क्रीन सांट भी आवेदन के साथ संलग्न किया है। जिसे सदर पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल मामला दर्ज कर लिया है। सदर थाना कांड संख्या 463/ 23 अंडर सेक्शन 147, 149, 341, 323, 379, 384,120 (बी) , 504,506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कांड के अनुसंधानक सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार को बनाया गया है। अस्पताल प्रबंधन ने आवेदन में कहा है कि 1 नवंबर की मध्य रात्रि 11:30 बजे 14 वर्षीय बच्चे का शव बाहर से लेकर परिजन पहुंचे और मुख्य गेट के पास मृतक के परिजनों व समर्थकों के द्वारा अस्पताल में हंगामा किया गया था। चिकित्सकों के साथ मारपीट, छिनतय व महिला स्वास्थ्य कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया गया था । इस संबंध में 2 नवंबर को थाने में शिकायत की गई। इस शिकायत के बाद 3 नवंबर को मृतक मोहित राजकुमार के चाचा मनोज कुमार साहू के द्वारा लगातार धमकी दिया जा रहा है।आरोपी मनोज कुमार ने मोबाइल नंबर 7870796800 से मेरे मोबाइल नंबर पर कई बार फोन किया । वह व्हाट्सएप्प कॉलिंग कर भी धमकी दी है। कहा है कि इस पूरे घटना क्रम को रफा दफा करने के लिए रंगदारी की मांग कर रहा है और उनकी मांग पूरी नहीं होने पर जान माल की क्षति पहुंचाने की धमकी दी जा रही है।

## भाजपा का भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पीरटांड़:** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को भाजपा द्वारा एक दिवसीय हल्ला बोल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने की जबकि संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष शमशाद आलम ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहबादी उपस्थित थे। यहां यह बता दें की भारतीय जनता पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम पूर्व से निर्धारित था। जिसके कारण शुक्रवार शाम को ही प्रखंड के प्रभारी एमओ सह बीडीओ द्वारा तीन डीलरों को निलंबित कर दिया गया ।

शनिवार को धरने के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी ने प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोला, इस अवसर पर धरनार्थियों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एक और जहां भ्रष्टाचार पर नकेल कसने पर लगे हैं वहीं दूसरी और झारखंड सरकार एवं उनके पदाधिकारी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है।यहां के पदाधिकारी जनता को मजबूर ना करें नहीं तो भाजपा इसको बर्दाश्त नहीं करेगी जनता की लड़ाई हम लड़ेंगे और इस लड़ाई को सड़क से सदन तक ले जाएंगे इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल, पीडीएस, बालू, कोयला, आदि में व्याप्त भ्रष्टाचार पर हल्ला बोला। और पदाधिकारीयों को चेतावनी देते हुए कहा कि आप सभी सुधर जाए नहीं तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी।

**अभिव्यक्ति** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में नेशनल लेवल ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम

# अभिव्यक्ति को लिपिबद्ध करना ही रचनात्मक शिक्षाः डॉ प्रवीण

- मॉडल आधारित शिक्षण प्रबंधन सॉफ्टवेयर आधारित प्लेटफॉर्म
- विद्वतजनों ने रचनात्मक शिक्षा और मॉडल आधारित शिक्षण प्रबंधन पर बांटा ज्ञान



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय नेशनल लेवल ऑनलाइन फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम के पांचवें दिन शनिवार दो सत्रों में टीचर रिफ्रेशर कोर्स में देश के दो विद्वतजनों ने कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। इसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी)-2020 के लिए प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च स्तर के शिक्षकों एवं शोधार्थियों को नवीन तकनीकी-शैक्षणिक कौशल विकास की जानकारी दी गई। क्रिएटिंग थ्रो इनोवेटिव टेक्नो-पेडागोगिज इन द लाइट ऑफ एनईपी-2020 के तहत डॉ प्रवीण कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर एंड डीन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन एंड इंफोर्मेशन साइंस गुरुकाशी यूनिवर्सिटी तलबांडी साबो पंजाब ने कंस्ट्रक्टिविस्ट लर्निंग पर कहा कि जब भाषा एवं भाव को सुंदर ढंग से क्रमबद्ध रूप से संवारा या सजाया जाता है, तो वह रचना कहलाती है। रचना सिर्फ भाषा एवं साहित्य से ही नहीं, विज्ञान, कला और शिक्षा से भी संबंधित है। उन्होंने कहा कि रचना वह सार्थक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति है, जिसके माध्यम से हम निश्चित उद्देश्य को सामने रखकर अपने विचारों को लिपिबद्ध करते हैं। विद्यार्थियों में ऐसी क्षमता पैदा करना कि वे जो कुछ भी सोचें एवं मनन करें, उसमें एक क्रम हो और वह इस योग्य बन सकें कि बड़े से बड़े तथ्य को संक्षेप में पेश कर सकें। वहीं केरल केंद्रीय विवि कासरगोड शिक्षा विभाग के प्रो. वीपी जोशीथ ने मॉडल आधारित शिक्षण प्रबंधन पर कहा कि यह एक सॉफ्टवेयर आधारित प्लेटफॉर्म है, जिसकी मदद से एडमिनिस्ट्रेशन, ऑटोमेशन और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में कई तरह के कोर्स, ट्रेनिंग प्रोग्राम और जानकारी देने व जांच करने को सफल बनाया जाता है। लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम ऐसी विधा है, जिसकी मदद से व्यक्तिगत, शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थाएं कर्मचारियों और छात्रों को प्रशिक्षण देने तथा उनकी जांच करने में सक्षम बनाती हैं। कार्यक्रम में मंच संचालन गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज आईक्यूएसी की समन्वयक डॉ बसुंधरा कुमारी और समन्वय व धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापिका दीपमाला व डॉ अंतिम बाला पांडेय ने किया। मौके पर कार्यक्रम के चेयरपर्सन प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव समेत सभी प्राध्यापक और बीएड के प्रशिक्षु मौजूद थे।

---

## न्यूज फटाफट

### विधायक ने खिलाड़ियों के बीच खेल सामग्री का किया वितरण

**इचाक:** इचाक बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने बरियठ फुटबॉल टीम खिलाड़ियों को फुटबॉल खेल सामग्री जर्सी, बूट का किया वितरण। पूर्व बिस सूत्री उपाध्यक्ष व समाजसेविय निरंजन मेहता ने कहा कि विधायक अमित कुमार यादव फुटबॉल खेल प्रेमी है एवं खिलाड़ियों के उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से वितरण किया है। श्री मेहता ने यह भी कहा कि खेल के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ाने में विधायक अमित कुमार यादव कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जिस तरह का सहयोग चाहिए संपर्क कर सहयोग ले सकते हैं। वही बरियठ टीम के खिलाड़ियों ने विधायक अमित कुमार यादव पर आभार व्यक्त किया।

### अंचलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**केरेडारी:** केरेडारी आगामी लोकसभा चुनाव में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग को शत प्रतिशत मतदान के योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, सुधार करने एवं मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम विलोपित करने हेतु विशेष अभियान के तहत अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केरेडारी द्वारा प्रखंड के अति संवेदनशील मतदान केंद्र संख्या 01 गोपदा एवं मतदान केंद्र संख्या 02 लोहरा सहित अन्य मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थित बीएलओ से उक्त संबंध में जानकारी प्राप्त किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जांच किया गया। अंचलाधिकारी रामरतन कुमार वर्णवाल ने सभी बीएलओ को मतदान केंद्र में विशेष शिविर के दौरान मौजूद होकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए प्रपत्र 6, 7, 8 प्राप्त कर ऑनलाइन करने हेतु निर्देश भी दिए। अंचलाधिकारी द्वारा गोपदा और लोहरा गांव के ग्रामीणों से इस अभियान में शामिल होकर आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान अभियान में शामिल होने की अपील भी की गई। साथ ही उत्क्रमित विद्यालय लोहरा में अध्ययनरत छात्रों से अंचलाधिकारी मिले। उनसे पठन पाठन से संबंधित जानकारी हासिल की उन्हे पढ़ने और नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित भी किया।

### मुखिया ने विद्यालयी बच्चों के बीच किया बैग व कॉपी का वितरण



**इचाक:** इचाक प्रखंड के डाड़ीघाघर पंचायत के मुखिया नंदकिशोर कुमार ने पंचायत विभिन्न विद्यालयों में सरकार द्वारा मिली बैग व कॉपी का वितरण किया। मुखिया श्री कुमार ने कहा कि पंचायत के मध्य विद्यालय डाड़ीघाघर में 145, प्राथमिक विद्यालय तुरी में 42, प्राथमिक विद्यालय सिमरतरी में 45 विद्यालयी बच्चों के बीच वितरण किया गया। मुखिया श्री कुमार ने कहा कि सरकार का यह योजना से सरकारी विद्यालय के प्रति लोगो का आकर्षण बढ़ेगा। विशेषकर सुदुर वर्ती क्षेत्रो में बसे लोगो का आकर्षण बढ़ेगा। इसका बहुत बड़ा प्रभाव जंगली क्षेत्रो में पड़ रहा है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य लीलावती देवी के अलावा मध्य विद्यालय डाड़ीघाघर में प्रभारी, प्रदीप कुमार, राजेश प्रसाद मेहता, अमिताभ पांडेय, तुरी में वीरेंद्र कुमार, सुबाष कुमार, जबकि सिमरातरी में प्रविल राम, जयनारायण मेहता समेत सम्बंधित विद्यालयों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

### विधायक ने किया चयकला मुख्यपथ का शिलान्यास



**चौपारण:** चौपारण दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला चयकला का मुख्यपथ का बहुत जल्द ही कायाकल्प होने वाला है। जिसका शिलान्यास बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने शनिवार को महराजगंज चौक पर लगे शिलापट्ट में नारियल फोड़कर किया। तत्पश्चात विधायक श्री अकेला ने प्रखण्ड के यवनपुर पंचायत के भदेल और पौज में ट्रांसफर का उद्घाटन फीता काट कर किया। उसके बाद उन्होंने चयकला पंचायत के करमा आहार के गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का उद्घाटन नारियल फोड़ कर किया। तत्पश्चात पंचायत भवन चयकला के परिसर में मुखिया हेलाल अख्तर के नेतृत्व में भब्य समारोह आयोजित कर विधायक श्री अकेला का जोरदार स्वागत किया गया। जहां चयकला के समस्तवसियो की ओर से उन्हें सड़क निर्माण के लिए आभार ब्यक्त किया गया। इस दौरान विधायक श्री अकेला ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के हर समस्याओं का समाधान करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहा हूँ। और यह आपलोगों के सहयोग से ही सम्भव है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मंटु यादव, निजामउद्दीन अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर, मुखिया जानकी यादव, बैजू गहलौत, बीरबल साहू, ईकबाल अनसारी, बनवारी प्रसाद, गुलाम सरवर, बीरबल रविदास, भीम नायक, महमूद आलम, सलाम उद्दीन, मोहम्मद जकाउल्लाह, मोहम्मद समी अख्तर, मोहम्मद आसिम रजा, मोहम्मद फसीह उद्दीन सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे ।

### अंचलाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**हजारीबाग:** हजारीबाग आगामी लोकसभा चुनाव में 18 वर्ष और उससे अधिक शत प्रतिशत मतदान के योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में नाम दर्ज करने, सुधार करने एवं मृत मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने के विशेष अभियान के तहत अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी केरेडारी द्वारा प्रखंड के दुरस्त मतदान केंद्र 01गोपदा 02 लोहरा सहित अन्य मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और उपस्थित बीएलओ से इस संबंध में जानकारी प्राप्त किया और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच किया। इस दौरान अंचलाधिकारी ने सभी बीएलओ को मतदान केंद्र में विशेष शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करते हुए प्रपत्र 06, 07, 08 प्राप्त कर ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। अंचलाधिकारी द्वारा भी गोपदा और लोहरा गांव के ग्रामीणों से इस अभियान में शामिल होकर आगामी लोकसभा चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान अभियान में शामिल होने की अपील की गई।

## प्रदेश >> अपडेट

### विधवा महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला हुआ दर्ज

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक व्यक्ति के द्वारा एक विधवा महिला के साथ जबरन दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। घटना विगत 17 अक्टूबर की है। घटना को लेकर पीड़ित महिला ने बीते कल देर सब महेशपुर थाने में नामजद आरोपित महेशपुर गांव निवासी सुभाष भगत के खिलाफ जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने अकांक्षा कोयंबटूर रवाना

**पलामू:** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और तमिलनाडु एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में चार दिवसीय नेशनल जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन तमिलनाडु के नेहरू स्टेडियम कोयंबतूर में किया गया हैं। प्रतियोगिता दिनांक 07से 10 नवंबर 2023 तक होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू से आकांक्षा कुमारी रांची रेलवे स्टेशन से आज ही धनबाद अलेप पी एक्सप्रेस से रवाना हुई है।

### उपायुक्त ने की बैठक आयोजित

**गुमला :**उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में छठ पूजा समिति के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में उपायुक्त द्वारा आगामी छठ महापर्व को देखते हुए छठ की तैयारियों के साथ साथ अन्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान समिति के सदस्यों को रागी मिशन अंतर्गत जिले के दीदियों द्वारा बनाये जा रहे रागी के ठेकुवे को भी पूजा में शामिल करने की सलाह दी।साथ ही दिनांक 08 नवंबर को गुमला जिला के सभी 12 प्रखंडो में दिवाली मेला सह मिलेट दिवस का आयोजन किया जाना है जिसमे सखी मंडल की दीदियो द्वारा स्टॉल के माध्यम से रागी मिशन अंतर्गत निर्मित सामग्रियों एवं मिट्टी के दीयों एवं अन्य सामग्री का विक्रय किया जायेगा ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कांग्रेस बुथ कमेटी का हुआ गठन

**पाकुड़ :** प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा पाकुड़ प्रखंड में बूथ कमेटी गठन का सिलसिला लगातार जारी है। इस क्रम में 3 नवंबर को प्रखंड अध्यक्ष मांसारुल हक के नेतृत्व में गोधाईपुर पंचायत मे बूथ कमेटी का गठन किया गया। जिस मे मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री कुमार सरकार तथा प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम एवं जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन,सोशल मीडिया प्रभारी पियारूल इस्लाम के आलवा मुखिया हारून रशीद, जमीदार शेख,जहरोल शेख , अबू ताहिर सेख एवं दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अपने प्रखंड के सभी बूथ कमेटी गठन आगामी चुनाव के मद्देनजर किया जा रहा है। शीघ्र ही सभी बूथों में कमेटी का गठन कर लिया जाएगा।

### जिला में 33 लैम्पस का होगा कंप्यूटरीकरण

**पाकुड :**जिले के लैम्पस के कंप्यूटरीकरण को लेकर सूचना मुख्य अतिथि के रूप में एस.एस मंडल शाखा प्रबंधक झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक पाकुड के नेतृत्व में सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के चयनित व सक्रिय 33 लैम्पस अध्यक्षों को कंप्यूटरीकरण योजना के बारे में बताया गया। इस दौरान सभी लैम्पस के लिए एक आइडी पासवर्ड भी जेनरेट किया गया। प्रशिक्षण दे रही कंपनी आईटी सोल्यूशन के प्रशिक्षक रविकांत कुमार ने लैम्पस अध्यक्षों को बताया कि लैम्पस को आधुनिक एवं वहां ही रहे जमा निकास को डिजिटाइज्ड करने की योजना के तहत गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी शुरूआत दिल्ली में कुछ माह पहले की है झारखंड के 1500 लैम्पस का होगा। उन्होंने बताया गया कि प्रथम चरण में पाकुड़ जिला के 33 लैम्पस का कंप्यूटरीकरण किया जाना है।

---

**योजना** — हर घर नल जल योजना में लापरवाही की शिकायत उपायुक्त से

# संवेदक कर रहे मनमर्जी : पंसस अयूब

- नरेश उरांव के घर के सामने लगे टावर टंकी में भी पानी नहीं चढ़ रहा है
- दो टावर के कनेक्शन धारियों को एक बुंद पानी नसीब नहीं हो रहा है
- कनेक्शन की पाईप में जगह जगह पानी लिकेज हो रहा है
- करीब एक दर्जन घरों में पानी का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** कामता पंचायत के ग्राम भुसाढ़ के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त के नाम कार्यालय को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें हर घर नल जल में घोर लापरवाही बरतने की शिकायत की है।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम भुसाढ में हरघर नल जल योजना के तहत बोरिंग कर टावर खड़ा किया गया है लेकिन भुसाढ़ गांव के प्रेम उरांव के घर के समीप लगे टावर के पानी टंकी में एक बुंद पानी नहीं चढ़ रहा है वहीं नरेश उरांव के घर के सामने लगे टावर टंकी में भी पानी नहीं चढ़ रहा है, इस दो टावर के कनेक्शन धारियों को एक बुंद पानी नसीब नहीं हो रहा है। करीब एक दर्जन घरों में पानी का कनेक्शन ही नहीं दिया गया है। घरों में नल तो दिया गया है लेकिन नल का नीचे की जमीन में पक्का का फर्श अबतक नहीं बन पाई है। नरेश उरांव के घर के सामने लगे टावर की सीढ़ी को रस्सी के सहारे बांधकर छोड़ दिया गया है इससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है।

**जगह जगह पाइप लीकेज है**

कनेक्शन की पाईप में जगह जगह पानी लिकेज हो रहा है। इसे दुरुस्त करने के लिए कई बार मिस्त्री से कहा गया लेकिन अबतक इसे ठीक नहीं कराया गया है। कार्य की शुरूआत हुए करीब दो महिने से अधिक समय हो गया ग्राम भुसाढ में लेकिन अबतक भुसाढ़ की हरघर नल जल योजना की ठिकेदार का कोई अता पता नहीं है। ज्ञापन में भुसाढ़ में हरघर नल जल योजना के अधुरे कार्यों को ठीक कराने की अनुरोध की गई है।

**इन ग्रामीणों की शिकायत**

ज्ञापन में वार्ड सदस्य सुमंत उरांव, तेज कुमार पन्ना, बैजनाथ ठाकुर, सीमा देवी, जतरी देवी, द्वारीका ठाकुर, पीटर एक्का, सुरज देव उरांव, सुनील गंझु, दिनेश कुमार, बनारसी साव, अनिल गंझु, पुनम देवी, संजय उरांव, नंदलाल ठाकुर, प्रेम उरांव, मजरी देवी, मांती देवी, प्रकाश उरांव, बिराजो देवी, गोवर्धन उरांव, नुतन किस्पोट्टा, सुनील मिंज, सुकंती देवी, उर्मिला देवी, सुकरी देवी, दिपा देवी समेत कई लोगों के हस्ताक्षर है।

**जैसे तैसे पूरा किया जा रहा काम : पंसस अयूब**

इधर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा है कि हर घर नल जल के संवेदक बेलगाम हो गया हैं, संवेदकों का काम धरातल पर जैसे तैसे हो रहा, संवेदक का कोई अता पता ही नहीं चलता है, घटिया काम हो रहा है।

---

खटवा नदी के छठ घाट स्थित जीएम लैंड पर दबंगों का कब्जा

## अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने डीसी को दिया आवेदन

राष्ट्रीय खबर

**गुमला :** गुमला के चंदाली खटवा नदी के छठ घाट स्थित गैरमंजरुआ जमीन पर दबंग एवं असामाजिक तत्वों के द्वारा कब्जा कर अतिक्रमण किया जा रहा है जिससे छठ व्रतियों को परेशानियां के साथ साथ छठ मेला भी प्रभावित होने तथा शांति व्यवस्था भंग हो सकता है, जिसे लेकर चंदाली, टोटो, लोरो, सोसो, भलदम चट्टी एवं गुमला शहर के दुंदरिया, शिव नगर , कार्तिक नगर के कई ग्रामीण जनता ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मिलकर उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाया तथा उपायुक्त ने इस मामले पर जांच एवं कारवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन के पास अग्रसारित किया है । ग्रामीणों का कहना है कि विगत कई वर्षों से खटवा नदी स्थित छठ घाट पर अगल बगल के कई गांवों के लोग गाजे बाजे के साथ छठ महापर्व करने के लिए जुटते हैं और वहां पर मेला लगता है जिसकी सुरक्षा के लिए पुलिस टीम भी मौजूद रहती है लेकिन इस वर्ष असामाजिक तत्वों के कारण शांति भंग हो सकता है जिसे लेकर प्रशासन से समय रहते गुहार लगाया गया है । ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे । ग्रामीणों का कहना है कि यह गैर मंजरुआ जमीन खाता नं 84, प्लाट नं 188, रकबा 1.13 एकड़ जमीन जमीनदार बड़ाईक देवनंदन सिंह का है जिसे आम लोगों के उपयोग के लिए छोड़ा गया है ।

---

## गोड्डा का स्टॉल दिवाली मेले में बना आकर्षण का केंद्र




राष्ट्रीय खबर

**गोड्डा :** झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एशोसिएशन (जेसोवा) की तरफ से रांची के मोरहाबादी मैदान में 2 से 6 नवंबर तक दिवाली मेले का आयोजन किया गया है। मेले का उद्घाटन गुरूवार को मुख्यमंत्री के हाथों किया गया था। इस मेले में 200 से ज्यादा स्टॉल हैं जिसमें हस्तशिल्प के साथ की अन्य तरह के स्टॉल हैं, लेकिन अदाणी फाउंडेशन द्वारा लगाया गया ज्ञानोदय-गोड्डा के मॉडल का स्टॉल मेले में आये लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल में बने मॉडल के माध्यम से अदाणी पावर द्वारा गोड्डा में किए जा रहे सीएसआर कार्यों के तहत चलाए जा रहे ज्ञानोदय कार्यक्रम को प्रदर्शित किया गया है। ज्ञात हो कि जिला-प्रशासन के दिशानिर्देश पर गोड्डा के 324 सरकारी स्कूलों में ज्ञानोदय कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके चलते सुदूर ग्रामीण इलाकों के 60 हजार से अधिक बच्चों को ई-लर्निंग के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल रहा है। स्टॉल में लगे डिस्पले के माध्यम से अदाणी फाउंडेशन के द्वारा गोड्डा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में लगातार किए जा रहे कामों को भी दिखाया जा रहा है। स्टॉल में आए लोग अदाणी फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते दिखे।

---

## उपायुक्त ने बाबा मंदिर के साफ सफाई का लिया जायजा



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** उपायुक्त विशाल सागर द्वारा बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुँचकर साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था व विधि-व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने मंदिर प्रांगण के अलावा उमा भवन, संस्कार भवन, प्रशासनिक कार्यालय का निरीक्षण करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर किए जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मंदिर प्रांगण और आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था पर रोष प्रकट करते हुए संबंधित एजेंसी के कार्यप्रणाली को सुधारने का निर्देश दिया। साथ ही साफ-सफाई की व्यवस्था को बेहतर न बनाने की स्तिथि में संबंधित एजेंसी पर कारवाई करने का निर्देश उपायुक्त ने बाबा मंदिर प्रभारी को दिया। चौबीसों घंटे बाबा मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई व कचड़ा उठाव के अलावा सफाई कर्मियों को यूनिफॉर्म और आवश्यक सफाई किट उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को देखते हुए मंदिर प्रांगण के अलावा किसी भी आपातस्थिति से निपटने हेतु मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह बाबा मंदिर प्रभारी दीपांकर चौधरी, मंदिर प्रबंधक रमेश परिहस्त, एनआरपी के अभियंता, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सिटी मैनेजर प्रकाश मिश्रा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, मंदिर के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को दिन प्रतिदिन बेहतर बनाने के अलावा मंदिर के रंगरोगन व प्रागण के फर्श की मरम्मतीकरण का निर्देश बाबा मंदिर प्रभारी को दिया। इसके अलावे मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं की सुविधा के साथ पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने का निर्देश दिया गया। मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को थमोकोल और प्लास्टिक मुक्त बनाने का आग्रह सभी से किया है, ताकि सही मायने में बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके।

---

## लीगल लिटरेसी क्लब में दी गई कानूनी जानकारी



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर आज शनिवार को अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ निर्मल कुमार भारती के मार्गदर्शन में जिधातो गर्ल्स हाई स्कूल पाकुड़ एवम् रानी जोर्तिमय गर्ल्स हाई स्कूल में लीगल लिटरेसी क्लब के तहत कार्यक्रम आयोजित कर कानूनी साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम के तहत डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के नुकुमुद्दिन शेख ने उपस्थित छात्रा को विधिक जानकारी समेत मौलिक अधिकार एवम् कर्तव्य के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी दी।साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत किया लाभ मिलता है नालसा किया है और लीगल लिटरेसी के लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी उन्होंने ने बताया कि आज इस कानून के जानकारी सभी को भविष्य में अपने अधिकार,हक के लिए शसक्ता प्रदान करता है।

---

**घटना** — पुलिस बच्चे की पहचान करने की कोशिश कर रही है

# कोयल नदी से दो साल के बच्चे का रेस्क्यू

- बच्चा पानी के तेज बहाव में आने से बच गया
- ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बच्चे को पानी से निकाला
- रेस्क्यू किया गया बच्चा दो साल का लड़का है



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** पलामू जिले के ऊंटारी रोड बंजारी कोयल नदी से दो साल के बच्चे का रेस्क्यू किया गया है। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बच्चे को पानी से निकाला और इलाज के लिए अस्पताल में भेजा। इसके बाद बाल कल्याण समिति को इसकी जानकारी दी गयी है। वहीं पुलिस बच्चे की पहचान की कोशिश भी कर रही है। ऐसी आशंका है कि शुक्रवार रात को किसी ने बच्चे को पुल से नीचे नदी में फेंक दिया होगा।उंटारी रोड के इलाके में शुक्रवार की शाम कुछ लोग कोयल नदी पर बने पुल से गुजर रहे थे। इसी क्रम में उन्हें एक बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीणों ने देखा कि एक बच्चा पुल के नीचे पानी में लगातार रो रहा है। इसके बाद लोगों द्वारा शोर मचाए जाने के बाद ग्रामीण जमा हुए और तत्काल इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे का रेस्क्यू किया।जिस जगह से बच्चे को निकाला गया, वहीं पानी काफी छिछला है इसलिए बच्चा पानी के तेज बहाव में आने से बच गया। पुलिस ने बच्चे को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने उसे स्वस्थ बताया है। रेस्क्यू किया गया बच्चा दो साल का लड़का है लेकिन वो कौन है इसकी पहचान नहीं हो पायी है। इस संबंध में उंटारी रोड थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र महतो ने बताया कि कोयल नदी से रेस्क्यू किये गये बच्चे की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

आसपास के ग्रामीणों ने अब तक इसकी पहचान नहीं की है। पदाधिकारी ने आशंका जताई है कि ऐसा लगता है किसी ने इसे पुल से नीचे नदी में फेंक दिया गया था अंधेरा होने ही वाला था कि पुलिस को इसकी जानकारी मिल गई। सब इंस्पेक्टर ने बताया कि बच्चा स्वस्थ है और मामले में बाल कल्याण समिति को सूचना दी गई है बच्चे को बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया जा रहा है।

---

## न्यूज फटाफट

### राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते 12 पदक

**मेदिनीनगर:** खेलो झारखंड-2023 के अंतर्गत 27 से 31 अक्टूबर तक रांची के खेलगांव में राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंडर 14, 17 एवं 19 में बालक तथा बालिका वर्ग के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में पलामू जिले से विभिन्न स्पधाओं में खिलाड़ियों ने कुल 12 पदक अपने नाम किये। सात स्वर्ण, दो रजत एवं तीन कांस्य पदक प्राप्त किये।जिला स्तर पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 81 खिलाड़ियों (42 छात्र और 39 छात्राएं) ने इसमें भाग लिया था। पलामू जिले से खिलाड़ियों के साथ 6 शिक्षकों को भी भेजा गया था।गोल्ड जितने वाले पलामू के खिलाड़ियों में अंडर- 14 शॉर्टपुट में बीसीसी मिशन की सुहानी सिंह, अंडर- 17 डिस्कस थ्रो में बीसीसी मिशन गर्ल्स हाईस्कूल आबादगंज की शिवानी कुमारी, अंडर- 17 शॉर्टपुट में गर्ल्स प्लस टू हाईस्कूल मेदिनीनगर की आर्या सिंह, अंडर- 17 जेविलिन थ्रो में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के हेमंत कुमार, अंडर- 17 डिस्कस थ्रो में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के ही एमडी इरफान अली, अंडर- 19 पांच हजार मीटर रेस में संत इगुनिशियस हाईस्कूल कुंडपानी रामगढ़ के वाल्टर कंडुलना, अंडर- 17 शॉटपुर्ट में गिरिवर प्लस टू हाईस्कूल के आर्यन कुमार शामिल हैं।

### 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' से सम्बंधित बैठक जिला परिवहन पदाधिकरी की अध्यक्षता में संपन्न

**पाकुड़ :** जिला परिवहन पदाधिकरी संजय पीएम कुजूर के द्वारा गुरुवार देर शाम को ज़िला परिवहन कार्यालय में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना' से सम्बंधित बैठक बस मालिक एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। राज्य के ग्रामीण और सुदूर जनजातीय क्षेत्रों में सड़क परिवहन और आवागमन व्यवस्था को बेहतर बनाने पर सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस कड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड,अनुमंडल और जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू किया जाना है, ताकि दूर-दराज के गांव में रहने वाले लोगों को सुलभ परिवहन व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

### ब्लॉक लेवेल बैंकर्स कमेटी बीएलबीसी की बैठक आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव की अध्यक्षता में ब्लॉक लेवेल बैंकर्स कमेटी (बीएलबीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में मुख्य रुप से कृषि ऋण, मुद्रा ऋण, फसल बीमा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित बारी-बारी से समीक्षा कर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही जेएसएलपीएस के सखी मंडल के दीदीयों की ऋण उपलब्धि पर समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा के तहत मजदूरों का मजदूरी भुगतान शत-प्रतिशत आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के माध्यम से किए जाने के लिए लंबित मजदूरों का ई-केवाईसी कराने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रुप से केसीसी ऋण को प्राथमिकता के आधार पर करने के लिए सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार पति-पत्नी व चार वर्षीर्या बच्ची गंभीर रुप घायल

**महेशपुर (पाकुड़):** महेशपुर- गुमामोड़ मुख्य सड़क के तेलियापोखर गांव के पास शाम को बाइक असंतुलित होकर सड़क पर गिर जाने से बाइक पर सवार पति-पत्नी तथा चार वर्षीर्या बच्ची गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घटना के बाद लोगों ने जख्मियों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर पहुंचाया।

### राजद जिला उपाध्यक्ष बने अब्दुल रसीद



**चंदवा:** राष्ट्रीय जनता दल लातेहार जिला कमिटी ने चंदवा निवासी मो. अब्दुल रसीद को लातेहार जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने कहा कि मैं पूरी ईमानदारी से इस पद की गरिमा का ख्याल रखूँगा और पार्टी हित में उचित कदम उठाऊंगा। उनके उपाध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, सचिव बब्लू गिरी, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष अजित श्रीवास्तव, महासचिव तपवन कुमार यादव के अलावे हारून रशीद, संजीवन भोगता, जमील आलम समेत राजद परिवार ने बधाई दी है।

### प्रस्ताव पर स्वीकृति के बाद होगी कार्रवाई: डीसी

**दुमका :**उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में पीएमजेभीके (प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम) से संबंधित बैठक आयोजित की गयी।बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए राजीव कुमार ने बताया कि कि दुमका जिला के 2 प्रखंड काठीकुंड तथा शिकारीपाड़ा को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम योजना से आच्छादित किया जा रहा है।वित्तीय वर्ष 2023-24 में काठीकुंड प्रखंड के लिए कुल 19 योजनाओं को चयनित किया गया है,वहीं शिकारीपाड़ा प्रखंड के लिए 26 योजनाओं का चयन किया गया है।इन प्रखंडों के लिए चयनित योजनाओं में मुख्य रूप से विद्यालय में एडिशनल क्लासरूम, पेयजल आपूर्ति,शौचालय एवं सामुदायिक भवन शामिल है।शिकारीपाड़ा प्रखंड के लिए चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 93576100 रुपये का प्रस्ताव तथा काठीकुंड प्रखंड के लिए चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 8,84,67,637 रुपये का प्रस्ताव राज्य स्तर पर भेज दिया गया है।उपायुक्त ने कहा कि प्रस्ताव पर स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाय।बैठक में शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन,कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार कच्छप एवं चयनित सदस्य उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने किया जागरूकता रथ को रवाना

**गुमला:** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए सभी अर्हता प्राप्त व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम निबंधन हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता रथ रवाना किया गया। जागरूकता रथ के द्वारा जिले के सभी प्रखण्डों में भ्रमण कर मतदाता को जागरूक किया जायेगा। मौके पर उप विकास आयुक्त, गुमला / उप निर्वाचन पदाधिकारी गुमला / निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 68 गुमला (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा विशेष कैम्प की निर्धारित तिथि 04.11.2023 एवं 05.11.2023 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, गुमला के आदेशानुसार 67 सिसई (अ०ज०जा०) के 332, 68-गुमला (अ०ज०जा०) के 313 एवं 69- विशुनपुर (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 349 कुल 994 मतदान केन्द्रों विशेष कैम्प का आयोजित किया गया है। विशेष कैम्प का औचक निरीक्षण जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों के द्वारा की गई।

### झामुमो ने पंचायत कमिटी एवं बूथ कमिटी का किया गठन

**महेशपुर:** प्रखंड के जयपुर पंचायत के अमृतपुर गांव मे शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी की तरफ से पर्यवेक्षक बुदल यादव के नेतृत्व मे पंचायत कमिटी एवं बूथ कमिटी का पूनर्गठन किया गया. जिसमे सर्वसाम्मति से पंचायत अध्यक्ष सफीकुल रहमान, सचिव मरजेम शेख, उपाध्यक्ष रायहान शेख, सह सचिव दिलीप मण्डल, संगठन सचिव सुभानकर मण्डल, कोषाध्यक्ष कुर्बान शेख, कार्यालय सचिव जाशीमुद्दीन शेख सहित कार्यकरणी सदस्य के रूप मे सत्यबान रविदास, झरिया सोरेन सहित अन्य को नियुक्त किया गया. इस अवसर पर झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पंचायत कमिटी का गठन किया गया।मौके पर पर्यवेक्षक बुदल यादव ने बताया की झारखंड मुक्ति मोर्चा महेशपुर प्रखंड में अपने शक्तिशाली प्रदर्शन लोकसभा चुनाव में करेंगे।

## शहर >> अपडेट

### हादसे में एक युवक घायल

बालूमाथ : बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर शुक्रवार की देर शाम पिंडारकोम ग्राम के पास एक मोटरसाइकिल सवार ने अनियंत्रित होकर मवेशी( काड़ा)को टक्कर मार दिया। टक्कर में काड़ा का सिंघ युवक के सीने में जा घुसा जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार योगेंद्र उरांव 30 पिता धर्मदेव उरांव ग्राम बिशुनपुर थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ से अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहा था इसी दौरान पिंडारकोम ग्राम के पास अनियंत्रित होकर काडा को टक्कर मार दिया। और काड़ा का सिंघ युवक के सीने में जा घुसा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### मारपीट में युवक घायल

**बालूमाथ** : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम में शुक्रवार की देर शाम सब्जी लेकर घर जा रहे एक युवक के साथ कुछ शराबी युवकों ने मारपीट किया। जिससे युवक गंभीर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के सम्बंध में जानकारी देते हुए राणा वशिष्ठ 16 पिता शिवनंदन राणा ग्राम शेरेगड़ा थाना बालूमाथ निवासी ने बताया कि वह शेरेगड़ा बाजार से जब सब्जी लेकर मोटरसाइकिल घर जा रहा था। इसी दौरान भोला पांडे, सुभाष तुरी, चंदन तुरी, बसन्त तुरी, मंझिला तुरी सभी शेरेगड़ा ग्राम निवासी ने मोटरसाइकिल रोककर उसके साथ मारपीट किया। मारपीट करने वाले सभी लोग शराब के नशे में धुत थे। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ की देख रेख में उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वही इस संबंध में पीड़ित ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर दोषियों पर कानूनी कारवाई की मांग किया है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### पाइप चोरी के आरोपी को मिली सशर्त जमानत

**जयनगर :** थाना क्षेत्र में विगत महीने सतडीहा ग्रामीण जलापूर्ति योजना का 127 पीस पाइप चोरी का जयनगर थाना कांड संख्या 156/23 दर्ज किया गया था। पुलिस ने गत माह पाइप बरामदगी के बाद इसमें संलिप्त कुछ आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था। हालांकि गिरफ्तारी के अगले दिन ही इन आरोपियों को पुलिस के द्वारा नियमानुसार कार्रवाई नहीं किए जाने का हवाला देकर छोड़ने का आदेश हुआ था। इसके पश्चात पुलिस ने कोर्ट से निकलते ही इन आरोपियों को दूसरे मामले में गिरफ्तारी दिखाई थी। इधर पुलिस फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी थी। बता दें कि तिलैया के गझण्डी रोड में संचालित अंजनी सूत्र प्राइवेट लिमिटेड से पुलिस ने चोरी का पाइप बरामद किया था। फैक्ट्री में पाइप को गलाने की तैयारी की जा रही थी, जिसे पुलिस ने छापामारी कर बरामद कर जयनगर थाना लाया था। इधर फैक्ट्री के संचालक अंकित केडिया को उच्च न्यायालय ने सशर्त जमानत दी है। हाई कोर्ट ने फैक्ट्री संचालक को संबंधित संवेदक के नाम सूरजमल ओंकारमल के विजय भुजानिया के नाम 18 लाख रुपए का डिमांड ड्राफ्ट निचले अदालत में 6 सप्ताह के अंदर जमा करने एवं पुलिस को अनुसंधान में पूरा सहयोग करने सहित अन्य शर्तों पर अग्रिम जमानत को मंजूरी दी। मामले की जांच पूरी होने तक अंकित केडिया को अपना मोबाइल नंबर नहीं बदलना है।

**बैठक** अधिक प्रपत्र 6 ईआरओ नेट पर इंट्री करने का निर्देश

# डीडीसी ने पदाधिकारियों संग की बैठक

- 2024 चूनाव को ले कर पदाधिकारी सजग
- आपत्ति एवं दावा परने की अंतिन तिथि 09 दिसम्बर



राष्ट्रीय खबर

**चतरा:** प्रखंड कार्यालय चतरा के सभा कक्ष में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव की अध्यक्षता में सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी बीएलओ, सुपरवाईजन एवं संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ एक जनवरी को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 से संबंधित बैठक की गई। बैठक में 27 अक्टूबर 2023 से 05 जनवरी 2024 तक की अवधि के दौरान दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की तिथि 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथि के आलोक में बैठक में उपस्थित सभी संबंधित सुपरवाईजर को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को निर्वाचन से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया जाएगा। जिसमें अगली बैठक के पूर्व प्रत्येक मतदान केन्द्र के बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुए अधिक से अधिक प्रपत्र 6 ईआरओ नेट पर इंट्री करने का निर्देश दिया गया तथा दिव्यांग मतदाताओं के संबंध में बैठक में उपस्थित सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी बीएलओ, सुपरवाईजर को बताया गया कि मतदाता सूची में विद्यमान दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करते हुए मार्किंग/फ्लैगिंग किया जाना है। आगे कहा दवा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि के दौरान 04 नवम्बर 2023 (शनिवार) एवं 05 नवम्बर 2023 (रविवार) को विशेष अभिया चलाया जाना है। शनिवार को सभी ट्रांसजेंडर, यौन कर्मी कठिन परिस्थितियों में महिलाएं का निबंधन हेतु अभियान चलाया जाय। झारखंड राज्य एड्स कंट्रोल सोसाईटी एवं अधीनस्थ क्षेत्रीय कार्यालयों का सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। विकलांग व्यक्तियों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के पंजीकरण, निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन्हें फैसिलिटेट करने के लिए आवश्यक कार्यक्रम आयोजित किया जाय। उपरोक्त निर्धारित तिथियों को स्पेशल कैम्पेन एवं समावेशी सप्ताह के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करने हेतु बैठक में उपस्थित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह- प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं सभी बीएलओ सुपरवाईजर को निर्देश दिया गया। ईआरओ नेट पर लंबित प्रपत्रों के संबंध में समीक्षा किया गया। समीक्षोपरान्त सभी प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत संबंधित कम्प्युटर ऑपरेटर एवं बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुए लंबित प्रपत्रों को दो दिनों के अन्दर निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

## मतदान केंद्र का लिया जायजा




राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्र का जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बीरेन्द्र कुमार ने लोकसभा 2024 चुनाव की तैयारी को लेकर मतदान केंद्र का दौरा किया। पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि जो जर्जर स्थिति में मतदान केंद्र है और जहां पहुंच पथ नहीं है वैसे मतदान केन्द्र चिन्हित कर प्रतिवेदन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा आगामी लोकसभा में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को अनिवार्य मतदान करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या वह कहीं अन्य जगह चले गए हैं उसके सत्यापन का कार्य करते हुए फॉर्म 7 भरवा कर उनका नाम सूची से विलोपित करें। उन्हें फॉर्म 6 को लेकर कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का फॉर्म 6 भर कर मतदाता सूची में उनका नाम जोड़ा जाएगा।

## मासस ने झारखंड आंदोलनकारी झगड़ू पंडित को किया याद



राष्ट्रीय खबर

**देवघरः** मासस जिला कमेटी देवघर ने चांदडीह पंचायत के पहाड़पुर सरकंडा गांव में झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय झगरू पंडित की तीसरी पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान स्वर्गीय झगड़ू पंडित की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मोके उपस्थित मासस जिला अध्यक्ष कामरेड रघुपति पंडित स्वर्गीय पंडित की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय झगड़ू पंडित का जन्म 30 सितंबर 1930 को जामताड़ा जिला के कमार्टांड़ प्रखंड अंतर्गत रानी बांध गांव एक किसान परिवार में हुआ था। स्वर्गीय पंडित बचपन से ही पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ कृषि कार्य में काफी लगाव था। वैज्ञानिक पद्धति से बंजर भूमि को उपजाऊ जमीन बनाने की कला थी। उनके इस कृषि कार्य को देखकर आसपास किसान परिवार वैज्ञानिक पद्धति से कार्य से जुड़े। झारखंड क्षेत्र में चल रहे शिबू सोरेन, विनोद बिहारी महतो, कामरेड ए के राय के नेतृत्व में झारखंड के गरीब, दलित, आदिवासी ,मजदूर ,किसान, शोषित ,पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए जमींदारों, महाजनों सुदखोरो के खिलाफ आंदोलन से प्रभावित होकर स्वर्गीय पंडित गिरीडीह जिले के एक सभा में शिबू सोरेन से मुलाकात हुई। स्वर्गीय पंडित ने शिबू सोरेन को संथाल परगना की धरती पर आने का न्यौता दिए इसके बाद शिबू सोरेन का संथाल परगना की धरती पर आगमन हुआ और स्वर्गीय पंडित संथाल परगना में आंदोलन का रास्ता तैयार किया। इसी बीच शिबू सोरेन जगरनाथ पंडित,परमेश्वर बास्की,राजू, झगड़ू पंडित ने 1974 में रानी बांध गांव में कृषि मेला का आयोजन किया, जिसमें हजारों की संख्या में किसानों ने भाग लिया साथ ही सबौर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अशरफी राम भी उपस्थित हुए। मेले में शिबू सोरेन के साथ-साथ कई दिग्गज आंदोलनकारी भी आए बंजर जमीन पर वैज्ञानिक पद्धति से पैदावार को देखकर डॉक्टर अशरफी राम काफी प्रभावित हुए और डॉक्टर राम ने झगरू पंडित को कृषि पंडित का दर्जा दिया। कृषि मेला आयोजन को देखकर शिबू सोरेन ने झगरू पंडित से कहा कि पंडित मेरा राज पाठ आएगा तो तुमको कृषि मंत्री बनेंगे स्वर्ग पंडित लगातार जेएमएम पार्टी से जुड़े रहे और अंततः 4 नवंबर 2021 को उनका निधन हो गया। इस अवसर पर मासस के घनश्याम दास,गुलाम पंडित,कालेश्वर पंडित, बद्री मिर्धा,विक्रम ठाकुर, सोहन राउत, उर्मिला देवी, शकुंतला देवी ,मितानी देवी, समरी देवी, सिंघेश्वर पंडित, प्रमोद पंडित, भोला पंडित, रामदेव पंडित, बबलू पंडित आदि उपस्थित थे।

## बेहतर शिक्षा से नक्सलवाद और अपराध पर लगाम संभवः एसपी

राष्ट्रीय खबर



**चतराः** चतरा पुलिस जिले को नक्सल और अपराध मुक्त बनाने के लिए पूरी तरह सशक्त है। इसी को लेकर लगातार जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी नक्सल प्रभावित इलाकों में जाकर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम कर रहे हैं। ताकि उन? क्षेत्रों में न सिर्फ नक्शलवाद और नशीले पदार्थो की खेती करने जैसे अपराध के प्रति लोगों में जागरूकता फैल सके बल्कि वहां के बच्चे स्कूल जाकर बेहतर शिक्षा भी पा सके। इन्हीं पदाधिकारियों में से एक हैं सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी। जिन्होंने जिले के एसपी राकेश रंजन से मिले निर्देश के बाद न सिर्फ घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जाकर लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का काम किया बल्कि उनका बेटा और भाई बनकर उनके दर्द को भी बांटने का काम किया है। एसडीपीओ ने लावालौंग थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारियों के साथ मिल थाना क्षेत्र के नक्शल प्रभावित गांव रिमि-रामपुर और हुटरू स्थित बिरहोर कॉलोनी में पहुंचकर न सिर्फ ग्रामीणों को शिक्षा के महत्वों और नक्शल और नशीले पदार्थों की खेती करने जैसे अपराधिक कार्यों के समाज में होने वाले दुष्प्रभावों को बताया बल्कि उन गांवों के बच्चों को शिक्षा के प्रति जिज्ञासा जगाने और अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए जागरूक करते हुए बच्चो के बीच कॉपी, कलम, स्लेट,पेन्सिल, बैग व स्टेशनरी जैसे शिक्षण सामाग्रियों का वितरण किया। इसके साथ हीं एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने आदिम जनजाति के बिरहोर परिवारों के बीच कंबल व चप्पल जैसी जरूरतमंद सामग्रियों का भी वितरण किया। सिमरिया एसडीपीओ और चतरा पुलिस के द्वारा चलाए गए इस जागरूकता अभियान का प्रयास भी अब सार्थक होता नजर आ रहा है। क्योंकि जिन आदिम जनजाति के परिवारों और बच्चों के बीच शिक्षण सामग्रियों का वितरण कर शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया था उन परिवारों के बच्चे अब स्कूल जाते नजर आ रहे हैं। चतरा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे सामुदायिक पुलिसिंग के फेज-1 से जोड़कर जिले के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 150 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया जिसका नतीजा यह रहा की जो युवा विकास की मुख्य धारा से भटककर नक्सलवाद और अपराध से जुड़े नशीले पदार्थों की खेती और तस्करी कर अपना जीवन खराब करने की ओर कदम बढ़ाते थे। आज उनमें से आधा दर्जन से अधिक युवा पुलिस व आर्मी सहित अन्य नौकरियों को प्राप्त कर विकास की मुख्य धारा से जुड़ गये हैं।

**मनमानी** विस्थापितों की रोजी छीन कर मैनेजमेंट ने बाहरियों को दिया दीपावली का उपहार

# पीएनएम कंपनी ने की हकमारी

राष्ट्रीय खबर



**बालूमाथ** : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में ओबी एवं प्रोडक्शन का कार्य कर रही पीएनएम कंपनी ने लगभग 25 विस्थापितो को नौकरी से हटा दिया और उनके स्थान पर नए बाहरी लोगों को बहाल कर दिया। इस सम्बन्ध में विस्थापितों में बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर बताया है कि पीएनएम कंपनी में वे लोग ड्राइवर, सुपरवाइजर, गार्ड समेत अन्य कार्य विगत 3 वर्षों से कर रहे हैं। लेकिन कंपनी द्वारा बीते 31 अक्टूबर से अचानक काम बंद कर दिया गया। और बाहरी लोगों को बहाल कर दिया गया। एक तो उन लोगों को अधिक वेतन पर हस्ताक्षर करवाया जाता है और उन्हें कम वेतन का भुगतान किया जाता है। इस विषय को लेकर सीसीएल के पिट ऑफिस में परियोजना पदाधिकारी एवं यूनियन के पदाधिकारी एवं कंपनी के मैनेजर शंभू प्रसाद सिन्हा की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि आगामी 8 नवंबर को कंपनी का मालिक विपिन मिश्रा की उपस्थिति में अग्रिम फैसला होगा। जो दोनों पक्षों के लिए मान्य होगा। तब तक मात्र चार दिनों के लिए काम होगा और किसी भी पुराने स्टाफ की हाजिरी रोका नही जाएगा। जब समझौता के उपरांत हस्ताक्षर करने की बारी आई तो कंपनी के मैनेजर शंभू प्रसाद बैठक से उठकर चले गए। विस्थापितों ने बताया की कंपनी द्वारा काम से हटा दिए जाने के कारण हम लोगों के सामने रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बालूमाथ थाना प्रभारी से मामले पर पहल करते हुए कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कंपनी में कार्यरत सुजीत कुमार यादव, मनक महतो, संजीत उराँव, मनदेश उराँव ,प्रकाश तुरी, नवीन उराँव, गणेश उरांव, रविंद्र यादव, बबलू यादव, सुरेंद्र यादव, मोहन यादव, संजीत यादव, मनदीप यादव, बबलू यादव, पंकज कुमार, रामकिशोर उराँव ने हस्ताक्षर किया है ।

## न्यूज फटाफट

### बच्चे के कपड़े में लगी आग,बचाने गई महिला भी झुलसी



**कोडरमा:** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र के बंदरचाक में शनिवार को ज्वलनशील पदार्थ के चपेट में आने से एक 3 वर्षीय बच्चा और 21 वर्षीय महिला आग की चपेट में आने से झुलस गए। घटना के बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायलों में राहुल कुमार साव (उम्र 3 वर्ष, पिता उमेश साव) और सीता देवी (उम्र 21 वर्ष, पति दीपक साव) शामिल है। घटना को लेकर घायलों के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह घर में चूल्हे पर खाना बन रहा था। इस दौरान बच्चा चूल्हे से एक लकड़ी में आग लगाकर खेल रहा था। इसी दौरान चूल्हे के समीप एक डब्बे में रखा तरल ज्वलनशील पदार्थ में अचानक आग लग गई। जब तक घर वाले कुछ समझ पाते तब तक बच्चे के पूरे कपड़े में आग लग चुकी थी। बच्चे को बचाने के क्रम में महिला सीता देवी भी झुलस गई। वहीं आग से झुलसने के बाद जब दोनों घायल सदर अस्पताल पहुंचे तो इमरजेंसी में डॉक्टर गायब मिले। इस बाबत सदर अस्पताल के कर्मियों ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि इमरजेंसी में डॉक्टर प्रमोद कुमार की ड्यूटी लगी है। ज्ञात हो कि विगत दिनों गुपचुप खाने से बीमार होने की घटना के वक्त भी उक्त डॉ प्रमोद दो घंटे विलम्ब से अस्पताल पहुँचे थे। तब डीसी समेत अन्य अधिकारी भी सदर अस्पताल पहुँचे थे लेकिन फिर भी डॉक्टर के सेहत पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा।

### दीपावली व छठ पर्व को लेकर साफ-सफाई का निर्देश

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आगामी दीपावली और छठ पर्व को लेकर साफ-सफाई हेतु आवश्यक बैठक की। उपायुक्त ने नगर प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच से छठ घाटों के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने सभी नगर प्रशासक को निर्देशित करते हुए कहा की सभी छठ घाटों की समुचित साफ सफाई करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही पानी की सफाई प्राथमिकता के आधार पर करेंगे। छठ घाट में किनारे चारों ओर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। साथ ही छठ पर्व व्रतियों के आने वाले रास्ते की भी साफ सफाई करेंगे। सभी छठ घाटों के पास गोताखोर की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। बिजली, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। छठ घाटों में अस्थाई चेंजिंग रूम की व्यवस्था करेंगे। अस्थाई शौचालय की भी व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी श्री संदीप कुमार मीना, नगर प्रशासक नगर परिषद् झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा, डोमचांच व अन्य मौजूद रहे।

### समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

**कोडरमा:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग की समीक्षा किया गया। उपायुक्त ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस योजना से संबंधित जितने भी आवेदन प्राप्त हुए हैं उन सभी बच्चियों को योजना का लाभ देते हुए राशि का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को लेकर कहा योजना का वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार करें। विवाह निबंधन का प्रचार प्रसार करें। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

### जूनियर मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन



**झुमरीतिलैया:** सीसीए कार्यक्रम के तहत सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को जूनियर मास्टर शेफ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पानी, पावन, धरती और आकाश हाउस के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का विषय बिना आग के खाना पकाना था। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला सदन पवन हाउस, सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव डिश मेकर धरती हाउस से रिया कुमारी, सर्वश्रेष्ठ डिश मेकर: धरती हाउस से सार्थक कुमार, सर्वश्रेष्ठ पौष्टिक व्यंजन निमार्ता धरती हाउस से हर्षिका कुमारी थी। यह कार्यक्रम सीसीए इंचार्ज हंसपाल की देखरेख में हुआ। निर्णायक की भूमिका रजनी बाला ने निभाई। इस दौरान बच्चों ने कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जिसका उपस्थित लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा को साराहा और कहा की ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को कई प्रकार की जानकारियां मिलती हैं। इस प्रतियोगिता में एक सौ से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया था।

### विधायक की पहल पर परिजनों को मिला मुआवजा

**जयनगर:** प्रखंड अंतर्गत ग्राम तिलोकरी निवासी राजेंद्र भुइयां जो गिरिडीह के लाल स्टील प्लांट में कार्यरत थे। ये फैक्ट्री में मजदूर का काम किया करते थे, जिनकी काम करने के दौरान मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना विधायक अमित कुमार यादव को दी गई। जिसके उपरांत विधायक उनके आवास पर पहुंचकर अंतिम दर्शन किए व परिजनों को सांत्वना देने के साथ हर संभव सरकारी स्तर पर मदद करने का आश्वासन दिया। विधायक अमित कुमार यादव ने परिजन व कंपनी से समन्वय किया। जिसके बाद कंपनी प्रबंधन द्वारा इस गरीब परिवार को 7 लाख रुपए का चेक और 25 हजार रुपए अंतिम संस्कार करने हेतु दिया गया।

### डीएवी में रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाया हुनर

**कोडरमा:** कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बच्चों ने दीपावली के शुभ अवसर के लिए सुंदर -सुंदर रंगोली बना कर सभी को आकर्षित किया। कक्षा एलकेजी एवं यूकेजी समूह के बच्चों ने आकर्षक फूलों व पत्तों से रंगोली बनाए। उसमें प्रथम स्थान पर अवनीश शंकर ,सुहासिनी कुमारी ,युवान कुमार एवं अशिम पाठक रहीं। द्वितीय स्थान पर श्रीहन शांडिल्य, वाणी गुप्ता, प्रणव सिन्हा, आद्रिता भदानी रहीं। वहीं तृतीय स्थान प्रीत राज, आभाष कुमार, आदर्श कुमार, आलोक राज ने प्राप्त किया। कक्षा पहली व दूसरी समूह के बच्चों ने रंग -बिरंगे रंगों से रंगोली बनाए जिसमें प्रथम स्थान इंद्रजीत कुमार, माधव किशोर, हर्षित सिंह व तेजस प्रताप सिंह ने प्राप्त किया तो दूसरा स्थान अवनी सिन्हा, विवान सिंह, अथर्व सिंह व सान्वी सिन्हा ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान आरव कुमार, रौनव कुमार, अनाया तहरीन, तृषा सोनकर ने पाया।

## न्यूज फटाफट

### ‘प्रिंस आफ कोलकाता’ के शहर में ‘किंग कोहली’ का जबर्दस्त क्रेज



**मुंबई :** रविवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वर्ल्ड कप का मुकाबला खेला जाएगा। वहीं 5 नवंबर को यानी साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले के दिन भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली अपना 35वां जन्मदिन मनाएंगे। जिसके लिए जोरों शोरो की तैयारी जारी है। वहीं 'प्रिंस ऑफ कोलकाता' के शहर में किंग कोहली का जमकर स्वागत हुआ। वहीं इसी कड़ी में सजल बिहार के अररिया से और प्रदुम्न ओडिशा के कटक से सैकड़ों किलोमीटर का सफर तय करके कोलकाता सिर्फ विराट कोहली को उनके जन्मदिन पर खेलते देखने के लिए पहुंचे हैं और ईडन गार्डन के आसपास भारतीय टीम की 18 नंबर की जर्सी ही चारों ओर नजर आ रही है। इसके साथ ही भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को होने वाले विश्व कप मैच से पहले ‘प्रिंस आफ कोलकाता’ सौरव गांगुली के शहर में में ‘किंग कोहली’ का खुमार सिर चढ़कर बोल रहा है। दूर दराज से आये युवा फैंस से लेकर स्टेडियम के बाहर टीम इंडिया की जर्सी बेचने वालों तक सभी की जुबां पर कोहली का ही नाम है। जलपाईगुड़ी से अपने दस दोस्तों के साथ बस से सुबह छह बजे यहां पहुंचे सायन ने कहा ,ह्यह्यसचिन के बाद हमें विराट कोहली ही पसंद है।वह देश का आइकन है और उसके जैसा कोई दूसरा नहीं। विराट एक खिलाड़ी नहीं बल्कि हमारे लिये इमोशन है। सिलीगुड़ी में बैंकिंग का कोर्स कर रहे सिद्धार्थ डे ने कहा , विराट का कोई विकल्प नहीं है।तीसरे स्थान पर उसके जैसा कोई बल्लेबाज नहीं है।हमने अपने पॉकेट मनी से पैसे बचाकर उसे यहां खेलते देखने आये हैं। आईपीएल में भी आरसीबी का मैच देखने ही हम आये थे। कल तक टिकट के लिये ट्राय करेंगे वरना आपस में ही विराट का जन्मदिन मनायेंगे। हमारी यही दुआ है कि वह शतक जमाकर सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी करे। मैदान मार्केट इलाके में भारतीय टीम की जर्सी बेच रहे मोहम्मद इमरान ने कहा कि कोहली की 18 नंबर की जर्सी की मांग सबसे ज्यादा है और उसके बाद रोहित शर्मा का नंबर है। उन्होंने कहा ,ह्यह्य अभी तक मैं करीब 1000 जर्सी बेच चुका हूं और 80 प्रतिशत 18 नंबर जर्सी बिकी है। उनके अलावा रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह की जर्सी भी लोग मांग रहे हैं। कल मैच के दिन बिक्री जबर्दस्त रहने की उम्मीद है और मैं कोहली की और जर्सी मंगवा रहा हूं। कई प्रशंसकों ने तो स्टेडियम के बाहर ही कोहली का जन्मदिन मनाने की पूरी तैयारी कर रखी है। कोहली के मास्क, बैनर और पोस्टरों से ईडन गार्डन भरा रहने की उम्मीद है।

### अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ी में रजत पदक जीतने पर मुनस्यारी की बेटियों का होगा भव्य स्वागत



**पिथौरागढ़/नैनीताल:** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के सीमांत विकास खंड मुनस्यारी की दो महिला खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने से क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और उन्होंने दोनों का महिला खिलाड़ियों का एक समारोह में नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने बताया कि विकासखंड मुनस्यारी के ग्राम पंचायत चौना के भदेली निवासी कांजल फर्स्वाण तथा ग्राम पंचायत होकरा निवासी दीपा मेहता ने कजाकिस्तान के अस्ताना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सीमांत क्षेत्र की दो बेटियों की इस उपलब्धि पर प्रदेश के साथ ही मुनस्यारी में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने दोनों ग्राम पंचायतों में स्वागत समारोह आयोजित कर दोनों के भव्य नागरिक अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थी भी इनका अनुसरण करे, इसके लिए विद्यार्थियों के साथ उनका संवाद कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि पर सीमांत क्षेत्र गदगद् है। क्षेत्र की जनता दोनों बेटियों को सम्मानित करने के लिए तत्पर खड़ी है।

**विजय** अभिषेक शर्मा और कप्तान संदीप सिंह की तूफानी पारी की मदद से

# दिल्ली को पीट कर पंजाब मुश्ताक अली ट्राफी के फाइनल में

▶▶ संदीप ने 36 गेंदो की संक्षिप्त पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये



**एजेंसियां**

**मोहाली :** अभिषेक शर्मा (77) और कप्तान संदीप सिंह (63 नाबाद) की तूफानी पारी की मदद से पंजाब ने शनिवार को सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली को छह विकेट से हरा दिया। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन आई एस बिंद्रा स्टेडियम में दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 20 ओवर में सात विकेट खोकर 183 रन बनाये जिसके जवाब में पंजाब ने विजय लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

शुरुआती तीन विकेट मात्र 55 रन पर गंवा कर पंजाब एक समय संघर्ष की स्थिति में आ गयी थी मगर अभिषेक का साथ देने संदीप सिंह क्रीज पर उतरे और दोनो बल्लेबाजों ने 102 रनों की पार्टनरशिप कर अपनी टीम को विजय के करीब पहुंचा दिया। पारी के 16वें ओवर में अभिषेक का विकेट सुयश शर्मा ने लिया मगर दूसरे छोर पर डटे संदीप ने नेहाल बढेरा (13) के साथ टीम की जीत का मार्ग प्रशस्त कर लिया। संदीप ने 36 गेंदो की संक्षिप्त पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले आयुष बढोनी (80 नाबाद) ने विकेटों के पतझड़ के बीच अपने छोर को मजबूती से संभाले रखा। उन्होने 180 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुये सात चौके और चार छक्के जड़े। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज अनुज रावत (34) सबसे ज्यादा रन जोड़ने वाले बल्लेबाज रहे। अर्शदीप सिंह 42 रन देकर भी विकेट हासिल नहीं कर सके जबकि सिद्धार्थ कौल ने 27 रन देकर दिल्ली के तीन बल्लेबाजों को आउट किया।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय खेलों में अनियमितताओं की न्यायिक जांच की मांग

**नयी दिल्ली :** गोवा में विपक्षी कांग्रेस पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के दौरान करोड़ों रुपये के वित्तीय घोटाले का आरोप लगाते हुए इस मामले की उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में न्यायिक जांच कराने की मांग की है। प्रमुख विपक्षी दल ने गोवा में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए आवंटित धन के तत्काल सुरक्षा ऑडिट की भी मांग की है। कांग्रेस के महासचिव कैप्टन विरियाटो फर्नांडीस ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में खिलाड़ियों को चोट या जानमाल की हानि सहित किसी भी घटना के लिए न्यायिक जांच और सुरक्षा ऑडिट ही एकमात्र विकल्प होता है। श्री फर्नांडिस ने कहा,‘‘चूंकि यह पैसा सरकारी खजाने का है और लगभग एक हजार करोड़ रुपये का मामला है, इसलिए यह जरूरी है कि बड़े पैमाने पर घोटाले का पता लगाने और सार्वजनिक धन हड़पने में शामिल दोषियों को दंडित करने के लिए गहन जांच का आदेश दिया जाए।’’ उन्होंने कहा कि जांच गोवा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के अधीन होनी चाहिए ताकि राष्ट्रीय खेलों को बदनामी से बचाने के लिए मंत्रियों और नौकरशाहों सहित सभी दोषियों को सजा दी जा सके। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रारंभिक जांच से खेलों की देखरेख के लिए परियोजना प्रबंधन कंपनी को अंतिम रूप देने की निविदा प्रक्रिया से लेकर अनुमानित लागत में वृद्धि, विभिन्न अनुबंधों को देने के लिए मानदंडों में हेराफेरी करके बोलीदाताओं को प्रतिबंधित करना भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का पता चलता है। राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के दौरान भ्रष्टाचार की गतिविधियों का विवरण देते हुए श्री फर्नांडीस ने कहा कि एक इनडोर स्टेडियम में मेहराब का गिरना, पिलर का गिरना और छत से बारिश के पानी का रिसाव भ्रष्टाचार का प्रमाण है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### जोकोविच ने गत चैम्पियन रूने को हराया सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली:** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज नोवाक जोकोविच ने करीब तीन घंटे तक चले मुकाबले में गत चैम्पियन होल्गर रूने को हराकर पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने इस तरह पिछले साल फाइनल में रूने से मिली शिकस्त का बदला चुकता किया।जोकोविच ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में रूने पर 7-5 6-7(3) 6-4 से जीत दर्ज की। पेरिस मास्टर्स के छह बार के चैम्पियन जोकोविच नौवीं दफा पेरिस मास्टर्स के अंतिम चार में पहुंचे और उन्होंने लगातार 16 मैच में जीत की लय जारी रखी। अब वह फाइनल में जगह बनाने के लिए पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव से भिड़ेंगे। रूबलेव ने गुरूवार को एलेक्स डि मिनॉर को 4-6 6-3 6-1 से हराया। मिनॉर को यानिक सिनर के टूनार्मेंट से हटने के बाद वॉकओवर मिला था। इससे पहले ग्रिगोर दिमित्रोव ने हुबर्ट हर्कास्ज पर 6-1 4-6 6-4 की जीत से सेमीफाइनल में जगह पक्की की।

# हार्दिक पांड्या विश्व कप से बाहर,प्रसिद्ध कृष्णा टीम में शामिल

**एजेंसियां**



**मुंबई :** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अब तक अजेय मेजबान भारत को बड़ा झटका लगा है कि स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अपने टखने की चोट से उबरने में नाकाम रहे हैं और टूर्नामेंट के बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। पिछले महीने पुणे में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के विश्व कप मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय पंड्या के बाएं टखने में चोट लग गई थी। बीसीसीआई ने अब यह साफ कर दिया है कि 30 वर्षीय खिलाड़ी विश्व कप के शेष अभियान के लिए समय पर ठीक होने में विफल रहे हैं। भारत की टीम में उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा लेंगे। अनुभवहीन तेज गेंदबाज को शनिवार को टूर्नामेंट की इवेंट टेक्निकल कमेटी द्वारा अनुमोदित किए जाने के बाद प्लेइंग ग्रुप में शामिल किया गया है। कृष्णा ने भारत के लिए सिर्फ 19 एक दिवसीय मैच खेलें हैं। उन्हें आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देखा गया था जब उन्होंने विश्व कप से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ ओवरों में 1/45 लेकर डेविड वार्नर का बेशकीमती विकेट लिया था। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज भारत के तेज आक्रमण में जगह बनाने के लिए जसप्रित बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज जैसे खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने जा रहा है। इवेंट टेक्निकल कमेटी ने शनिवार को भारत के प्रतिस्थापन खिलाड़ी को मंजूरी दे दी, इसका मतलब है कि कृष्णा रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप के महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका विश्व कप स्टैंडिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज हैं और कोलकाता में रविवार के मैच का विजेता टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में पहला स्थान बनायेगा।

वर्ल्ड कप 2023 में श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद

# बोर्ड सचिव ने इस्तीफा दिया

**एजेंसियां**



**नई दिल्ली:** वर्ल्ड कप 2023 में श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा है। अपने लेकिन पिछले मुकाबले में भारत के सामने श्रीलंकाई टीम का जो हाल हुआ उसकी कल्पना किसी ने नहीं की थी। बता दें कि, श्रीलंका टीम भारत के खिलाफ मुकाबले में 55 रन पर ही सिमट गई। भारत ने उसे 302 रनों से करारी शिकस्त दी थी। इस हार के बाद श्रीलंका क्रिकेट के सचिव मोहन डी सिल्वा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारत के खिलाफ हार के बाद श्रीलंकाई टीम सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर हो गयी है। इसके बाद देश के खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने एसएलसी प्रशासन के सामूहिक इस्तीफे की मांग की थी। रणसिंघे ने एक बयान में इस हार के लिए चयन समिति और एसएलसी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया था। वहीं डी सिल्वा का इस्तीफा खेल मंत्री के आह्वान के बाद आया। शम्मी सिल्वा के नेतृत्व वाले एसएलसी प्रशासन ने वानखेड़े में हुई हार पर टीम प्रबंधन से जांच रिपोर्ट मांगी है। शम्मी सिल्वा को एससीएल का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। यह एसएलसी में उनका लगातार तीसरा कार्यकाल है। उनका वर्तमान कार्यकाल 2025 में समाप्त होगा।

# विक्की कौशल ने शेयर की वर्कआउट की तस्वीर



**एजेंसियां**

मुंबई : बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर अपनी वर्कआउट की तस्वीर शेयर की है। विक्की कौशल ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इस फोटो में विक्की कौशल जिम में शीशे के सहारे खड़े होकर पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा आप जो महसूस करते हैं उसे देखें, जो आपको करना चाहिए वही करें। विक्की कौशल की इस पोस्ट पर उनकी पत्नी और अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने कमेंट करते हुए लिखा हम्म, किस बुद्धिमान व्यक्ति ने ऐसा कहा है। विक्की कौशल जल्द फिल्म ह्यसैम बहादुरह्ण में दिखाई देने वाले हैं। यह फिल्म 01 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# वेब सीरीज चांद चकोर का ट्रेलर रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई :** वेबसीरीज चांद चकोर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सच्ची घटना पर आधारित कहानी वाली रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। यह सीरीज एभीएन फिल्म्स ओटीटी पर 10 नवंबर को रिलीज होगी। फिल्म की कहानी बिहार की है और इसे हाजीपुर के महनार में शूट किया गया है।रोमांटिक वेब सीरीज चांद चकोर के निर्माता रमेन्द्र कुमार सहनी हैं, जबकि सह निर्माता गीता कुमारी हैं और निर्देशक नीरज सिन्हा हैं। चांद चकोर में मनोज कुमार राव, स्मृति कशयप, मनोहर तेली, सत्यम, रौशन आर्या, पिंकी सिह, सरविंद्र कुमार, यादव विकास राज मुख्य भूमिका में हैं।



# अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के रिलेशनशिप को लेकर सारा अली खान ने एक्ट्रेस को छेड़ा



**एजेंसियां**

**मुंबई:** कॉफी विद करण 8 की धमाकेदार शुरूआत हो चुकी है। पहले एपिसोड में रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण थे। प्रशंसकों को उनके शादी की वीडियो की झलक मिली और अभिनेत्री के डेटिंग बयान पर एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया। अब, एक नई रील आ गई है जहां हम सीजन के सभी मेहमानों को देख सकते हैं। इस बार सारा अली खान अनन्या पांडे के साथ आई हैं। दोनों लड़कियों ने करण जौहर से खुलकर बातचीत की। जब मेजबान सारा अली खान से पूछता है कि अनन्या पांडे के पास ऐसी कौन सी चीज है जो उसके पास नहीं है, तो सारा कहती है ए नाइट मैनेजर। यह सुनकर अनन्या पांडे कहती हैं कि वह अनन्या कोय कपूर हैं।जैसा कि हम जानते हैं, अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के डेटिंग की अफवाह है। दोनों ने उसका जन्मदिन एक विदेशी स्थान पर मनाया। इससे पहले उन्हें एक रेस्टोरेंट में हाथों में हाथ डाले देखा गया था। अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर 2022 से एक साथ हैं। दोनों के बीच उम्र का अंतर होने के कारण किसी को विश्वास नहीं हुआ कि दोनों वास्तव में एक साथ थे।कॉफी विद करण में अनन्या पांडे हमेशा खबरों में रहती हैं। सबसे पहले वह तारा सुतारिया और टाइगर श्रॉफ के साथ आई थीं। वहां उन्होंने कहा कि उनके जीवन में पहला किस टाइगर श्रॉफ के साथ हुआ था जब उन्होंने स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 में काम किया था। बाद में, लोग विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे के बीच की केमिस्ट्री के दीवाने हो गए। उन्होंने साथ में फिल्म लाइगर की।

चाहे अनन्या पांडे हों या आदित्य रॉय कपूर, दोनों ने कभी भी अपने अफेयर के बारे में सार्वजनिक तौर पर बात नहीं की है। अब वे बातें छिपा नहीं रहे हैं। ऐसा लगता है कि दोनों इस प्रेमालाप का आनंद ले रहे हैं क्योंकि अनन्या पांडे का ध्यान अपने करियर पर है। नेटिजन्स प्रोमो से नाखुश है।

# छठ के बरतिया का गाना चला छठ गीत गावल जाय रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी अभिनेत्री स्मृति सिन्हा और माही श्रीवास्तव की फिल्म छठ के बरतिया का गाना चला छठ गीत गावल जाय रिलीज हो गया है। एआरके वर्क्स चैनल रत्नाकर कुमार प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म छठ के बरतिया का गाना चला छठ गीत गावल जाय वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।



इस फिल्म के निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव और निवेदिता कुमार हैं।इस छठ गीत को पार्श्वगायिका प्रियंका सिंह ने गाया है और इसके वीडियो में स्मृति सिन्हा ववविवाहता बहु के रूप में छठी मैया की व्रत करने की तैयारी करती हुई दिखाई दे रही हैं।वह ससुराल में घरवालों से घर के साफ सफाई व सजावट करने के लिए तथा छठ मां की पूजा की तैयारी के बारे में कह रही हैं। छठ के बरतिया के निर्देशक कन्हैया एस विश्वकर्मा हैं।

# राकेश मिश्रा का गाना नचनिया के प्यार में रिलीज

**एजेंसियां**

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना नचनिया के प्यार में रिलीज हो गया है। गाना नचनिया के प्यार में, राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है।गाने में पत्नी की वेदना को दिखाया गया है, जिसका पति घर से बाहर रात रात भर नाच देखने जाता है। गाने के म्यूजिक वीडियो में राकेश मिश्रा भी नजर आ रहे हैं। राकेश मिश्रा ने बताया कि गाना नचनिया के प्यार में यथार्थ से जुड़ा हुआ एक बेहतरीन और सुंदर गाना है। कहीं ना कहीं इस गाने का जुड़ाव समाज और परिवार से है जिससे लोग कनेक्ट



कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि वह एक से बढ़कर एक गाने लेकर आने वाले दिनों में दर्शकों के सामने होंगे, लेकिन उससे पहले उन्होंने अपने इस गाने के लिए प्यार और आशीर्वाद मांगा है और वादा किया है कि आने वाले दिनों में इससे भी बढ़कर एक से एक गाना लेकर आयेंगे। उन्होंने बताया कि यह गाना सबों के लिए है। सब लोग इसको एंजॉय कर सकते हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### मोदी ने नेपाल में भूकंप से जनहानि पर दुख जताया

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल में भूकंप से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा , नेपाल में भूकंप के कारण जानमाल की हानि से बहुत दुखी हूं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कर्मचारियों को विरोध करने से रोकना तानाशाही मानसिकता: महबूबा

**नगर :** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को प्रशासन द्वारा सरकारी कर्मचारियों को विरोध प्रदर्शन करने से रोकने पर कड़ी निंदा की। सु मुफ्ती ने विरोध प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश को साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, सरकारी कर्मचारियों के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर उपराज्यपाल प्रशासन का पूर्ण प्रतिबंध तानाशाही मानसिकता का प्रतीक है। लोकतंत्र में तर्क की आवाज को दबाना अस्वीकार्य है। उन्हें गंभीर परिणाम और अनुशासनात्मक कार्रवाई की धमकी देना अपमानजनक है।
जम्मू :कश्मीर सरकार ने शुक्रवार को कर्मचारियों को विरोध प्रदर्शन करने के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह के कृत्यों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के मुताबिक, सरकार ने कहा कि यह सामने आया है कि कुछ कर्मचारी कुछ मांगों के पक्ष में प्रदर्शन और हड़ताल का सहारा ले रहे हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता एम यूसुफ तारिगामी ने शुक्रवार को कहा कि यह कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों पर एक और हमला है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### जो सिर्फ अपने बेटों के लिए राजनीति में हों, वो कहीं का भला नहीं कर सकते: शाह

**पिछोर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कांग्रेस के केंद्रीय से लेकर मध्यप्रदेश तक के नेतृत्व पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग सिर्फ अपने बेटों के लिए राजनीति में हों, वो कहीं का भी भला नहीं कर सकते। श्री शाह मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के पिछोर में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी उपस्थित थे। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस का काम केवल अपने बच्चों को सत्ता में बैठाना है, फिर वे चाहे केंद्र में सोनिया गांधी हों या मध्यप्रदेश में कमलनाथ। कमलनाथ को अपने बेटे नकुलनाथ को यहां का मुख्यमंत्री बनाना है।

### केमिकल कंपनी में विस्फोट, सात शव बरामद

**कोल्हापुर :** महाराष्ट्र में रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी में एक रासायनिक कंपनी में गैस रिसाव के कारण हुए विस्फोट के बाद करीब सात कर्मचारियों के शव बरामद किए गए और अभी भी 11 अन्य कर्मचारी लापता हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, यह घटना शुक्रवार सुबह 11 बजे रायगढ़ जिले के महाड एमआईडीसी में स्थित ब्लू जेट हेल्थकेयर लिमिटेड में हुयी। यहां गैस रिसाव के बाद जोरदार धमाके के साथ ही आग ने विकराल रूप ले लिया। लोग चीखकर भागने लगे लेकिन तब तक करीब सात कर्मचारियों की जलकर मौत हो गयी और अभी भी 11 अन्य कर्मचारी लापता हैं। आग लगने की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर, खोज एवं बचाव अभियान चलाया। इसमें आज सुबह करीब सात कर्मचारियों के शव बरामद किए।

**हादसा**

### भूकंप से नेपाल में 250 से अधिक लोग हताहत

# विनाशकारी भूकंप में 136 लोगों की मौत, 141 घायल

- सैंकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए
- तीन झटके महसूस किए गए
- नेपाल के प्रधानमंत्री ने जताया शोक



**राष्ट्रीय खबर**

**काठमांडू:** पश्चिमी नेपाल में शुक्रवार देर रात आए रिक्टर पैमाने पर 6.4 तीव्रता के भूकंप के बाद कम से कम 136 लोगों की मौत हो गई और 141 घायल हो गए। काठमांडू पोस्ट ने शनिवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी और अनुसंधान केंद्र के अनुसार नेपाल में कल रात 11 बजकर 47 मिनट पर भूकंप के तेज महसूस किए गए और इसके बाद भी एक के बाद एक तीन झटके महसूस किए गए । जिसका केंद्र जजरकोट जिला था। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 6.4 मापी गयी। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने सुरक्षा निकायों को तत्काल बचाव और राहत के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ने तीनों सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत बचाव और राहत कार्यों में शामिल होने का निर्देश दिया है और आपदा पर दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय से एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा,, ''प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने शुक्रवार रात आए विनाशकारी भूकंप में जान-माल के नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है और तत्काल बचाव और राहत के लिए सभी तीन सुरक्षा निकायों को तैनात किया है।'' भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी हिमालयी देश में आपदा के कारण हुई जानमाल की हानि और क्षति पर दुख व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर पर लिखा) ''नेपाल में भूकंप के कारण जानमाल की हानि और क्षति से बहुत दुखी हूं। भारत नेपाल के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है। हमारी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'' भूकंप के तेज झटकों के बाद पश्चिमी नेपाल में 250 से अधिक लोग हताहत हुए हैं। जिनमें से 136 लोगों की मौत हो गयी और 141 घायल हो गए है तथा सैंकड़ों घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

जाजरकोट जिला पुलिस उपाधीक्षक संतोष रोका ने कहा शनिवार तड़के तीन बजे तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जाजरकोट और पश्चिमी रुकुम में भूकंप से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है, अकेले जाजरकोट में 92 लोगों की मौत हुई है और 55 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। उनमें से पांच को सुरखेत के कर्णाली प्रांत अस्पताल ले जाया गया है, जबकि अन्य का जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में इलाज चल रहा है। श्री रोका ने बताया कि मृतकों में नलगढ़ नगर पालिका की उपमहापौर सरिता सिंह भी शामिल हैं। इसके अलावा बरेकोट ग्रामीण नगर पालिका के जिले के रमीडांडा में 44 लोगों की मौत हो गयी और अन्य 70 घायल हुए हैं। इसी तरह प्रारंभिक आंकड़ों के मुताबिक पश्चिमी रुकुम में मरने वालों की संख्या 36 तक पहुंच गई है। पश्चिमी रुकुम जिले के पुलिस उपाधीक्षक नमराज भट्टराई ने मृतकों की संख्या में जानकारी दी है। आथबिस्कोट नगर पालिका में 36 लोगों के मरने की सूचना है और सानीभेरी ग्रामीण नगर पालिका में आठ और लोगों की मौत हुई है। मुख्य जिला अधिकारी सुरेश सुनार ने कहा कि भूकंप से जाजरकोट जिले के भेरी, नलगढ़, कुशे, बरेकोट और चेदागाड बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। जिले के सभी सुरक्षा बलों को खोज और बचाव कार्य में लगाया गया है।

## इजरायल के स्टील्थ विमान एफ 35 का पहला निशाना सफल

**राष्ट्रीय खबर**

**तेल अवीव:** इजरायली वायु सेना ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में, उनके नियंत्रण और पता लगाने वाले सिस्टम ने दक्षिण-पूर्व से इजरायली हवाई क्षेत्र को निशाना बनाकर एक क्रूज मिसाइल के प्रक्षेपण का पता लगाया है। इन प्रणालियों ने क्रूज मिसाइल के पथ को बारीकी से ट्रैक किया, इसके लिए लड़ाकू विमानों को भेजा गया। इन विमानों ने आने वाले खतरे को कुशलतापूर्वक रोका। वायु सेना ने अपनी एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली के साथ, दक्षिणी से उत्तरी क्षेत्रों तक फैली एक व्यापक, बहुस्तरीय रक्षा रणनीति स्थापित की है। सेवा के अनुसार, यह रक्षात्मक नेटवर्क संभावित खतरों की एक विस्तृत श्रृंखला का मुकाबला करते हुए, इजराइल के संपूर्ण क्षेत्र की सुरक्षा के लिए डिजाइन किया गया है। रक्षा और हमले में वायु सेना के जवान लगातार रक्षा प्रतिक्रिया की योजना और प्रबंधन कर रहे हैं और किसी भी क्षेत्र में किसी भी खतरे के लिए तैयार हैं। साथ ही, मिसाइलों के खिलाफ सक्रिय रक्षा रक्षा की संपूर्ण प्रतिक्रिया का हिस्सा है, जो होम फ्रंट कमांड के निदेर्शों पर भी आधारित है। वायु सेना ने एक वीडियो भी प्रकाशित किया जिसमें इसी हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा लाल सागर के ऊपर सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोकने का प्रदर्शन किया गया। यह घटना 31 अक्टूबर को हुई थी, लेकिन वायु रक्षा प्रणाली द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल को रोकने का वीडियो अब जारी किया गया है। आईडीएफ ने पिछले कुछ दिनों में लाल सागर के ऊपर कई अन्य लक्ष्यों को भी सफलतापूर्वक रोका है।

## छत्तीसगढ़, राजस्थान सरकारों के खिलाफ कर रहे हैं मोदी साजिश: कांग्रेस



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस ने कहा है कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी की सरकारें बहुत लोकप्रिय है और इससे घबरा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन दोनों राज्यों की सरकारों पर निशाना साधते हुए उनके मुख्यमंत्रियों की छवि खराब करने की साजिश शुरु कर दी है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल तथा वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब भी कोई चुनाव सामने होता है तो मोदी भाजपा के लिए ईडी या आईटी विभाग को अपना मुख्य हथियार बनाना शुरु कर देते हैं। वेणुगोपाल ने कहा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी और कांग्रेस पार्टी की छवि खराब करने के लिए मोदी की एक स्पष्ट साजिश है। छत्तीसगढ़ की जनता इस साजिश को समझती है और छत्तीसगढ़ के लोग ईडी का उपयोग करने के इस दुर्भावनापूर्ण अभियान का करारा जवाब देंगें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा वे जानते हैं कि यह चुनाव एकतरफा होने वाला है इसलिए इन चुनावों को जीतने के लिए मुख्यमंत्री बघेल और कांग्रेस सरकार की छवि खराब करने के वास्ते एजेंसियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐजेंसी के लोग हर कांग्रेस नेता के दरवाजे पर पहुंच रही है। केंद्र सरकार को बताना चाहिए महादेव ऐप के खिलाफ कार्रवाई करने से उसे किसने रोका। मूल रूप से सट्टे में इस्तेमाल होने वाला यह एप दुबई से संचालित हो रहा है। यह स्पष्ट रूप से आपके डोमेन में है। आप इस ऐप के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। सिंघवी ने कहा सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में भाजपा बुरी हार की तरफ आगे बढ़ रही है। इसी के साथ भाजपा का ईडी के साथ गठबंधन भी बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसा कहने का कारण है: छत्तीसगढ़ पुलिस महादेव एप मामले में जांच शुरु करती है, बहुत सारी चीजें जब्त कर लेती है लेकिन डेढ़ साल बाद ठीक चुनाव के समय, मोदी सरकार के निर्देश पर ईडी मामले कूद जाती है। उन्होंने कहा ईडी के कूदते ही छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों पर प्रताड़ना का दौर शुरू होता है।

## अंग्रेजों को देश से भगाने वाली कांग्रेस मोदी से नहीं डरेगी: खड़गे



**एजेंसियां**

**बालाघाट:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विधानसभा चुनाव वाले राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग की कार्रवाई का जिक्र करते हुए आज कहा कि देश से अंग्रेजों को भगाने वाली कांग्रेस 'मोदी' से डरने वाली नहीं है। खड़गे मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ और पार्टी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला भी मौजूद थे। खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव वाले राज्य छत्तीसगढ़ और राजस्थान में केंद्रीय एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारों पर कार्रवाई कर रही है। लेकिन 'मोदी' जान लें, कांग्रेस ने अंग्रेजों से देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और उन्हें देश से खदेड़ दिया। ऐसी कांग्रेस इस तरह की कार्रवाइयों और 'मोदी' से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता इन कार्रवाइयों के बारे में सब जानती है और वह भाजपा को जवाब भी देगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा में प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के पक्ष में नारे लगने पर संबंधित कार्यकर्ताओं से कहा कि अब समय कम बचा है और सबको मिलकर कार्य करने की जरूरत है। इसी स्थिति में कांग्रेस जीतेगी। उन्होंने कहा कि कमलनाथ अभी प्रदेश अध्यक्ष हैं और आने वाले समय में वे आगे 'कुछ और' बनने वाले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर पार्टी ने वचनपत्र में जो भी वादे किए हैं, वे पूरे किए जाएंगे। उन्होंने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी हमले बोले और कहा कि राज्य में इतने लंबे समय तक सरकार में रहने के बावजूद भाजपा प्रदेश का विकास नहीं कर पायी, तो ये लोग देश क्या चला पाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों की भी आलोचना की और कहा कि कांग्रेस देश बचाने की लड़ाई लड़ रही है।

## कमलनाथ आए तो बंद हो जाएगी लाड़ली बहना और किसान सम्मान निधि योजना: शाह

**एजेंसियां**



**करैरा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पूर्व आज कांग्रेस पार्टी और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस को शासन मिलता है तो वो बस अपना घर भरने का काम करती है और कमलनाथ राज्य में आए तो लाड़ली बहना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं बंद हो जाएंगी। शाह प्रदेश के शिवपुरी के करैरा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करने आए थे। उनके साथ पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस बार मध्यप्रदेश को बीमारू से बेमिसाल राज्य जिसने बनाया, उस डबल इंजन सरकार को चालू रखने के लिए वोट देना है। भाजपा ने सबके कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को शासन मिलता है तो वो अपना घर भरने का काम करती है। भाजपा विकास करती है। उन्होंने कमलनाथ से सवाल किया कि जब वे 2002 में प्रदेश छोड़ कर गए थे तो यहां का बजट कितना था और अब कितना है। उन्होंने राज्य सरकार के विकास कार्यों की गिनती भी कराई। उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर का स्मरण करते हुए कहा कि कांग्रेस ने जीवन भर उनका अपमान किया।

**कार्रवाई** > रूसी उपकरणों को खत्म करने के लिए तोपखाने, टैंक रोधी मिसाइलों और एफपीवी ड्रोन से जवाब

# यूक्रेन ने वुहलेदर पर रूस हमला को विफल कर दिया

- बारूदी सुरंग हटाने वाले कई टैंक
- नीदरलैंड यूक्रेन को 500 मिलियन यूरो के गोला-बारूद की आपूर्ति करेगा



**राष्ट्रीय खबर**

**कियेब:** यहां के एक सैन्य ब्लॉगर ने बताया है कि यूक्रेन के ब्लैक जापोरिज्ज़ियन्स की 72वीं सेपरेट मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के सैनिकों ने वुहलेदार मोर्चे पर आगे बढ़ने के रूसी आक्रमणकारियों के हालिया प्रयास को सफलतापूर्वक विफल कर दिया। यूक्रेनी इकाई ने दुश्मन के उपकरणों को नष्ट कर दिया, जैसा कि ब्लॉगर और स्वयंसेवक सेरही स्टर्नेंको द्वारा साझा की गई हमले की तस्वीरों से पता चला है। उपकरणों के बीच, बारूदी सुरंग हटाने वाले कई टैंक हैं, जो उसी रणनीति का उपयोग करते हैं जो अवदीवका पर आगे बढ़ने के शुरूआती दिनों में थे। यूक्रेनी सेना ने रूसी उपकरणों को खत्म करने के लिए तोपखाने, टैंक रोधी मिसाइलों और एफपीवी ड्रोन से जवाब दिया। यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने 2 नवंबर को पुष्टि की कि आक्रमणकारियों ने आगे बढ़ने का प्रयास किया था, और यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने सफलतापूर्वक हमले को विफल कर दिया था, जिससे दुश्मन को काफी नुकसान हुआ था।

दूसरी तरफ नेदरलैंड की रक्षा मंत्री काजसा ओलोंग्रेन ने कियेब की अपनी यात्रा के दौरान कहा कि नीदरलैंड यूक्रेन को 500 मिलियन यूरो के गोला-बारूद की आपूर्ति करेगा। ओलोंग्रेन के अनुसार, डिलीवरी 2024 के मध्य से पहले पूरी हो जाएगी। उन्होंने यह नहीं बताया कि नीदरलैंड यूक्रेन को कितने गोले भेजेगा। ओलोंग्रेन के सोशल मीडिया अकाउंट या डच रक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म पर गोला-बारूद की प्रतिज्ञा पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

ओलोंग्रेन ने 2 नवंबर को कीव में राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव से मुलाकात की। यूक्रेन के राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, उन्होंने यूक्रेन की अग्रिम पंक्ति की स्थिति, नीदरलैंड के आगे के रक्षा समर्थन और काला सागर में अस्थायी अनाज गलियारे पर चर्चा की। . हम यूक्रेन के समर्थन में महत्वपूर्ण समय पर अपनाए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए नीदरलैंड के आभारी हैं। ये निर्णय अन्य साझेदारों के लिए एक संकेत बन गए - जैसा कि पैट्रियट्स और एफ-16 के मामले में था। जेलेंस्की ने कहा, यह हमारी सेना, हमारे लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन है। बैठक पर रिपोर्टिंग करते हुए, जेलेंस्की के कार्यालय ने नीदरलैंड से गोला-बारूद पैकेज का भी उल्लेख नहीं किया। कियेब से पहले, ओलोंग्रेन उत्तरपूर्वी शहर खार्किव गए और एक अंतरराष्ट्रीय फोरेंसिक जांच टीम से मुलाकात की, और यूक्रेन में रूसी युद्ध अपराधों को उजागर करने में उनके काम पर चर्चा की। ओलोंग्रेन ने एक्स, पूर्व में ट्विटर पर कहा, सर्दी आने वाली है और रूस में युद्ध की भूख लगातार बढ़ती जा रही है, इसलिए मैंने यूक्रेन के लिए नीदरलैंड के समर्थन की पुष्टि की है ताकि वह लड़ाई जारी रख सके।

## न्यूज फटाफट

### रूस, म्यांमार संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करेंगे

**मॉस्को :** रूस की नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल निकोलाई येवमेनोव रूसी :म्यांमार नौसैनिक संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन में भाग लेने के लिए म्यांमार पहुंच गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने द्वारा शनिवार को जारी बयान में यह जानकारी दी गयी। मंत्रालय ने कहा, रूसी नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल निकोलाई येवमेनोव की म्यांमार संघ गणराज्य की यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा कार्यक्रम में म्यांमार के नेतृत्व, नौसेना बलों की कमान के साथ कई बैठकें और आधुनिक इतिहास में पहले रूसी-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भागीदारी, अभ्यास में शामिल युद्धपोतों का दौरा शामिल है। इसके साथ ही यात्रा योजना में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल है। मंत्रालय के अनुसार, रूसी प्रतिनिधिमंडल की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य रूस और म्यांमार के बीच नौसैनिक सहयोग को मजबूत करना है।

### पाकिस्तान में सैन्य अभियान में तीन सैनिकों की मौत, दो आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सैन्य अभियान में तीन पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गयी और दो आतंकवादी मारे गये हैं। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने शुक्रवार रात एक बयान में कहा कि उत्तर पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाकर्मियों का तीन अलग-अलग स्थानों पर आतंकवादियों से आमना सामना हुआ। आईएसपीआर ने कहा कि प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले के रोरी इलाके में चलाए गए सैन्य अभियान के दौरान एक आतंकवादी मारा गया और दो अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा कि मारा गया आतंकवादी प्रतिबंधित तहरीक :ए :तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़ा था और इलाके में एक हाई-प्रोफाइल घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। एक अन्य सैन्य अभियान के दौरान डेरा इस्माइल खान जिले के कुलाची इलाके में शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट में एक सैनिक की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरा अभियान प्रांत के लक्की मारवत जिले में शुरू हुआ था जहां आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो जवानों की मौत हो गयी और एक आतंकवादी मारा गया।

### फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष में मीडिया कवरेज के दौरान 36 पत्रकार मारे गए

**वाशिंगटन :** फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष के दौरान मीडिया कवरेज के समय रॉकेट हमलों में कम से कम 36 पत्रकार और मीडियाकर्मी मारे गए हैं। कमेटी टू प्रोटेक्ट जर्नलिस्ट्स (सीपीजे) ने एक बयान में यह जानकारी दी है। सीपीजे ने कहा, प्रारंभिक जांच से पता चला कि 07 अक्टूबर को दोनों पक्षों की ओर से युद्ध शुरू होने के बाद से शुक्रवार (03 नवंबर) तक अनुमानित 10,000 लोग मारे गए है, जिनमें कम से कम 36 पत्रकार और मीडिया कर्मी शामिल थे। गाजा और वेस्ट बैंक में 9,000 से अधिक फिलिस्तीनी की मौत हो गयी और इज़राइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। सीपीजे ने बताया कि मारे गए 36 मीडियाकर्मियों में 31 फिलीस्तीनी पत्रकार शामिल हैं। उन्होंने बताया, तीन नवंबर तक 36 पत्रकारों और मीडियाकर्मियों की मौत की पुष्टि की गई है। जिनमें से 31 फिलिस्तीनी, चार इजरायली और एक लेबनानी पत्रकार है और अन्य आठ पत्रकारों के घायल होने की सूचना मिली है। इसके अलावा तीन पत्रकार लापता बताए गए है और आठ पत्रकारों की गिरफ्तारी की भी रिपोर्ट समाने आ रही थी। गौरतलब है कि 07 अक्टूबर को फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ भारी पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। हमास के लडाकों ने इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या की और 250 से अधिक लोगों का अपहरण कर उनकों बंधक बनाया। इज़रायल ने हमले के बाद जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति को पूरी तरह से बंद कर दिया। इज़रायल ने 27 अक्टूबर को हमास के लड़ाकों का खात्मा करने और बंधकों को छुड़ाने के लिए गाजा पट्टी के अंदर बड़े पैमाने पर जमीनी जंग शुरू की।

### जर्मन के फ्रैंकफर्ट में फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शन, नौ लोगों को लिया हिरासत में

**फ्रैंकफर्ट :** जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एम मेन शहर में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शन में पुलिस ने नौ लोगों को हिरासत में लिया और कुछ प्रदर्शनकारियों से नाजी प्रतीकों को जब्त कर लिया गया है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार गाजा पट्टी में युद्धविराम के नारे लगाते हुए रैली कल दोपहर में शुरू हुई और शाम सात बजे के बाद समाप्त हुई। रैली में 850 लोग शामिल थे। जिनमें से पुलिस ने नौ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया और कुछ प्रदर्शनकारियों के हाथों में नाजी और इजरायल विरोधी पोस्टर देखे गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, कुल नौ लोगों को अस्थायी रूप से हिरासत में लिया गया। रैली में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नफरत भड़काने के संदेह के मामले में जांच शुरू की गई हैं।

### आज का इतिहास

- 1556 : पानीपत के दूसरे युद्ध में मुगल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
- 1630 : स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- 1678 : जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर कब्जा जमाया।
- 1811 : स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
- 1854 : क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
- 1870 : महान स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म हुआ।
- 1914 : इंग्लैंड और फ्रांस ने तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा की।
- 1920 : इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना।
- 1930 : अमेरिका के महान साहित्यकार सिन्क्लेयर लेविस को उनकी कृति बाबित्त के लिए साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- 1950 : ध्रुपद तथा खयाल गायन शैली के श्रेष्ठतम गायक फैयाज खां का निधन हुआ।
- 1951 : अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1976 : सोवियत संघ ने परमाणु परीक्षण किया।
- 1985 : तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरेरे ने 24 वर्ष तक शासन करने के बाद पद छोड़ा।
- 1995 : इजरायल के प्रधानमंत्री यित्जाक रॉबिन की गोली मारकर हत्या।
- 1999 : वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज़ मैल्कम मार्शल का निधन हुआ।
- 2001 : भारत तथा रूस ने अफगानिस्तान सरकार में तालिबान की भागीदारी नामंजूर की।
- 2002 : ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी ने जेल में बंद देश के शीर्ष असंतुष्ट नेता अब्दुल्ला नूरी को माफी दी।
- 2006 : इराक के उच्चाधिकार न्यायाधिकरण ने देश के अपदस्थ राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को मानवता के ख़िलाफ़ अपराध का दोषी पाते हुए फांसी की सज़ा सुनाई।
- 2008 : प्रसिद्ध फिल्म निर्माता निर्देशक बी. आर. चोपड़ा का निधन हुआ।
- 2011 : प्रख्यात संगीतकार, गायक, अभिनेता और फिल्म निर्देशन भूपेन हज़ारिका का निधन हुआ।
- 2013 : भारत ने पहले मंगल अभियान की शुरुआत की और पहले ही प्रयास में देश का मंगलयान अपने मिशन में सफल हुआ।
- 2015 : ब्राजील के मिनस गेरैस प्रांत में एक लौह अयस्क टेलिंग बांध टूटने से आयी बाढ में और भूस्खलन से कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई और दो लापता हो गए।

## किशोरगंज चौक गोलीकांड के पांच आरोपियों ने किया सरेंडर

रांची: हरमू रोड के किशोरगंज चौक के पास बीते 24 अक्टूबर को अपराधियों ने दिनेश सिंह नाम के युवक को गोली मार दी थी। घटना के बाद कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। पुलिस की दबिश से परेशान होकर इस घटना में शामिल राहुल जायसवाल, आयुष समेत पांच आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया।

**बेहाल** इमरजेंसी में भर्ती मरीजों के परिजनों को बाहर से खरीदनी पड़ रही दवाएं

# रिम्स में कई जरूरी दवाओं का स्टॉक खत्म

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रबंधन के द्वारा आए दिन कई दिशा निर्देश दिए जाते हैं, ताकि रिम्स में आने वाले गरीब मरीजों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े, लेकिन फिर भी मरीजों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।पिछले दिनों रिम्स के निदेशक ने निर्देश दिया था कि अब इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को बाहर से दवा खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी। निदेशक ने पदाधकारियों को स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि इमरजेंसी में तैनात कोई भी चिकित्सक मरीजों को बाहर से दवा खरीदने के लिए कहेंगे तो उनके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जारी किए गए निर्देश में यह भी कहा गया था कि यदि कोई आवश्यक दवा रिम्स के स्टोर में नहीं रहे तो




उसके लिए सीएमओ और नर्सिंग स्टाफ से लिखित अनुमति के बाद ही मरीज बाहर से दवा खरीद सकते हैं, लेकिन कागजों पर जारी किया गया निर्देश धरातल पर नहीं दिख रहा है। क्योंकि आज भी कई मरीजों को दवा के लिए बाहर भटकना पड़ रहा है। इस संबंध में रिम्स के आईसीयू में भर्ती एक मरीज के परिजन मनु कुमार ने बताया कि कई ऐसी दवा हैं जो रिम्स के स्टोर में उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए उन्हें मजबूरी में कई दवा बाहर से खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन हजारों रुपए की दवा उन्हें बाहर से खरीदनी पड़ती है, क्योंकि रिम्स अस्पताल में दवाएं फिलहाल उपलब्ध नहीं हैं।वहीं रिम्स के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती गढ़वा जिले से आये एक मरीज के परिजन मुख्तार अंसारी ने कहा कि कई दवाइयां तो अस्पताल में मिल जाती हैं, लेकिन कुछ दवा के लिए अस्पताल के बाहर जाना पड़ता है।वहीं मरीजों की परेशानी को देखते हुए ईटीवी भारत ने जब रिम्स के चिकित्सक सह स्टोर कीपर डॉ राकेश रंजन से बात कि तो उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए सारी दवाएं उपलब्ध करा दी गई हैं। रिम्स इमरजेंसी में फिलहाल 40 प्रकार की सभी इमरजेंसी दवाएं उपलब्ध हैं। जो दवाई उपलब्ध नहीं है उसे भी जल्द से जल्द लाने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि मरीजों को दवा के लिए अस्पताल से बाहर ना जाना पड़े।गौरतलब है कि निदेशक के निर्देश के बाद इमरजेंसी में दवा उपलब्ध कराने का प्रयास जारी है, लेकिन अब देखने वाली बात होगी कि कब तक रिम्स के मरीजों को अस्पताल में ही सारी दवा मिल पाती हैं।

## थाना में आत्महत्या करने वालों के परिजनों को मिलेगा मुआवजा

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** पुलिस थाना में आत्महत्या करने वाले तीन व्यक्तियों के परिजनों को मुआवजा मिलेगा। मानवाधिकार आयोग के अनुशंसा के बाद गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक, दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना में आत्महत्या करने वाले आशीष टुडू और रांची जिले के अरगोड़ा थाना में आत्महत्या करने वाली पूजा कुमारी व गरिफ्तार आलम के आश्रितों को पांच-पांच लाख का मुआवजा दिया जायेगा। रांची के अरगोड़ा थाना में 14 मार्च 2016 को गोड्डा जिले की रहने वाली पूजा कुमारी और गफार खान ने आत्महत्या की थी। गोड्डा पुलिस ने दोनों को हरमू से गिरफ्तार किया था और उन्हें अरगोड़ा थाने में रखा था। सुबह उन्हें कोर्ट में पेशी के लिए ले जाया जाता। इससे पहले ही दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। हिरासत में लिये गये आशीष टुडू ने दुमका जिले शिकारीपाड़ा थाना के क्वार्टर में सात अगस्त 2019 की सुबह गमछा के सहारे फांसी लगा ली थी। पुलिस ने मलूटी के बेलबुनी गांव से पाकुड़ के जयराम भगत और आशीष टुडू को हिरासत में लिया था। जयराम को हाजत में और आशीष को थाना परिसर के एक क्वार्टर में रखा गया था। लेकिन अगले दिन सुबह आशीष फंदे से लटकता मिला था।

## थाईलैंड को मलेशिया ने 1-0 से किया पराजित



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 टूनार्मेंट में शनिवार को पहला मैच मलेशिया और थाईलैंड के बीच खेला गया। मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में मलेशिया ने पहले ही क्वार्टर के शुरूआती दो मिनट के भीतर 1 गोल दाग दिया। टीम के लिए यह गोल नूरमैजतूल साइफी ने किया.इसके बाद दूसरे और तीसरे क्वार्टर में एक भी गोल किसी टीम की ओर से नहीं हुआ. चौथे और आखिरी क्वार्टर में थाईलैंड ने गोल अंतर को पाटने को पूरी कोशिश की पर अंततः मलेशिया की 1-0 से जीत हुई. टूनार्मेंट में पांचवें और छठे पोजिशन के लिए इस मैच में आखिरकार थाईलैंड सबसे निचले पायदान पर रहा। उसे टूनार्मेंट में एक भी जीत नसीब नहीं हुई.शनिवार को आयोजित पहले मैच के दौरान विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, हॉकी इंडिया के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आरके श्रीवास्तव सहित अन्य भी उपस्थित थे. टूनार्मेंट में अब सबकी नजरें चीन और जापान तथा भारत- कोरिया के बीच होनेवाले दूसरे सेमीफाइनल मैच पर हैं.मैच शुरू होने से पूर्व इंटरनेशनल हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखंड में इस खेल को लेकर जबरदस्त क्रेज देखने को मिला है। झारखंड के साथ साथ इस देश में हॉकी को लेकर दीवानगी है। आने वाले समय में झारखंड में और भी बड़े इवेंट होंगे। रांची में वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के जरिये बड़ा मंच मिला है।

## आदिवासी युवा महोत्सव 26 से, सीएम को दिया आमंत्रण



रांची : आदिवासी युवा महोत्सव का आयोजन 26 और 27 नवंबर को होगा। महोत्सव को सफल बनाने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। शनिवार को आयोजकों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया। आयोजक टीम टीवाईएफ के सदस्यों ने बताया कि इस महीने के 26 और 27 नवंबर को रांची के दीक्षांत मंडप में होने वाले आदिवासी युवा महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आदिवासी युवा महोत्सव पिछले वर्ष से भी बेहतर करने की कोशिश की जा रही है। आयोजन की व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री से भी वार्ता की गई।

## केंद्रीय गृह मंत्रालय की सूचना पर हुई कार्रवाई

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बीते शुक्रवार को ईडी की छापेमारी यूं ही नही पड़ा। पुख्ता सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय की टीम रांची आयी थी। गृह मंत्रालय की टीम को इस बात की भनक लगी थी कि जेल में बंद मनीलॉड्रिंग के आरोपी और नक्सली ईडी अधिकारियों के विरुद्ध साजिश रच रहे हैं। भनक लगते ही गृह मंत्रालय की टीम ने रांची पहुंच मामले की जांच की और ईडी को आगाह किया।इसके बाद ईडी की टीम ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में शुक्रवार को छापेमारी की। इस प्रकरण को गृह मंत्रालय ने भी गंभीरता से लिया है। बताया जाता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा इस संबंध में एक पत्र भी राज्य पुलिस को भेजा गया है, जिसमें ईडी अफसरों की सुरक्षा को लेकर




निर्देश दिया गया है। जिसके बाद से ईडी के अधिकारियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ईडी अफसरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय सुरक्षा बल सीआईएसएफ को दी गई है।ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिये जेल में बंद मनीलॉड्रिंग के आरोपी नक्सली से लेकर गैंगस्टर तक से संपर्क में था। इसके अलावे फर्जी मुकदमें के लिये महिला को भी तैयार किया था। ईडी अब उस महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है। इसके अलावे जेल में बंद नक्सली और गैंगस्टर पर भी नजर रख रही है। ईडी के अधिकारी को नुकसान पहुंचाने के लिये प्रेम प्रकाश एंड कंपनी नक्सली और गैंगस्टर से भी संपर्क साध लिया था। रांची जेल में बंद गैंगस्टर के एक गुर्गे से इस बाबत आरोपियों ने बैठकर प्लानिंग भी की थी। हालांकि इससे पूर्व ईडी को इसकी भनक लग गई थी।जानकारी के मुताबिक जेल में बंद मनीलॉड्रिंग के आरोपी जेल प्रशासन की मदद से जेल नियम की धज्जियां उड़ा रहे है। जेल में बंद आरोपी एप्पल के फेस टाइम एप के जरिए बाहर के लोगों के संपर्क में आए थे। प्रेम प्रकाश के बाहरी सहयोगियों का आना जाना लगा रहता है। जेल में लगे सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने के सबूत ईडी को मिले है। पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश समेत मनी लॉड्रिग के आरोपी को वहां जेल नियम के विरुद्ध सुविधा दी जा रही है। इससे जुड़े सीसीटीवी फुटेज नष्ट किये जाने की जानकारी ईडी को मिली है। ईडी का दावा है कि ईडी के अधिकारियों को नुकसान पहुंचाने के लिये नक्सलियों से मदद ली जा रही है। साजिश के खतरे को लेकर ईडी ने गृह मंत्रालय को अवगत कराया है। केद्र सरकार पूरे मामले को गंभीरता से लिया है।

## अवैध रूप से चल रहे मटका जुआ का हुआ खुलासा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** रांची के कांके थाना क्षेत्र से पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अवैध रुप से चल रहे मटका जुआ का उद्भेन करते हुए पुलिस ने बड़ी कारवाई की है। इस कारवाई में पुलिस ने मटका किंग के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से जुआरियों पर कारवाई की है। अवैध तरीके से चल रहे मटका जुआ का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी की अवैध रुप से मटका जुआ का खेल चलाया जा रहा है। जिसके



बाद पुलिस ने तुरतं कारवाई करते हुए कारवाई की। जहां मटका जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की कारवाई में मटका किंग आनंद वर्मा के गुर्गों को गिरफ्तार किया है। कांके थाना की पुलिस ने दो लग्जरी कार सहित कैश और मोबाइल के साथ साथ कैलकुलेटर बरामद किया है। पुलिस की जांच में खुलासा हुआ है कि मटका किंग आनंद वर्मा के इशारे पर मटका जुआ चलाया रहा था। आनंज वर्मा के मटका संचालन करने को लेकर रांची पुलिस ने अपराधी पर सीसीए लगाया हुआ है। इस वजह से सुखदेव नगर थाना में प्रत्येक रविवार आनंद वर्मा हाजरी लगाता है। पुलिस द्वारा कांके थाना से पांचों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है। आनंद वर्मा सहित अन्य के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया गया है।

## नि:शुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन

रांची : मेदांता लैब नेवरी चौक में शनिवार को नि :शुल्क बल्ड जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास गांवों के लोगों ने अपना ब्लड जांच निशुल्क कराया। इस अवसर पर मेदांता लैब के डायरेक्टर रेहान अंसारी ने बताया कि शिविर में 54 लोगों ने अपना बल्ड जाँच मपुत में कराया। शिविर में अनुभवी लैब टेक्नीशियनों की टीम द्वारा बल्ड सैंपल लिया गया और सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल मेदांता अस्पताल इरबा लैब में बल्ड सेंपल भेजा गया। शिविर में दर्जनों तरह के ब्लड जांच निशुल्क किया गया। बीमारी से ग्रस्त लोगों ने निशुल्क ब्लड जांच करा कर खुशी महसूस किया।

## कुम्हार की चाक तेजी से घूमने लगी है लेकिन कमाई की उम्मीद नहीं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** एक साल के बाद कुम्हार के लिए दीपावली खुशी की सौगात लेकर आती है साल भर की कमाई इसी मिट्टी के दिए से कमाने की जुगत में लगे कुम्हार अब तेजी से मिट्टी के दिया बना रहे हैं लेकिन इस चाक की गति को चाइनीस खिलौने और इलेक्ट्रिक लाइट द्वारा इनके सपनों को चकनाचूर कर दे रहे हैं तेजी से अब कुम्हार चक चला कर मिट्टी के दिए बना रहे हैं इसके साथ ही मिट्टी के खिलौने मिट्टी के चुके इत्यादि शामिल है रांची सालभर के इंतजार के बाद दीपावली में एक बार फिर कुम्हार की मेहनत रंग लाएगी। उनके भी आंगन में मां लक्ष्मी खुशियों की सौगात लेकर आएगी। उनके बच्चों को भरपूर मिठाई मिलेगी और वह पटाखे भी जलाएंगे। दीपावली में महज कुछ ही दिन शेष बचे हैं। कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुटे हुए हैं। उनके चाक काफी तेजी से घूमने लगा है।



परिवार के सभी लोग मिट्टी के दीपक बनाने में व्यस्त हैं। घर के मुखिया चाक को तेजी से घुमा रहा है तो कोई मिट्टी को सान्ने में लगा है और कोई दीये को सुखाने में। सभी को इस बार अच्छी-बिक्री की उम्मीदें हैं। उम्मीद यह भी कि इस बार उनकी दीपावली रोशन रहेगी। 80 से 100 रुपये पर बिक रहा है दीया मध्यम आकार का दीया - 80 रुपये औसत आकार का दीया-100 रुपये छोटा आकार का दीया - 50-60 रुपये डिजाइनर दीये - 100-140 रुपये ग्वालिन- 120 - 150 रुपये मिट्टी का खिलौना- 20-40 रुपये घर सजाने वाला मिट्टी का झालर-200-300 रुपये मिट्टी का लालटेन- 300-450 रुपये दीये का उत्पाद छोड़ बिक्री में जुटे हैं कुम्हार राजधानी में कई ऐसे कुम्हार परिवार है, जो दशकों पहले ही चाक चलाना छोड़ दिया है। कारण स्पष्ट है कि उन्हें अपनी मेहनत का उचित मुनाफा नहीं मिल पाता था। अब वे लोग उत्पादन के जगह बिक्री का काम शुरू कर दिये हैं। बाहर से बने-बनाये मिट्टी के सामान मंगा कर कुछ मुनाफा पर स्थानीय विक्रेता को बेच देते है। इससे सरकार को उत्पाद पर होने वाला मुनाफा समाप्त हो गया है। हुंबई के निवासी राम रतन प्रजापति ने बताया की जब से चीनी समान भारत में बिकने लगे हैं हम लोग का व्यापार काफी प्रभावित हुआ है हर साल दिया बच जा रहे है पूरा परिवार के सदस्य इस कार्य में जुटे हैं लेकिन समुचित आएं नहीं होती है फिर भी पारंपरिक उनका यह व्यवसाय है इसलिए यह काम करना पड़ता है इसके अलावा दूसरा कोई हुनर नहीं है दिवाली के बाद के समय सुराही घड़ा इत्यादि बेचकर जीवन यापन करते हैं लेकिन इसमें भी आए नहीं के बराबर होती है।

